वार्षिक प्रतिवेदन
2022-23

भारतीय ताराभौतिकी संस्थान

कोरमंगला, बेंगलुरु - 560 034

(विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत स्वायत्त संस्थान, भारत सरकार)

भारतीय ताराभौतिकी संस्थान

वार्षिक प्रतिवेदन

2022-2023

भारतीय ताराभौतिकी संस्थान

वार्षिक प्रतिवेदन

2022-2023

सम्पादन : निरुज मोहन रामानुजम

हिंदी अनुवाद तथा सम्पादकीय सहयोग : एस. राजनटेसन, रवि जोशी, अर्चना सोम, वागीश मिश्रा, रविन्द्र बन्याल, सुधांशु बार्वे, विक्रांत पुलमति

निदेशक, भारतीय ताराभौतिकी संस्थान, सरजापुर रोड, बेंगलूर 560034, भारतकी ओर से प्रकाशित।

मुख पृष्ठ आवरण : भारतीय खगोलीय वेधशाला, हनले में ग्रोथ इंडिया दूरबीन से प्रेक्षित तारा-चरण (सौजन्य: दोरजे अंगचुक) तथा अक्तूबर 25, 2022 को हनले (सौजन्य: सेवांग स्टैनज़िन) में प्रेक्षित आंशिक सूर्य ग्रहण अनुक्रम।

पार्श्व पृष्ठ आवरण : आइआइए परिसरों को दर्शाने वाला एक संग्रथित चित्र।
पहला स्तंभ: आइआइए मुख्यालय; हिमालयन चन्द्रा दूरबीन, हनले; एसएमपी, क्रेस्ट पर टीएमटी राउंडेल।
मध्य स्तंभ: क्रेस्ट पर दृश्यमान उत्सर्जन रेखा किरीटलेखी; कावलूर में वीबीटी दूरबीन; गौरीबिदुनूर में द्विध्रुव सारणी।
दायां स्तंभ: कोडाइकनाल सौर वेधशाला; पराबैंगनी प्रतिबिंब दूरबीन; मेरक में Hα दूरबीन।

मुद्रण एवम् संसाधन : वैकट प्रिंट्स प्राइवेट लिमिटेड, बेंगलोर।

अनुक्रमणिका

अधिशासी परिषद ..... **iv**

वैज्ञानिक सलाहकार समिति ..... **vi**

संस्थान के पदाधिकारी ..... **viii - x**

1 **समीक्षाधीन वर्ष** 1–2

2. **शोध विशिष्टताएं** 3–34

- 2.1 सूर्य तथा सौर परिवार
- 2.2 तारकीय तथा मंदाकिनीय ताराभौतिकी
- 2.3 बाह्यमंदाकिनीय खगोल-विज्ञान
- 2.4 सैद्धान्तिक ताराभौतिकी एवम् ब्रह्मांडिकी
- 2.5 प्रायोगिक ताराभौतिकी तथा मापयंत्रण

3. **छात्रों के कार्यक्रम तथा शिक्षण गतिविधियां** 35–38

- 3.1 विद्या-वाचस्पति (Ph.D) की उपाधि
- 3.2 विद्या-वाचस्पति (Ph.D) शोध-प्रबंध का प्रस्तुतीकरण
- 3.3 प्रौद्योगिकी निष्णात (M.Tech) का समापन
- 3.4 छात्र कार्यक्रम और प्रशिक्षण गतिविधियां
- 3.5 पुरस्कार तथा सम्मान

4. **वेधशालाएं तथा सुविधाएँ** 39–53

- 4.1 वेधशालाएँ
  - 4.1.1 भारतीय खगोलीय वेधशाला (आईएओ)
  - 4.1.2 कोडाइकनॉल सौर वेधशाला (केएसओ)
  - 4.1.3 वेणु बप्पु वेधशाला (वीबीओ)
  - 4.1.4 गौरीबिदुनूर रेडियो वेधशाला (जीआरओ)
- 4.2 पराबैंगनी प्रतिबिंब दूरबीन
- 4.3 अंतरिक्ष पेलोड समूह
- 4.4 क्रेस्ट परिसर
- 4.5 पुस्तकालय
- 4.6 उच्च निष्पादन संगणन

5. **आगामी सुविधाएं** 54–60

- 5.1 तीस मीटर दूरबीन
- 5.2 आदित्या (एल 1) पर दृश्य उत्सर्जन रेखा किरीटलेखी

5.3 भारतीय स्पेक्ट्रमदर्शी तथा प्रतिबिंब अंतरिक्ष दूरबीन (इन्सिस्ट)
5.4 राष्ट्रीय बृहत् सौर दूरबीन (एनएलएसटी)
5.5 राष्ट्रीय बृहत् प्रकाशिक-निकट अवरक्त दूरबीन (एनएलओटी)
5.6 भारतीय बृहत स्पेक्ट्रमदर्शी अन्वेषक (आईएलएसई)

6. अभियांत्रिकी निकाय समूह 61–69
6.1 इलेक्ट्रॉनिक्स अभियांत्रिकी प्रभाग
6.2 यांत्रिक अभियांत्रिकी प्रभाग
6.3 प्रकाशिकी प्रभाग
6.4 इलेक्ट्रिकल अभियांत्रिकी प्रभाग
6.5 सिविल अभियांत्रिकी प्रभाग

7. विज्ञान संचार, आउट्रीच गतिविधियां तथा शिक्षण 70–84
7.1 व्यापक सार्वजनिक कार्यक्रम
7.1.1 राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2023
7.1.2 ग्रहण का सीधा प्रसारण
7.1.3 सार्वजनिक प्रदर्शनियां
7.2 संसाधन सामग्री निर्माण
7.3 सार्वजनिक व्याख्यान
7.4 संवावदाता सम्मेलन, मीडिया उपस्थिति तथा सामुहिक मीडिया
7.5 क्षेत्रीय केन्द्रों में गतिविधियां
7.6 हनले अदीप्त आसमान रक्षित स्थल
7.7 कॉसमॉस मैसूरु आउटरीच
7.8 दूत ई-पत्रिका

8 विशेष व्याख्यान, संगोष्ठी, औपचारिक वार्तालाप तथा सम्मेलन 85–92
8.1 संस्थापक दिवस व्याख्यान
8.2 स्थापना दिवस व्याख्यान
8.3 वेणु बप्पू स्मारक व्याख्यान
8.4 आंतरिक संगोष्ठी
8.5 संस्थान में आयोजित औपचारिक वार्तालाप
8.6 संस्थान में आयोजित सम्मेलन

9 अन्य वैज्ञानिक गतिविधियां 93–103
9.1 बाह्य बैठकों में व्याख्यान
9.1.1 आमंत्रित व्याख्यान
9.1.2 योगदान व्याख्यान
9.2 आईआईए की बैठकों में व्याख्यान
9.3 अन्य संस्थानों में व्याख्यान
9.4 सार्वजनिक व्याख्यान
9.5 पुस्तक, आउटरीच लेख
9.6 पुरस्कार, सम्मान, व्यावसायिक सदस्यता, संपादकत्व

9.7 बाह्यत: वित्तपोषित परियोजनाएं
9.8 बाह्य छात्रों हेतु मार्गदर्शन
9.9 समौझता ज्ञापन (एमओयू)
9.10 कार्यशाला, सम्मेलन, सत्र, अन्य कार्यक्रम
9.11 डीएसटी मीडिया विज्ञप्ति
9.12 कॉस्मोस मैसूरु

10 **प्रकाशन** 104–120
10.1 जर्नल में
10.2 सम्मेलन कार्यवाहियां
10.3 तकनीकी रिपोर्ट, मोनोग्राफ्स, परिपत्र, ए-टेल
10.4 गैर-आई आई ए के प्रयोक्ताओं द्वारा एचसीटी प्रकाशन

11 **विविध संस्थागत गतिविधियां** 121–123
11.1 राजभाषा कार्यान्वयन (ओएलआई)
11.2 अ.जा./अ.ज.जा. तथा दिव्यांग कर्मचारियों का कल्याण
11.3 आंतरिक शिकायत समिति
11.4 लिंगमैत्री एकक
11.5 अन्य संस्थागत कार्यक्रम

11 **कर्मचारियों की सूची** 124–125

12 **लेखा व परीक्षण रिपोर्ट** 126–144

अधिशासी परिषद्

फरवरी 27, 2023 तक

प्रो. ए.सी. पाण्डे	अध्यक्ष निदेशक आईयूएसी, नई दिल्ली
श्री वी. कोटेश्वर राव	सदस्य भूतपूर्व निदेशक एस्ट्रोसेट, इसरो
प्रो. एस.के. घोष	सदस्य भूतपूर्व केन्द्र निदेशक, एनसीआरए, पुणे
डॉ. अनिल भारद्वाज	सदस्य निदेशक, पीआरएल, अहमदाबाद
डॉ. अनिल के. पाण्डे	सदस्य भूतपूर्व निदेशक, एरीस, नैनीताल (दिवंगत, अप्रैल 2021)
डॉ. सोमक रायचौधुरी	सदस्य निदेशक, आईयूसीएए, पुणे
सचिव, डीएसटी अथवा उनके प्रतिनिधि	सदस्य
वित्तीय सलाहकार अथवा उनके प्रतिनिधि	सदस्य
निदेशक, आईआईए	सदस्य सचिव

फरवरी 27, 2023 से

डॉ. के. राधाकृष्णन	अध्यक्ष भूतपूर्व अध्यक्ष, इसरो
प्रो. दिपांकर भट्टाचार्या	सदस्य आईयूसीएए, पुणे
प्रो. जयराम चेंगलुर	सदस्य निदेशक, टीआईएफआर, मुम्बई
डॉ. सीता एस.	सदस्य भूतपूर्व निदेशक, एसएसपीओ, इसरो, बेंगलूरु
डॉ. अभय पाशिलकर	सदस्य निदेशक, एनएएल, बेंगलूरु
डॉ. अनिल भरद्वाज	सदस्य निदेशक, पीआरएल, अहमदाबाद
सचिव, डीएसटी अथवा उनके प्रतिनिधि	सदस्य
वित्तीय सलाहकार अथवा उनके प्रतिनिधि	सदस्य
निदेशक, आईआईए	सदस्य
प्रशासनिक अधिकारी, आईआईए	गैर-सदस्य सचिव

वैज्ञानिक सलाहकार समिति

प्रो. डेविड लैंबर्ट	अध्यक्ष पूर्व निदेशक, मेक डोनाल्ड ऑब्जर्वेटरी, यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास, यूएसए
प्रो. अजित केमभावी	सह-अध्यक्ष भूतपूर्व निदेशक, खगोल शास्त्र एवं खगोल भौतिकी अंतर-विश्वविद्यालय केन्द्र, पुणे, भारत
प्रो. जॉन लेबचेर	सदस्य सौर ताराभौतिज्ञ, राष्ट्रीय सौर वेधशाला, यूएसए
प्रो. लुइस हो	सदस्य निदेशक, खगोल विज्ञान एवं खगोल भौतिकी कावली संस्थान, पेकिंग विश्वविद्यालय, बीजिंग, चीन
प्रो. स्वर्णा घोश	सदस्य भूतपूर्व केन्द्र निदेशक, राष्ट्रीय रेडियो खगोल भौतिकी केनद्र, पुणे
डॉ. सीता एस.	सदस्य भूतपूर्व कार्यक्रम निदेशक, अंतरिक्ष विज्ञान कार्यक्रम कार्यालय, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन, भारत
प्रो. सिराज हसन	सदस्य भूतपूर्व निदेशक, भारतीय ताराभौतिकी संस्थान, भारत
निदेशक, आईआईए	संयोजक

मानद अधिसदस्य

डॉ. के. कस्तुरिरंगन
रमन शोध संस्थान, बेंगलूरु, भारत

प्रो. डेविड एल लैंबर्ट
खगोल-विज्ञान विभाग, आरएलएम 16.204 टेक्सास विश्वविद्यालय, ऑस्टिन, टीएक्स 78712-1083, यूएसए

प्रो. पी. बुफोर्ड प्राइस
भौतिकी विभाग, कैलिफोर्निया बर्कले विश्वविद्यालय, सीए 94720, अमेरिका

*** प्रो. एस.चन्द्रशेखर, नोबेल पुरुस्कार विजेता** (1995)

*** प्रो. आर.एम.वॉकर, एफआरएस** (2004)

*** प्रो. हरमनबोण्डी, एफआरएस** (2005)

*** प्रो. वी.राधाकृष्णन** (2011)

*** प्रो. एम.जी.के.मेनन, एफआरएस** (2016)

*** प्रो. बी.वी. श्रीकान्तन** (2019)

*** प्रो. सर अर्नाल्ड वोल्फेन्डेल, एफआरएस** (2020)

*दिवंगत

संस्थान के पदाधिकारी

निदेशक
प्रो. अन्नपूर्णी सुब्रमणियम



संकायाध्यक्ष
प्रो. बी. ईस्वर रेड्डी



अध्यक्ष : जीसी-I : सूर्य और सौर परिवार
प्रो. आर. रमेश

अध्यक्ष : जीसी-II : तारा व मंदाकिनी
प्रो. गजेन्द्र पाण्डे

अध्यक्ष : जीसी-III : सैद्धांतिक ताराभौतिकी
प्रो. सुजन सेन्गुप्ता

प्रधान : अभियांत्रिकी निकाय समूह
(अगस्त 7, 2022 तक)
श्री पी.के. महेश

प्रधान : अभियांत्रिकी निकाय समूह
(अगस्त 8, 2022 से)
डॉ. नागभूषण एस.

अध्यक्ष : स्नातक अध्ययन मंडल
डॉ. महेस्वर गोपीनाथन

प्रशासनिक अधिकारी
श्री श्रीपति के.

प्रधान अपीलीय प्राधिकारी
प्रो. आर. रमेश

केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी एवं संपर्क अधिकारी, आरटीआई
(अगस्त 28, 2022 तक)
श्री पी.के. महेश

केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी एवं संपर्क अधिकारी, आरटीआई
(अगस्त 29, 2022 से)
श्री पी.एम.एम. केम्कर

सतर्कता अधिकारी
प्रो. सी.एस. स्टालिन

अध्यक्षा : यौन उत्पीडन के निमित्त आंतरिक शिकायत समिति एवं शिकायत कक्ष
प्रो. प्रवाबती चिंगंगबम

अध्यक्षा : शिकायत कक्ष
प्रो. सिवरानी तिरुपति

प्रधान : विज्ञान संचार, सार्वजनिक विज्ञान प्रचार तथा शिक्षण अनुभाग
डॉ. निरुज मोहन रामानुजम

अध्याय 1

समीक्षाधीन वर्ष

मुझे वर्ष 2022-23 की अवधि के दौरान भारतीय ताराभौतिकी संस्थान की उपलब्धियों को संक्षेप में बताते हुए बहुत खुशी हो रही है। खगोल-विज्ञान, ताराभौतिकी तथा संबंधित क्षेत्रों में हमारे अनुसंधान को आगे बढ़ाने के अधिदेश के साथ संस्थान दिनरात के खगोल-विज्ञान हेतु प्रेक्षणीय सुविधाओं के साथ कई क्षेत्रीय केन्द्र संचालित करता है।

पिछले वर्ष संस्थान के इतिहास में महत्वपूर्ण उपलब्धियां प्राप्त की गईं। संस्थान की उत्पत्ति वर्ष 1792 में मद्रास में स्थापित एक वेधशाला के रूप में हुई, जिसे वर्ष 1899 में कोडाइकनाल वेधशाला बनाने हेतु कोडाइकनाल में स्थानांतरित कर दिया गया था। पिछले 124 वर्षों से देश के सौर शोधकर्ता भू-आधारित भारतीय सुविधाओं का उपयोग कर रहे हैं, जिनमें संस्थान की कोडाइकनाल और गौरिबिदुनूर वेधशालाएं शामिल हैं। इस वर्ष की शुरुआत में हमने इसरो को आदित्या-एल1 अंतरिक्ष यान में एकीकरण करने हेतु दृश्य उत्सर्जन रेखा किरीटलेखी (वीईएलसी) का प्रतिमान हस्तांतरण किया। आईआईए में वीईएलसी दल द्वारा परिरूपित, विकसित, एकीकृत तथा परीक्षित वीईएलसी सूर्य का अध्ययन करने वाला पहला अंतरिक्ष-आधारित उपकरण होगा तथा संस्थान द्वारा निर्मित दूसरी अंतरिक्ष-आधारित दूरबीन होगी। आदित्य-एल1 मिशन पर संयुक्त अन्य वैज्ञानिक उपकरणों के साथ हम अगले वर्ष इसके प्रेक्षण तथा शीघ्र विमोचन की आशा करते हैं।

वर्ष 2022 के संस्थापक दिवस का व्याख्यान अगस्त 10 को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के पूर्व सचिव डॉ. रामसामी द्वारा प्रदान किया गया। उन्होंने युवा पीढ़ी में डॉ. बप्पू की प्रेरणा तथा वैज्ञानिक खोज की उत्सुकता को फिर से जगाने की आवश्यकता पर आग्रह किया। वर्ष 2023 के स्थापना दिवस का व्याख्यान रक्षा मंत्री के सलाहकार और डीआरडीओ के पूर्व सचिव डॉ. सतीश रेड्डी द्वारा प्रदान किया गया। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत बनने की आवश्यकता पर आग्रह किया। स्थापना दिवस का व्याख्यान दो दिवसीय आंतरिक कार्यक्रम का हिस्सा था जिसमें सुविधा तथा कार्यक्रम अद्यतनों के साथ कई वैज्ञानिक व्याख्यान शामिल थे। छात्रों और पोस्ट-डॉक्टरल अध्येताओं द्वारा पद्रर्शित इश्तहारों की कतार को देखकर खुशी हुई।

संस्थान ने माह दिसंबर 2022 में वेणु बप्पू वेधशाला में दो दिवसीय कार्यक्रम के रूप में 1-मीटर दूरबीन के संचालन के 50 वर्ष पूरे होने का समारोह मनाया। इस दूरबीन का निर्माण कार्ल-ज़ीस द्वारा किया गया तथा इसे चयनित स्थल पर गुंबद की स्थापना के बाद स्थापित किया गया था, इसके बाद प्रारंभिक वैज्ञानिक संचालन चालू किया गया था। इसे उपयोग करके प्रारंभिक प्रेक्षणों से यूरेनस ग्रह के चारों ओर वलय और बृहस्पति के उपग्रहों में से एक गेनीमेड में वायुमंडल की खोज हुई। दूरबीन से प्राप्त आंखडों का उपयोग सौर-प्रणाली के पिंडों से लेकर मंदाकिनियों जैसे विषयों से जुड़े कई शोध-प्रबंधों में प्रयोग किया गया है।

चित्र 1.1 प्रो. वेणु बप्पू की प्रतिमा को प्रो. टी. रामासामी और प्रो. सुब्रमणियम द्वारा माल्यार्पण करते हुए।

"सूर्य और सौर परिवार" के शोधकर्ताओं की समर्पित दल सूर्य के क्रोड़ से लेकर सौर वायुमंडल की विशाल तथा उससे आगे तक के विषयों पर शोध-कार्य करता है। मुख्य उद्देश्य, सूर्य के दीर्घकालिक व्यवहार को समझने, जेट, सौर अपसरण तथा अंतरिक्ष मौसम को संचालित करने वाले किरीटी द्रव्यमान उत्सर्जन (सीएमई) जैसी ऊर्जावान घटनाओं की जटिलताओं को समझने में निहित है। इसके अलावा हमारे अनुसंधान प्रयासों का एक बड़ा हिस्सा संस्थान के आंतरिक अत्याधुनिक उपकरणों तथा अनुसंधान सुविधाओं की प्रगति से जुड़ा है।

आईआईए के दल ने आदित्या-एल1 मिशन पर सौर पराबैंगनी प्रतिबिंब दूरबीन (एसयूआईटी) पेलोड हेतु परिरूपित ऑन-बोर्ड इंटेलिजेंस कलन-विधि को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विभिन्न आंखडें स्रोतों का उपयोग करके कलन-विधि का सख्त परीक्षण किया गया। परीक्षण के परिणाम अत्यधिक आशाजनक थे क्योंकि कलन-विधि की सफलतापूर्वक कई

चित्र 1.2 डॉ. जी. सतीश रेड्डी, स्थापना दिवस, 2023 का वक्ता।

महत्वपूर्ण आंखडों को पूरी तरह से हासिल कर लिया।

तारकीय तथा मंदाकिनीय खगोल-विज्ञान पर अनुसंधान तारा निर्माण, तारकीय विकास तथा मंदाकिनीय रसायन-गतिकी के विभिन्न पहलुओं पर केंद्रित है। यह समूह ने आणविक मेघों, ग्रहीय नीहारिकाओं, तारों में लिथियम तत्व की वृद्धि, खुले गुच्छों में विभिन्न प्रकार के तारों, ऊष्मीय तारों तथा गोलाकार तारागुच्छों में परिवर्तनशील तारों में चुंबकीय क्षेत्रों की हमारी समझ में महत्वपूर्ण परिणामों तथा महत्वपूर्ण सुधार, एस्ट्रोसैट पर लैस यूवीआईटी के विरासत सर्वेक्षण से प्राप्त परिणामों, मंदाकिनीय के कृष्ण-विवर युग्मतारों तथा विभिन्न प्रकार के अधिनवतारों में प्रेक्षित अपसरणों की रिपोर्ट की है।

बाह्यमंदाकिनीय खगोल-विज्ञान तथा ब्रह्मांडिकी के अनुसंधान के अंतर्गत अदीप्त पिंड प्रभामंडल, मंदाकिनी की गतिशीलता जैसे विलय तथ ऊर्ध्वाधर गति, बड़े मैजैलैनीय मेघ में वार्प का पता लगाने, सक्रिय मंदाकिनियों के परिवर्तनशील आकार, एम82 में अत्यंत दीप्ति एक्स-किरण स्रोत, एक कृष्ण-विवर द्वारा एक तारे का ज्वारीय विघटन तथा परिणामी जेट, क्वासर में परिवर्तनशीलता तथा उत्सर्जन रेखाएं, हमारी मंदाकिनी के पीछे का एक युगल रेडियो मंदाकिनी तथा नए क्वासर की खोज और मंदाकिनियों को वर्गीकृत करने हेतु एक नया गहरा-झुकाव वाली विधि मार्गनेट शामिल हैं।

आईआईए के क्षेत्रीय केन्द्रों की प्रेक्षणीय सुविधाएं लगातार अच्छे निष्पादन कर रहे हैं तथा आईआईए और पूरे देश के शोधकर्ताओं द्वारा विभिन्न प्रेक्षण कार्यक्रम संपादित किए जा रहे हैं। भारत-टीएमटी की प्रकाशिकी संविरचन सुविधा में खण्ड प्रमार्जन सुविधा स्थापना तथा नियुक्ति की गतिविधियों हेतु तैयार हो रही है। आईआईए ने मैसूरु में बनाए जा रहे कॉसमॉस तारामंडल के एलईडी गुंबद को बनाने, स्थापना तथा चालू करने का कार्य कोनिका-मिनोल्टा तथा आरएसए कॉसमॉस कंसोर्टियम को सौंपा दिया है। पहले कदम के रूप में केन्द्र प्रशासित प्रदेश लद्दाख प्रशासन ने जून 2022 में हस्ताक्षरित आईआईए-यूटी लद्दाख पहाड़ी विकास परिषद के बीच एक त्रिपक्षीय समझौते के आधार पर भारतीय खगोलीय वेधशाला के आसपास 23 किमी के दायरे वाले क्षेत्र को हनले अदीप्त आसमान रक्षित के रूप में अधिसूचित किया है।

कथित अवधि के दौरान 10 विद्यार्थियों को पीएच.डी. उपाधि से सम्मानित किया गया तथा 10 छात्रों ने अपने शोध-प्रबंध जमा किया। 3 छात्रों ने एमटेक कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा किया। वार्षिक अल्पकालिक कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित ग्रीष्मकालीन सत्रों में 400 छात्रों ने भाग लिया तथा 137 छात्रों ने मुख्यालय और क्षेत्रीय केन्द्रों पर अपना गहन-अध्ययन पूरा किया। सहयोगात्मक अनुसंधान कार्यक्रम में भाग लेने हेतु कई छात्रों को अन्य देशों में यात्रा करने हेतु अनुदान, अल्पकालिक दौरा अनुदान प्रदान किया गया।

प्रमुख पुरस्कारों के अंतर्गत प्रो. जी.सी. अनुपमा को भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी के अध्येता के रूप में चुना गया, प्रो. ईश्वर रेड्डी को भारतीय विज्ञान अकादमी के अध्येता के रूप में चुना गया और डॉ. वागीश मिश्रा को नासी युवा वैज्ञानिक पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

अगले वर्ष में हमें जिस प्रमुख उपलब्धि की आशा है, वह है आदित्य-एल1 मिशन का प्रक्षेपण। हमारा संस्थान उन कुछ संस्थानों में से एक बनेगा जिसके पास सूर्य का अध्ययन करने हेतु बहु-तरंगदैर्ध्य भू तथा अंतरिक्ष आधारित प्रेक्षण सुविधाएं होंगी। हम आदित्य-एल1 मिशन पर लगे वीईएलसी उपकरण से पहली प्रतिबिंब, स्पेक्ट्रा और रोमांचक वैज्ञानिक परिणाम प्राप्त करने हेतु उत्सुक हैं।

अन्नपूर्णी सुब्रमणियम
निदेशक

अध्याय 2

शोध विशिष्टताएं

भारतीय ताराभौतिकी संस्थान (आईआईए) में ताराभौतिकी क्षेत्र के लगभग हर विषय में शोध करने वाले वैज्ञानिकों की दीर्घकालिन परंपरा है। इसके अंतर्गत आईआईए ने उन विषयों से लेकर, जिसमें आईआईए का एक शोध समूह हमेशा रहा है, वर्तमान विषयों तक आश्चर्यजनक प्रगति देखी है। इस बड़े शोध अभियान के अंतर्गत खगालीय आकाशीय पिंडों और घटनाओं के क्रम-विन्यास के पीछे होते भौतिकी को समझने के लिए संपूर्ण चुंबकीय वर्णक्रम के डाटा पर शोध कर रहे हैं। प्रत्येक विशिष्ट क्षेत्र में अनुसंधान कार्य से प्राप्त वैज्ञानिक परिणामों को संक्षेप प्रस्तुत किया गया है।

2.1 सूर्य तथा सौर परिवार

सूर्य तथा सौर परिवार समूह ने सूर्य के आंतरिक भाग से लेकर सौर वायुमंडल के बाहर के अनुसंधान क्षेत्रों की एक विस्तृत श्रृंखला पर शोध-कार्य किए। प्राथमिक अनुसंधान क्षेत्रों के अंतर्गत सूर्य के दीर्घकालिक व्यवहार को समझने, विभिन्न ऊर्जावान घटनाओं (उदाहरण: जेट्स, सौर अपसरण) तथा किरीटी द्रव्य उत्क्षेपण (सीएमईएस) संचालित अंतरिक्ष मौसम की जांच की गईं। इसके अलावा, हमारे शोध प्रयासों का एक बड़ा हिस्सा संस्थान में अत्याधुनिक उपकरणों तथा अनुसंधान सुविधाओं की उन्नति में ही केन्द्रीत होता है। संस्थान के विभिन्न उपकरणों तथा शोध की सुविधाएं जैसे इसरो के आदित्या-एल1 मिशन हेतु दृश्य उत्सर्जन रेखा किरीट चित्रक (वीईएलसी) के विकास पर महत्वपूर्ण शोध संचालित किया गया। आईआईए के सूर्य और सौर परिवार शोध समूह लगातार सूर्य के रहस्यों तथा हमारे सौर परिवार एवं उससे आगे के प्रभाव को जानने एवं समझने का प्रयास करता है।

अंतरिक्ष मौसम और किरीटी द्रव्य उत्क्षेपण (सीएमई), हमारे अंतरिक्ष पर्यावरण की परिस्थितियों को आकार देने में भूमिका निभाते हैं तथा भू-आधरिक प्रौद्योगिकी संरचना पर गहरा प्रभाव डाल सकते हैं। अंतरिक्ष मौसम के पूर्वानुमान तथा तत्परता हेतु सूर्य से पृथ्वी तक की उनकी यात्रा के दौरान दो किरीटी द्रव्य उत्क्षेपणों की अन्योन्यक्रिया के परिणामस्वरूप अंतरग्रहीय किरीटी द्रव्य उत्क्षेपण (आईसीएमई) के रचनात्मक मापदंडों को समझना महत्वपूर्ण है।



चित्र 2.1: 13-14 जून 2012 की घटना के अंत:क्रिया सीएमई हेतु प्रोटॉन वेग, प्रोटॉन तापमान तथा संपीड़न तथा विरलीकरण के अपेक्षित तापमान में भिन्नता। (चित्र सौजन्य : श्रीवास्तव, एन. और अन्य, फ्रंटिसर्य इन एस्ट्रोनॉमी एंड स्पेस सांइसेज, 2023)

सीएमई-सीएमई की अन्योन्यक्रियाएं

वर्ष 2012 से निरंतर घटित दो उल्लेखनीय सीएमई-सीएमई अन्योन्यक्रिया की घटनाओं का अवलोकन तथा विश्लेषण किया गया (चित्र 2.1)। इन अन्योन्यक्रियाओं के विश्लेषण में विशिष्ट संरचनात्मक अभिलक्षण विशेष रूप से आयन-चार्ज स्थिति में वृद्धि जो आईसीएमई के गुणों तथा अभिलक्षण को गहन रूप से समझने में सहायक सिद्ध होता है। इसके अलावा, अध्ययन ने पूर्ववर्ती सीमएई से गुजरने वाले निम्नलिखित सीएमई से जुड़े झटके के कारण होने वाले संपीड़न के महत्व पर जोर दिया। अंतरिक्ष मौसम तथा सीएमई-सीएमई की अन्योन्यक्रियाओं की जटिल गतिशीलता पर उनके प्रभाव को समझने हेतु ऐसे संपीड़न प्रभावों को समझना आवश्यक है। आईसीएमई-आईसीएमई की अन्योन्यक्रिया की प्रक्रियाओं के बारे में हमारी समझ को आगे बढ़ाने हेतु अपेक्षित तापमान आंकडें के साथ सौर हवा के प्रोटॉन वेग के आंकडें की तुलना करने के महत्व पर अध्ययन किया गया। यह तुलना उन भौतिक तंत्रों को सुलझाने हेतु एक महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में



चित्र 2.2: डीएच प्ररूप-II प्रेक्षणों की प्रारंभिक आवृत्ति से अकालित ऊँचाई की तुलना किसी पूर्व-सीएमई अथवा स्ट्रीमर के साथ सीएमई की अन्योन्यक्रिया की ऊँचाई से की जाती है। 2 तथा 7R के बीच की ऊँचाई हेतु लेब्लांक का एक गुना घनत्व प्रतिमान ठोस वृत्त द्वारा दर्शाया गया है। अंत:क्रिया सीएमई की ऊँचाई खाली वृत्त द्वारा इंगित की गई है। इन घटनाओं में हमने समान आवृत्ति प्रारंभ हेतु आवृत्ति 16/14 MHz हेतु औसत एकल ऊँचाई मूल्य लिया। ये दो मूल्यों को लाल तारांकित वृत्त द्वारा दर्शाया गया है। (चित्र सौजन्य: जोशी, जे. और अन्य, एपीजे, 2022)



चित्र 2.3: निचले सौर वायुमंडल में लघु-मान चुंबकीय पुनर्योजन घटनाओं के गण जिन्हें शांत सूर्य एलरमैन बम (क्यूएसईबी) के रूप में जाना जाता है। क्यूएसईबी का अधिकतम क्षेत्र, जीवनकाल तथा अधिकतम दीप्ति की सांख्यिकी। पैनल (ए), (बी) तथा (सी) में संपूरित काले आयत-चित्र क्रमश: क्रमश: क्यूएसईबी के अधिकतम क्षेत्र, जीवनकाल तथा अधिकतम दीप्ति वितरण का प्रतिनिधित्व करते हैं। पैनल (डी-एफ): बहुचर जेपीडीएफ तथा अधिकतम क्षेत्र, जीवनकाल तथा अधिकतम दीप्ति के बीच बिखरे हुए प्लाट। जेपीडीएफ की गहरी नीली रंग उच्चतम घनत्व घटना को इंगित करती है तथा हल्के नारंगी रंग क्षेत्र निम्न-घनत्व वितरण का प्रतिनिधित्व करते हैं। (चित्र सौजन्य: जोशी जे. और अन्य, एपीजे, 2022)

कार्य करती है जो आईसीएमई के सूर्य से पृथ्वी तक फैलने के दौरान उनके विकास को नियंत्रित करते हैं।

अंतरिक्ष मौसम की घटनाओं को समझने में आईसीएमई की संरचना मापदंडों तथा उनकी अन्योन्यक्रिया को समझना सबसे महत्वपूर्ण है। इन घटनाओं के बारे में अपनी समझ को बढ़ाकर हम अंतरिक्ष मौसम की भविष्यवाणी तथा तत्परता की प्रक्रिया में सुधार कर सकते हैं, अंतत: अपनी अंतरिक्ष संपत्तियों तथा संचार तंत्रों की सुरक्षा तथा उसकी कार्यक्षमता सुनिश्चित कर सकते हैं।

रेडियो प्रबलता तथा रेडियो शांत सीमएई के बीच के अंतर पर ध्यान केन्द्रित करते हुए स्ट्रीमर-सीएमई तथा सीएमई-सीएमई की अन्योन्यक्रिया की संभावनाओं की जांच का अध्ययन किया गया। परिणामों से पता चला कि लगभग 90% रेडियो प्रबलता सीएमई ने स्ट्रीमर्स और/या प्री-सीएमई के साथ पारस्परिक क्रिया हुई, जबकि केवल 25% रेडियो शांत सीएमई ने समान व्यवहार प्रदर्शित किया तथा कोई प्री-सीएमई की अन्योन्यक्रिया अवलोकित नहीं की गई। इसके अलावा, अध्ययन से पता चला कि पर्याप्त घनत्व विचलन तथा अन्योन्यक्रिया ने रेडियो प्रबलता सीएमई द्वारा प्रारूप-II रेडियों उत्सर्जन के उत्पादन की संभावना को काफी बढ़ा दिया है।

सूर्य–कलंक की आयु तथा उनकी सीएमई

ऐसा माना जाता है कि सीएमई के शुद्धगति विज्ञान के गुण सूर्य-कलंक सहित संबद्ध अंतर्निहित सक्रिय क्षेत्रों पर निर्भर होते हैं। सूर्य-कलंक को वर्गीकृत करते समय यह पता चला कि सूर्य-कलंक समूहों ने अन्य समूहों की तुलना में लंबे जीवनकाल का प्रदर्शन किया। लघुगणकीय चुंबकीय प्रवाह (सूर्य-कलंक x चुंबकीय क्षेत्र) के मूल्यों तथा सीएमई की गति के साथ उनके सहसंबंध की भी जांच की, जिसे वीसीएमई = 754.29 x लॉग (चुंबकीय प्रवाह) – 2888 (चित्र 2.2) द्वारा दर्शाया गया है। विशेष रूप से सीएमई की गति को प्रभावित करने वाला सबसे महत्वपूर्ण कारक लघुगणकीय चुंबकीय प्रवाह का मान पाया गया। विशेष रूप से जब छोटे लघुगणकीय चुंबकीय प्रवाह मान ($\leq$ 5, क्षेत्र x चुंबकीय क्षेत्र) तथा तेज़ सीएमई ($\geq$ 1000 km/s) से निपटते हैं, तो चुंबकीय प्रवाह के संबंध में सीएमई गति के साथ काफी मजबूत



चित्र 2.4: प्रकाशमंडलीय तथा वर्णमंडलीय रेखाओं में विपरीत ध्रुवणा वाले क्षेत्र पर Ca II 8542Å तथा Hα रेखा पार्श्विका। बाएं तथा दाएं पैनल क्रमशः Ca II 8542Å तथा Hα में स्टोक्स I तथा V स्पेक्ट्रा का प्रतिनिधित्व करते हैं। चित्र सौजन्य: माथुर और अन्य, एपीजे, 2023.



चित्र 2.5: (ए) 6302 चुंबकलेख, (बी) वर्णक्रमीय रेखा के क्रोड पर लिए गए 8542 चुंबकलेख (रेखा-क्रोड आंखडें), (सी) वर्णक्रमीय रेखा के विंगों पर लिए गए 8542 चुंबकलेख (रेख-विंग आंखडें)। (डी) सूर्य-भूकंपी तथा चुंबकीय प्रतिबिंब/सौर गतिशील वेधशाला से चुंबकलेख। प्रेक्षण की तिथि: अक्तूबर 8, 2015. (चित्र सौजन्य: विष्णु, एम. और अन्य, जोएए, 2023)

सहसंबंध प्रेक्षित किया गया था।

स्विचबैक्स तथा सौर हवा

नासा की अंतरिक्ष वेधशाला, पार्कर सोलर प्रोब (पीएसपी) ने सूर्य के करीब बहुव्यापी चुंबकीय क्षेत्र व्युत्क्रमण अवलोकित किया गया जिसे अक्सर "स्विचबैक" कहा जाता है। अनेक स्विचबैक को पहले भी 1 AU तथा उससे आगे की सौर हवा में अवलोकित किया गया है, लेकिन उनकी घटना ऐतिहासिक रूप से दुर्लभ थी। 0.2 AU से नीचे के पीएसपी मापन से पता चलता है कि स्विचबैक, हालांकि, "युवा" सौर हवा में सबसे प्रमुख संरचनाएं हैं। एक छोटे भूमध्यरेखीय किरीटी छिद्र के सुदूर संवेदन के प्रेक्षण का विश्लेषण किया गया जिससे एनकांउटर 1 के पेरीहेलियन के दौरान पीएसपी संपर्क में था। संबद्ध अपेक्षित किरीटी फुटपॉइंट के सुदूर प्रेक्षणों के साथ सामान्य स्विचबैक स्वस्थाने अभिलक्षणों को सहसंबंधित करके जांच की गई थी कि क्या भिड़ंत के दौरान अभिग्रहीत कतिपय स्विचबैक किरीटी स्रोत के थे ? विश्लेषण से सख्त सबूत मिला कि किरीटी में मौजूद समय-मान बहिर्प्रवाह, सिवचबैक से भरी सौर हवा के लिए प्रासंगिक हैं जो किरीटी में बीजदार स्विचबैक की एक उप-आबादी तथा अंतर्ग्रहीय अंतरिक्ष में यात्रा करने का संकेत करता है।

संस्थान में सौर चुंबकत्व तथा वायुमंडलीय गतिशीलता पर शोध एक केन्द्रीय विषय रहा है, जिसमें सौर वायुमंडल में गतिशील तथा क्षणिक घटनाओं की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है। इनमें से कई घटनाओं में अंतर्निहित एक मूल तंत्र है चुंबकीय पुनर्योजन, जो अपसरण, किरीटी द्रव्य उत्सर्जन (सीएमई), जेट्स, एलरमैन बम, पराबैंगनी (यूवी) विस्फोट तथा एक्स-रे उज्ज्वल बिंदु जैसी घटनाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

चुंबकीय पुनर्योजन तथा एलरमैन बम्स

विशेष रुचि वाली घटना है एलरमैन बम, जो गहरे सौर वातावरण में चुंबकीय पुनर्योजन के परिणामस्वरूप उत्पन्न होते हैं तथा बामर उदजन रेखाओं में बढ़ते उत्सर्जन का कारण बनते हैं। हाल के उच्च-गुणवत्ता वाले H प्रेक्षणों से पता चला है कि एलरमैन बमों की घटना के पहले विश्वसन की तुलना में अधिक व्यापक है, जिनमें से लगभग आधे मिलियन किसी भी समय शांत सूर्य में मौजूद हैं। इन घटनाओं को आगे समझने हेतु नए H प्रेक्षणों के आधार पर शांत सूर्य एलरमैन बम (क्यूएसईबी) को चिह्नित करने के लिए एक व्यापक सांख्यिकीय विश्लेषण किया गया था (चित्र 2.3)। शांत सूर्य के 1 घंटे के आंकडें की सावधानीपूर्वक जांच की गई, जिसमें H तथा H रेखाओं में वर्णक्रमीय प्रतिबिंब के साथ Fe I 617.3 nm में स्पेक्ट्रो-ध्रुवणमापीय प्रतिबिंब शामिल थी। परिणामस्वरूप कुल 2809 क्यूएसईबी पता लगाए गए, जिनका अलग-अलग जीवनकाल 9 सेकंड से लेकर 20.5 मिनट तक था तथा औसत जीवनकाल 1.14 मिनट था। इसके अतिरिक्त, क्यूएसईबी द्वारा आवृत किया गया अधिकतम क्षेत्र 0.0016 से 0.2603 Mm^2 के बीच था, जिसकी माध्यमिका 0.018 Mm^2 थी। सबसे कमजोर चुंबकीय क्षेत्र ($B \leq 50$ G) से युक्त मध्यकणिक आकार के क्षेत्रों को छोड़कर क्यूएसईबी को दृष्टि क्षेत्र में लगभग समान रूप से वितरित पाया गया। यह प्रेक्षण ऊर्ध्वाधर रूप से विस्तारित धारा शीट के साथ होने वाले पुनर्योजन की व्याख्या हेतु समर्थ प्रदान करता है। यह शोध सौर चुंबकत्व तथा वायुमंडलीय गतिशीलता के बीच जटिल अन्योन्यक्रिया पर प्रकाश डालता है।

सौर किरीटी जेट्स, जो सौर प्लैज्मा के बारंबार होने वाले संधानित उत्सर्जन होते हैं, का अध्ययन उनके भौतिकी, विमोचक कार्य-पद्धति तथा प्रेरक शक्ति को समझने हेतु संपादित किया गया था। इसके अतिरिक्त, अध्ययन ने सौर जेट तथा अन्य संबंधित सुविधाओं की व्यापक जांच हेतु उच्च-विभेदन क्षमताओं के साथ एक अग्रणी ईयूवी-सौर-प्रतिबिंब मिशन का प्रस्ताव किया।

वर्णमंडलीय चुंबकीय क्षेत्रों का मापन

अन्य शोध अध्ययन सौर वर्णमंडलीय चुंबकीय क्षेत्र माप के महत्व पर प्रकाश डालता है, विशेष रूप से H स्टोक्स V पार्श्विका की नैदानिक क्षमता की जांच करता है। इसे प्राप्त करने के लिए Ca II 8542 Å तथा H वर्णक्रमीय रेखाओं में एक छिद्र पर एक ही समय में स्पेक्ट्रा-ध्रुवणमापी प्रेक्षण संचालित किए गए (चित्र 2.4)। H रेखा से B_{los} क्षेत्र का अनुमान लगाने हेतु कमज़ोर क्षेत्र सन्निकटन (डब्ल्यूएफए) को कुशलतापूर्वक लागू किया गया था, जबकि Ca II 8542 Å रेखा हेतु डब्ल्यूएफए तथा व्युत्क्रम दोनों प्रविधियां कार्यान्वित की गई थी। प्राप्त परिणामों से दोनों रेखाओं से अनुमानित चुंबकीय क्षेत्र आकृति-विज्ञान के बीच एक उल्लेखनीय समानता का पता चला, जो स्पष्ट प्रमाण के रूप में कार्य करता है कि H रेखा कोर प्रभावी ढंग से वर्णमंडलीय चुंबकीय क्षेत्र की जांच करता है। प्रेक्षणों से वर्णमंडलीय ऊंचाइयों पर सूर्यकलंक क्षेत्र से छतरी क्षेत्रों के विस्तार को भी स्थापित करता है जो प्रकाशमंडल में आसपास के क्षेत्रों को आवृत करता है। सौर वर्णमंडलीय चुंबकीय क्षेत्र को समझना तथा सटीक रूप से मापना, सौर गतिविधि की हमारी समझ को ओगे बढ़ाने में सर्वोपरि महत्व रखता है।

सौर माध्य चुंबकीय क्षेत्र

सौर माध्य चुंबकीय क्षेत्र (एसएमएमएफ) का माप सूर्य के आंतरिक भाग के भीतर चुंबकीय क्षेत्र दोनों में अंतर्दृष्टि प्राप्त करने तथा अंतरग्रहीय चुंबकीय क्षेत्रों को समझने हेतु महत्व रखता है। आईआईए के शोधकर्ताओं ने प्रकाशमंडलीय माप के साथ संयोजन के रूप में वर्णमंडल से चुंबकीय क्षेत्रीय माप का उपयोग करते हुए एसएमएमएफ का विश्लेषण किया है। ये माप, वर्ष 2010-2017 (चित्र 2.5) की अवधि के दौरान सूर्य के संक्षिप्त प्रकाशीय दीर्घकालिक जांच (एसओएलआईएस)/सदिश स्पेक्ट्रोचुंबकलेखी (वीएसएम) उपकरण का उपयोग करके Fe I 6301.5 Å तथा Ca II 8542 Å में स्पेक्ट्रोध्रुवणमापीय प्रेक्षणों से प्राप्त पूर्ण-डिस्क LOS चुंबकलेख के माध्यम से प्राप्त किए गए थे। अध्ययन से वर्णमंडल में एसएमएमएफ तथा प्रकाशमंडल के बीच एक उल्लेखनीय संबंध का पता चला। इसके अलावा, यह पाया गया कि वर्णमंडल में एसएमएमएफ सापेक्षत: कमजोर है जो कि ऊपरी-प्रकाशमंडल में एसएमएमएफ की ताकत का लगभग 0.60 गुना है।

आदित्या–L1 पर सूट पेलोड़

आईआईए के दल ने आदित्या-L1 मिशन पर लैस सौर पराबैंगनी प्रतिबिंब दूरबीन (सूट) पेलोड हेतु अभिकल्पित किए गए एक ऑन-बोर्ड प्रज्ञा कलनविधि के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कलनविधि का सख्त परीक्षण विभिन्न आंकडें स्रोतों का उपयोग करके संपादित किया गया था, जिसमें सौर गतिकी वेधशाला (एसडीओ)/एआईए 1600 Å की प्रतिबिंब, अंतरापृष्ठ क्षेत्र प्रतिबिंब स्पेक्ट्रमलेखी (आईआरआईएस) से MG II h स्लिट-झा प्रतिबिंब साथ ही साफ्ट एक्स-किरण तथा हार्ड एक्स-किरण आंकडें शामिल हैं। परीक्षण के परिणाम अत्यधिक आशाजनक थे क्योंकि कलनविधि ने कई महत्वपूर्ण कार्यों को सफलतापूर्वक पूरा किया। इसने कुशलतापूर्वक हार्ड एक्स-किरण अपसरण विमोचक उत्पन्न किया तथा यूवी प्रतिबिंबों का उपयोग करके अपसरण का पता लगाने तथा सटीक रूप से स्थानीयकृत करने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। इसके अतिरिक्त, कलनविधि ने विस्तारित अवधि में सौर डिस्क पर रुचि के क्षेत्रों को खोजने में अपनी दक्षता प्रदर्शित की, जबकि देखी गई तीव्रता के स्तर के आधार पर उद्भासन समय को स्वचालित रूप से अनुकूलित किया। परीक्षण चरण में सावधानीपूर्वक अभिकल्पित किए गए स्थापित प्रयोगशाला में सूट हार्डवेयर का मूल्यांकन करना, अंतरिक्ष में आने वाले वास्तविक समय के परिदृश्यों का अनुकरण करना भी शमिल था। अपसरण विमोचक मॉड्यूल ने असाधारण दक्षता प्रदर्शित की तथा 100 प्रतिशत के साथ अपसरण का सफलतापूर्वक पता लगाया। इसके अलावा, अपसरण के आरंभ समय से पता लगाने का औसत समय 180 सेकंड था।

2.2 तारकीय तथा मंदाकिनीय ताराभौतिकी

सूक्ष्म मेघों में चुंबकीय क्षेत्र

इस समूह के सदस्यों का शोध मुख्य रूप से तारा निर्माण, तारकीय उद्भव तथा मंदाकिनीय रसायन-गतिकी के विभिन्न पहलुओं पर केंद्रित है। यह माना जाता है कि चुंबकीय क्षेत्र उनकी गतिशीलता तथा उनके आकारिकी प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह अध्ययन (चित्र 2.6) जो मेघों के अंदर चुंबकीय क्षेत्र अभिविन्यास तथा आवरण पैमाने पर चुंबकीय क्षेत्र के बीच किसी भी संभावित सहसंबंध का पता लगाता है तथा उनका संबंध चयनित मेघों के प्रेक्षित आकारिकी के साथ मौजूद हो सकता है। मेघों L1512, L1523, L1333, L1521E, L1544, L1517, L1780 तथा L183 की ओर के चुंबकीय क्षेत्र अभिविन्यास की जांच प्रकाशीय तथा प्लैंक ध्रुवीकरण प्रेक्षणों का उपयोग करके की गई है। हर्शेल 250um आंकडें पर एस्ट्रोडेन्ड्रोग्राम का उपयोग करके प्राप्त परिवेश चुंबकीय क्षेत्र तथा कोर अभिविन्यास के बीच सहसंबंध पाया गया है। प्रकाशीय तथा प्लैंक से प्राप्त चुंबकीय क्षेत्र एक दूसरे से सहमत हैं। व्युत्पन्न चुंबकीय क्षेत्र प्रत्येक मेघ के प्रेक्षित उत्सर्जन के साथ संरेखित होते हैं जैसा कि हर्शेल 250um आंकडें में अवलोकन किया गया है। कोर तथा चुंबकीय क्षेत्र के बीच सापेक्ष अभिविन्यास यादृच्छिक पाया गया है। सहसंबंध की यह कमी इस तथ्य के कारण उत्पन्न हो सकती है कि मुख्य अभिविन्यास उच्च घनत्व पर व्यक्तिगत मेघों के भीतर अलग-अलग चुंबकीयकरण



चित्र 2.6: हरिनील रंग में प्रकाशिकी आर-बैंड ध्रुवीकरण सदिश तथा पीला रंग में प्लैंक ध्रुवीकरण मापन L1512, L1544, L1517, L1521E, L1780 और L183 मेघों की हर्शेल 250μm प्रतिबिंब तथा L1523 एवं L1333 मेघों के डोबाशी विलुप्ति मानचित्र पर ऊपर से आलेखित किए गए हैं। निचले दाएं अंतिम पैनल में सफेद सदिश एल183 (क्लेमेंस 2012) हेतु एच-बैंड ध्रुवीकरण प्रेक्षण हैं। काले दीर्घवृत्त द्वारा दर्शाए गए एस्ट्रोडेंड्रो कलन-विधि का उपयोग करके पहचाने गए प्राप्त क्रोड का वितरण। (चित्र सौजन्य शर्मा और अन्य, 2022, एमएनआरएएस, 517,1138)

अथवा प्रतिक्रिया प्रभावों से भी प्रभावित हो सकता है जो मेघ से मेघ तक भिन्न हो सकते हैं। अनुमानित चुंबकीय क्षेत्र की ताकत तथा द्रव्यमान-से-प्रवाह अनुपात से पता चलता है कि L1333, L1521E तथा L183 को छोड़कर सभी मेघ चुंबकीय रूप से आलोचनात्मक स्थिति में हैं, जहां मेघ के आवरण को चुंबकीय क्षेत्र रेखाओं द्वारा दृढ़ता से समर्थित किया जा सकता है।

दीप्त–हाशिया मेघों में रॉकेट प्रभाव

बृहत तारों से निकलने वाले तेज पराबैंगनी विकिरण अथवा HII क्षेत्रों का विस्तार, आसपास के पहले से मौजूद घने गुच्छों में आयनीकृत तापमान द्वारा उच्च दबाव वाली तरंगें विकसित करता है। यह बढ़ा हुआ दबाव नए नयाचार-तारकीय कोर के सृजन को गति दे सकता है अथवा पहले से मौजूद कोर को संपीड़ित कर सकता है तथा अंततः नई पीढ़ी के तारों के निर्माण का कारण बन सकता है। निकटवर्ती विशाला तारों के विकिरण से उत्पन्न तारा-निर्माण की इस प्रक्रिया को विकिरण-परिचालित विस्फोट के रूप



चित्र 2.7: दीप्ति-हाशिया मेघ (गहरे पीले रंग के हाशिया नीला बादल) तथा एक आयनीकरण स्रोत (नीला तारा) (पैमाने पर नहीं) वाली एक प्रणाली का चित्रण। बीआरसी की ओर वितरित युवा तारकीय पिंडों को लाल तारांकित संकेतों से प्रस्तुत किया गया है। मेघ सामग्री के प्रकाशवाष्पीकरण प्रवाह की दिशा को पीले रंग के तीरों से दर्शाया गया है। काले रंग का तीर उत्तर दिशा के प्रति θ_{ip} कोण बनाता है तथा आयनकारी तारे से दूर निर्देशित होता है जो आयनीकृत फोटॉनों की दिशा है। एक अन्य काले रंग का तीर उसी के प्रति θ_{pm} कोण बनाता है तथा वाईएसओ से दूर निर्देशित करता है उनके सापेक्ष उचित गति के कोण को प्रस्तुत करता है। (चित्र सौजन्य: साहा और अन्य, 2022, एमएनआरएएस, 515,67)

में जाना जाता है। परिणामी मेघों को दीप्त-हाशिया मेघों (बीआरसी) के रूप में जाना जाता है जिनका द्युतिमान हाशिया आयनकारी तारे की ओर होता है तथा अक्सर विपरीत दिशा में एक लंबी संरचना से बांधा हुआ होता है (चित्र 2.7)। आरडीआई मोड़ के दौरान मेघों के उद्भव को समझने हेतु कई विश्लेषणात्मक अध्ययन किए गए। आयनीकरण के मोर्चे की सतह पर बढ़े हुए दबाव के कारण आयनीकृत मेघ सामग्री आयनीकृत स्रोत की ओर फोटो-वाष्पीकरण करना शुरू कर देती है तथा निष्कासित आयनित गैस की प्रतिक्रिया के रूप में अवशिष्ट मेघ आयनीकृत HII क्षेत्र की दिशा से दूर चला जाता है जो है 'रॉकेट प्रभाव' के नाम से जाना जाता है। आरडीआई के परिणामस्वरूप निर्मित YSO से अपेक्षा की जाती है कि वे त्वरणशील मेघ के समान गतिकी को साझा करें तथा निकटवर्ती विशाल तारे से दूर रेडियल गति लाएं जो मेघ को आयनित करने और उसमें तारे के निर्माण को उत्प्रेरित करने हेतु जिम्मेदार हैं।

समूह द्वारा संपादित पूर्व अध्ययन में (साहा और अन्य, 2022) बीआरसी 18 को 'रॉकेट प्रभाव' के कारण आयनकारी H II क्षेत्र की दिशा से दूर तेज़ी से बढ़ते हुए पाया गया है। इस पूर्णधारणा के आधार पर कि बीआरसी 18 तथा उम्मीदवार वाईएसओ दोनों



चित्र 2.8: (ए) एल1616 से जुड़े ज्ञात वाईएसओ (पीले संपूरित वृत्त) तथा सहगतिमान स्रोत (हरिनील रंग संपूरित वृत्त) को 3.6 μm (नीला), 4.5 μm (हरा) तथा 12 μm (लाल) प्रतिबिंब के द्वारा डब्ल्यूआईएसई रंग-मिश्रित आरेख पर ऊपर से आलेखित किया गया है। (बी) गैया ईडीआर3 से प्राप्त ज्ञात वाईएसओ (पीले सदिश) तथा सहगतिमान स्रोतों (हरिनीले सदिश) के प्रेक्षित उचित गति सदिश। (सी) ϵ ओरी के संबंध में ज्ञात वाईएसओ (पीले सदिश) तथा सहगतिमान स्रोतों (हरिनीले सदिश) के सापेक्ष उचित गति सदिश। (चित्र सौजन्य: साहा और अन्य, 2022, एमएनआरएएस, 513,2022)



चित्र 2.9: ग्रहीय निहारिका एनजीसी 2452 (बाएं) तथा आईसी 2003 (दाएं) हेतु इलेक्ट्रॉन तापमान के त्रिज्य आलेखन। ठोस रेखा के द्वारा ग्रेन तापन तथा बिंदीदार रेखा के द्वारा गैर-ग्रेन-तापन दर्शाए गए हैं। (चित्र सौजन्य: मुथुमारीयप्पन और अन्य, 2023, अंतरिक्ष अनुसंधान में प्रगति, 71, 1089)

किनेमेटिक रूप से युग्मित हैं तथा नवीनतम Gaia EDR3 माप का उपयोग करके यह पाया गया कि उम्मीदवार वाईएसओ की सापेक्ष उचित गति आयनीकरण स्रोत से दूर जाने की प्रवृत्ति प्रदर्शित करती है। बीआरसी 18 को आदिप्रारूप के रूप में उपयोग करते हुए समूह ने 21 और अधिक बीआरसी के लिए आगे का विश्लेषण किया, जिनमें से अधिकांश ने समान प्रवृत्ति दिखाई। अधिकांश बीआरसी हेतु उम्मीदवार वाईएसओ की सापेक्ष उचित गति का माध्य कोण आयनीकरण स्रोत से बीआरसी के केंद्रीय आईआरएएस स्रोत तक आकाश दिशा के कोण के समान है। पियर्सन तथा स्पीयरमैन के सहसंबंध गुणांक के आधार पर हमने इन दो कोणों के बीच एक मजबूत सहसंबंध पाया जो आगे उन पर कोमोगोरोव-स्मिर्नोव (के-एस) परीक्षण द्वारा समर्थित है। इन दोनों के बीच मजबूत सहसंबंध आकाश समतल पर बीआरसी में 'रॉकेट प्रभाव' का समर्थन करता है।

चुंबकीय क्षेत्र तथा L1616 में वाईएसओ

लिंड्स डार्क नेबुला (एलडीएन) 1615/1616 तथा सीबी 28 (आगे से L1616) मिलकर एक हास्य ग्लोब्यूल बनाते हैं जो ओरियन OB1 संग के पश्चिम में लगभाग 8 की कोणीय दूरी पर स्थित है जो लगभग पूर्व-पश्चिम दिशा में संरेखित है तथा एक विशिष्ट हेड-टेल संरचना प्रदर्शित करता है। ओरियन बेल्ट में विशाल तारों की उपस्थिति को L1616 में तारा-निर्माण के विकिरण-परिचालित विस्फोट मोड हेतु जिम्मेदार माना गया है। L1616 से जुड़े पहले से ज्ञात युवा तारकीय पिंडों (वाईएसओ) के नवीनतम Gaia एर्ली डेटा रिलीज़ 3 (ईडीआर3) मापन के आधार पर इस मेघ की दूरी 384 5 pc पाई गई। हम L1616 की ओर प्रकाशीय ध्रुवणमापी प्रस्तुत करते हैं जो परिवेश चुंबकीय क्षेत्र (बीपीओएस) ज्यामिति के समतल-आकाश घटक का मानचित्र करता है। L1616 से जुड़े वाईएसओ की उचित गति के आधार पर हम रोमांचक तारे ϵ Ori के सापेक्ष उनकी समतल-आसमान गति की जांच की गई। वाईएसओ की दूरी तथा उचित गति के Gaia EDR3 माप का उपयोग करते हुए हमें ज्ञात वाईएसओ के साथ आने वाले दो अतिरिक्त स्रोत मिलें। एक गतिशील स्रोत HD 33056, एक B9 तारा है तथा दूसरा एक युवा पूर्व-मुख्य-अनुक्रम तारा हो सकता है जो पिछले अध्ययन में रिपोर्ट नहीं किया गया था। BPOS की औसत दिशा मेघ संरचना का अनुसरण करती पाई गई है। यह ϵ Ori से आयनीकरण विकिरण के प्रभाव से चुंबकीय क्षेत्र रेखाओं को खींचने का प्रभाव हो सकता है। L1616 पर डाले गए दबाव तथा संबंधित वाईएसओ की उम्र के आधार पर हम प्रदर्शित किए हैं कि यह L1616 में आयनीकरण का मुख्य स्रोत हो सकता है तथा इस प्रकार इसमें तारा निर्माण हो सकता है।

पीएनएस के धूल भरे फोटो–आयनीकरण प्रतिमान

विकि रण परिवहन में ग्रेन्स सहित फोटो-आयनीकरण प्रतिमान, पीएनई की विशेषताओं का पता लगाने हेतु महत्वपूर्ण हैं, विशेष रूप से पीएनई के एक प्रकार के जिनके केन्द्रीय तारे वुल्फ-रेएट [डब्ल्यूआर] प्रकार के होते हैं। यह इसलिए है क्योंकि गैर-[डब्ल्यूआर]पीएनई की तुलना में उच्च आईआर ज्योति तथा बड़ा धूल द्रव्यमान दर्शाता है। मुत्थुमारियप्पन और अन्य (2023) ने 1डी फोटो-आयनीकरण कोड क्लौडी71.02 का उपयोग करके दो [डब्ल्यूआर]पीएनई, एनजीसी 2452 तथा आईसी 2003 का अध्ययन करने हेतु धूल भरे फोटो-आयनीकरण प्रतिमान का उपयोग किया। उन्होंने भारत में वेनु बप्पू वेधशाला, कावलूर,



चित्र 2.10: FUV F148W चैनल में ओसी एनजीसी 2818 की यूवीआईटी रंगीन प्रतिबिंब। यहां नारंगी रंग FUV के संसूचन को दर्शाता है। इस प्रतिबिंब में विस्तारित संरचना पीएन एनजीसी 2818 का प्रतिनिधित्व करती है। प्रतिबिंब में उत्तर दिशा ऊपर है तथा पूर्व दिशा बाएं ओर है। (चित्र सौजन्य: रानी और अन्य, 2023, एपीजे, 945,11)

तमिलनाडु स्थित 2.34 वीबीटी दूरबीन तथा अभिलेखीय आईआरएएस प्रकामिति में प्रकाश-यांत्रिकी अनुसंधान (ओएमआर) ग्रेटिंग स्पेक्ट्रमलेखी का उपयोग करके प्राप्त मध्यम विभेदन प्रकाशीय स्पेक्ट्रा का उपयोग अपने प्रतिमान को बाधित करने हेतु किया। इन पीएनई की नीहारिका तात्विक प्रचुरता आनुभविक विधि के साथ-साथ धूल भरे फोटो-आयनीकरण प्रतिमान की बनावट से व्युत्पन्न होती है। प्रतिमान से प्राप्त दोनों पीएनई हेतु एन/ओ अनुपात के मूल्य आनुभविक विधियों का उपयोग करके प्राप्त उनके संबंधित मूल्यों से कम हैं। केन्द्रीय तारों को काले पिंडों के रूप में माना जाता हे तथा एनजीसी 2452 तथा अईसी 2003 हेतु उनके सबसे उपयुक्त प्रतिमान से प्राप्त प्रकाशमंडलीय तापमान क्रमश: 182 kK तथा 155 kK और उनकी संबंधित दीप्तिमान 630L⊙ तथा 1015 L⊙ हैं(चित्र 2.9)। अध्ययन से पता चलता है कि दोनों पीएनई द्रव्यमान ≤ 2.8M⊙ के कम द्रव्यमान वाले प्रजनकों से उत्पन्न हुए थे। फोटो-इलेक्ट्रिक तापन के महत्व की जांच की गई तथा यह पाया गया कि फोटो-इलेक्ट्रिक तापन के साथ तथा बिना विचार किए प्रतिमान इस अध्ययन में विचार किए गए ग्रेन्स-आकार के दोनों पीएनई के वितरण के लिए महत्वपूर्ण अंतर नहीं बताते हैं।

एनजीसी 2818 का एस्ट्रासैट/यूवीआईटी अध्ययन

यह अध्ययन एस्ट्रोसैट पर लैस पराबैंगनी प्रतिबिंब दूरबीन (यूवीआईटी) से ली गई प्रतिबिंबों का उपयोग करके मध्यवर्ती आयु वाले मंदाकिनीय खुले तारागुच्छ एनजीसी 2818 (चित्र 2.10), जिसके क्षेत्र के भीतर ग्रहीय निहारिका (पीएन) उपलब्ध है, के पहले दूर-यूवी (एफयूवी) प्रतिबिंब प्रस्तुत किया है। तारागुच्छ के सदस्यों की पहचान यूवीआईटी-अभिज्ञात स्रोतों को



चित्र 2.11: तारकीय द्रव्यमान के फलन के रूप में पीआरसी, एसआरसी और आरजीबी दानवों की Li बहुतायत। क्षैतिज रेखाएं M-1.5 सौर द्रव्यमान वाले एक दानव हेतु A(Li) = 1.8 dex तथा विशाल Li-समृद्ध दानवों हेतु 3.2 dex की सैद्धांतिक ऊपरी सीमा के पहले निष्कर्ष का संकेत करता है। नीचे दाएं ओर त्रुटि क्रॉस A(Li) और द्रव्यमान में माध्य त्रुटियों को दर्शाया है। (चित्र सौजन्य: मल्लिक और अन्य, 2023, एपीजेएल, 944, 5)

गैया ईडीआर3 आंकडें के साथ जोड़कर की जाती है। त्रिज्य वेग की तुलना, तारागुच्छ के साथ पीएन की गैया ईडीआर3 उचित गति तथा पीएन एवं तारागुच्छ की ओर लाल होना पीएन की सदस्यता से इंकार नहीं करता है। सैद्धांतिक पोस्ट-एजीबी (पीएजीबी) प्रतिमान के साथ केन्द्रीय तारे की स्थिति के तुलना से पता चलता है कि पहले ही श्वेत वामन (डब्ल्यूडी) ने शीतलन चरण में प्रवेश कर चुका है तथा इसका द्रव्यमान ~ 0.66M⊙ माना जाता है। संबंधित प्रजनक का द्रव्यमान ~ 2.1M⊙ पाया गया जो तारागुच्छ के टर्न-ऑफ द्रव्यमान के बराबर है जिसका यह अर्थ है कि तारागुच्छ में प्रजनक बन सकता है। अध्ययन से पता चलता है कि एनजीसी 2818, पीएन की मेजबानी करने वाले कुछ ज्ञात समूहों में से एक हो सकता है जो तारकीय विकास प्रतिमान का परीक्षण करने का एक अनोखा अवसर प्रदान करता है। यह अध्ययन प्रकाशीय तथा एफयूवी-प्रकाशीय रंग-कांतिमान आरेखों में उनके स्थान के आधार पर अन्य विकासवादी चरणों जैसे चार दीप्त तथा गर्म नीले स्ट्रैगलर तारे (बीएसएस) तथा दो पीले स्ट्रैगलर (वाईएसएस) में तारों का भी पता लगाता है। वर्णक्रमीय ऊर्जा वितरण का उपयोग करके अनुमानित मापदंडों के आधार पर वे अनुमान लगाते है कि बीएसएस, टकराव वाले उत्पाद हैं अथवा उनके पास पता लगाने में असमर्थ डब्ल्यूडी सहचर हो सकते हैं। वाईएसएस का प्रकाशमिति



चित्र 2.12: (ए) वाईवाई सेक्स की प्रकाशमिति तथा गोलाकार ध्रुवणमिति (बी) 1RXS J174320.1-042953 की उच्च-अवस्था (एचएस1 तथा एचएस2) और निम्न-अवस्था (एलएस1 तथा एलएस2) प्रेक्षण। (चित्र सौजन्य: रावत और अन्य, 2023, एमएनआरएएस, 521,2729)



चित्र 2.13: आईजीआर J15094-6649 का टीईएसएस प्रकाश वक्र (ए) तथा पावर स्पेक्ट्रा (बी)। (सी) सुजाकू (एक्सआईएस/पिन) तथा संयुक्त स्विफ्ट (एक्सआरटी) और न्यूस्टार (एफपीएमए/एफपीएमबी) प्रेक्षणों से प्राप्त सर्वोत्तम-उपयुक्त एक्स-किरण स्पेक्ट्रा। (चित्र सौजन्य: जोशी और अन्य, 2023, एमएनआरएएस, 521, 6156)

विश्लेषण बाइनरिटी, स्पेक्ट्रमी परिणामों के अनुरूप उनकी पुष्टि करता है। वाईएसएस, बड़े पैमाने पर स्थानांतरण परिदृश्य के माध्यम से किया जा सकता था तथा गर्म घटकों को ए-प्रकार के उप-वामन होने की संभावना है।

तारकीय द्रव्यमान के फलन के रूप में विशाल तारों में लिथियम की प्रचुरता: क्रम द्रव्यमान वाले विशाल तारों में Li वृद्धि के स्रोत के रूप में He फ्लैश हेतु साक्ष्य

यह विदित है कि लाल विशाल शाखा (आरजीबी) पर तारे संवहन मिश्रण अथवा पहले ड्रेज-अप से गुजरते हैं जो हीलियम, कार्बन, नाइट्रोजन तथा लिथियम जैसे कई तत्वों की प्रकाशमंडलीय प्रचुरता को बदल देता है। उनमें से Li तत्व ही सबसे अधिक प्रभावित है। सतह Li प्रचुरता, A(Li), उनके मुख्य-अनुक्रम के 95% तक गिर जाती है। चार दशक पहले पहली Li-समृद्ध विशाल (एलआरजी) की खोज ने Li उद्भव की सामान्य समझ को चुनौती दी थी। तब से कई कार्यों ने स्थापित किया है कि द्रव्यमान के आधार पर A(Li) = 1.5-1.8 डेक्स के मानक प्रतिमान पूर्वानुमानों की तुलना में विशाल तारों का एक छोटा सा अंश (1%) Li प्रचुरता के उच्च स्तर को प्रदर्शित करता है। ऐसे तारों का अस्तित्व मानक विकासवादी सिद्धांतों से परे है जो एलआरजी में Li के उत्पादन तथा संरक्षण के पीछे कुछ सहायक तंत्र को दर्शाता है। विशाल तारों में Li उत्पादन के तंत्र तथा स्थल को समझाने हेतु विभिन्न सिद्धांत प्रस्तावित किए गए थे, लेकिन कोई निर्णायक प्रेक्षण संबंधी सबूत नहीं था। जब Li की उत्पत्ति पर चर्चा चल रही थी, हमारे समूह द्वारा किए गए एक बड़े प्रेक्षण अध्ययन ने यह सुझाव दिया कि Li वृद्धि, हीलियम-जलती हुई कोर वाले लाल क्लंप (आरसी) तारों से जुड़ी हो सकती है। कैमरून-फाउलर तंत्र नाम एक प्रक्रिया द्वारा आंतरिक रूप से संश्लेषित लिथियम, हीलियम फ्लैश, कम द्रव्यमान वाले तारों में आरजीबी टिप पर एक रनअवे परमाणु दहन (≤ 2 सौर द्रव्यमान), के दौरान गैर-विहित प्रक्रियाओं द्वारा बाहरी परतों के साथ मिश्रित हो सकता है। विशाल तारों में अधिक-Li उत्पत्ति से संबंधित प्रश्न अब तक अनसुलझे हैं।

अब तक ज्यादातर क्षैतिज शाखा (एचबी) के शीतल सिरे पर कम द्रव्यमान वाले आरसी विशाल तारों पर सर्वेक्षण केन्द्रित थे। Li वृद्धि की उत्पत्ति को समझने हेतु द्रव्यमानों की एक श्रृंखला पर एलआरजी का मानचित्रण करना दिलचस्प होगा। यह इसलिए है क्योंकि यदि वह फ्लैश ही एकमात्र तंत्र है तो किसी को उच्च द्रव्यमान वाले विशाल तारों के बीच एलआरजी की उम्मीद नहीं होगी क्योंकि He-फ्लैश केवल कम द्रव्यमान (≤ 2 सौर द्रव्यमान) विशाल तारों में होने की उम्मीद है। हमारे समूह (मल्लिक और अन्य, 2023) के हालिया काम में, तारकीय द्रव्यमान को एक फलन के रूप में विशाल तारों में लिथियम की प्रचुरता के वितरण का अध्ययन किया। हमने केप्लर प्रकाशमिति तथा लैमोस्ट मध्यम-विभेदन (आर$\sim$ 7500) स्पेक्ट्रमी सर्वेक्षण क्षेत्र के बीच सामान्य 1240 विशाल तारों के एक नमूने का उपयोग किया। क्षुद्रग्रह-भूकंप ΔP-$\Delta\nu$ आरेख का उपयोग कोर He-जलते हुए लाल क्लंकप विशाल तारों तथा एक निष्क्रिय He कोर वाले लाल विशाल शाखा तारों को परिभाषित करने हेतु किया जाता है। हमने 777 को लाल



चित्र 2.14: कक्षीय अवधि के फलन के रूप में चुंबकीय सीवी के असमंजन की डिग्री जहां स्विफ्ट J0503.7-2819 का स्थान एक मैजेंटा वृत्त से दर्शाया गया है। (चित्र सौजन्य: रावत और अन्य, 2022, एमएनआरएएस, 517, 1667)

क्लंप विशाल तारों रूप में पाया, जिनमें से 668 कम द्रव्यमान वाले (≤ 2 सौर द्रव्यमान) प्राथमिक लाल क्लंप दानव तथा 109 उच्च-द्रव्यमान (> 2 सौर द्रव्यमान) माध्यमिक लाल क्लंप दानव हैं(चित्र 2.11)। हमें सैद्धांतिक मॉडल भविष्यवाणियों से अच्छी तरह सहमत होने वाले माध्यममिक लाल क्लंप विशाल तारों के बीच Li वृद्धि का कोई सबूत नहीं मिला। द्वितीयक लाल क्लंप विशाल तारों के बीच Li-समृद्ध की कमी तथा प्राथमिक लाल क्लंप तारों के बीच सुपर Li-समृद्ध विशाल तारों सहित Li-समृद्ध की उपस्थिति इस विचार को पुष्ट करती है कि हीलियम फ्लैश कम द्रव्यमान वाले विशाल तारों के बीच Li संवर्धन हेतु आधारभूत है। परिणामस्वरूप कम द्रव्यमान वाले लाल क्लंप विशाल तारों के बीच Li वृद्धि हेतु एक भौतिक तंत्र की खोज करने वाले सैद्धांतिक प्रतिमान को और बाधित करेंगे। परिणाम प्रेक्षण संबंधी साक्ष्य के रूप में भी काम करते हैं कि केवल ~ 2 सौर द्रव्यमान से कम द्रव्यमान वाल दानव ही एक विकृत He कोर विकसित करते हैं तथा He फ्लैश से गुज़रते हैं।

गोलाकार तारागुच्छ एनजीसी 7006 में परिवर्तनशील तारा जनसंख्या का विस्तृत विश्लेषण

परिवर्ती तारों की ज्ञात आबादी का विस्तृत विश्लेषण करने हेतु गोलाकार तारागुच्छ एनजीसी 7006 की 5-वर्षीय सीसीडी प्रकाशमिति VI समय श्रृंखला को नियोजित (फेरो और अन्य, 2023, एमएनआरएएस, 519, 2451) किया गया है। इन प्रेक्षणों से असंगत वर्गीकरणों को ठीक किया गया तथा 10 नए तारागुच्छ सदस्य चर पाए गए। एक स्वावलंबी लाली E(B-V) = 0.08 0.05 मान के साथ अनुमान लगाया गया है। आरआर लाइरे प्रकाश वक्रों तथा अच्छी तरह से स्थापित अंशांकन के फूरियर उपघटन का उपयोग करते हुए तारागुच्छ सदस्य RRab प्रकार के



चित्र 2.15: बीएचसी के संचयन हेतु भंग-आवृत्ति बनाम क्यूपीओ आवृत्ति का सहसंबंध त्रिकोण (काले) से दर्शाया गया है जो विज़नैंड्स और वैन डेर क्लिस (1999) के चित्र 2b से लिया गया है। मैक्सी J1910-057 के अध्ययन में पाए गए क्यूपीओ को हीरे (लाल) से दर्शाया गया है। रीस और अन्य (2013) द्वारा पाया गया 4.5 MHz क्यूपीओ वृत्त (नीला) से दर्शाया गया है। (चित्र सौजन्य: नाथ और अन्य, 2023, एडीएसपीआर, 71, 1045)

चर तारों के विस्तारित नमूने के आधार पर तारेगुच्छ औसत धात्विकता और दूरी [Fe/H]ZW = −1.53 0.15 तथा 41.2 1.4 kpc आकलित किए गए हैं। गाया डीआर3 आंकडें का उपयोग करते हुए एक व्यापक सदस्यता विश्लेषण किया गया जो एक स्वच्छ रंग-कांतिमान आरेख की ओर ले जाता है तथा उन चरों की पहचान करता है जो संभावित क्षेत्र तारे हैं तथा क्षैतिज शाखा (एचबी) में परिवर्तनीय वितरण पर विचार करता है। एक द्वि-मोड आरआर लाइरे तथा तीन सीडब्ल्यू तारों पर चर्चा की गई है। बहुत पतले ($\sim$ 0.06 0.01 सौर द्रव्यमान) आवरण वाले एचबी की नीली पूंछ में पूर्व लक्षण से सीडब्ल्यू तारों की उत्पत्ति का तर्क किया जाता है। हमारे प्रतिमान उल्लेखित करता है कि आरआर लाइरे तारों के मुख्य-अनुक्रम पूर्ववर्ती का द्रव्यमान 0.82-0.85 सौर द्रव्यमान था तथा इसका लगभग 25-35 प्रतिशत नष्ट हो गया तथा इसका द्रव्यमान कतिपय 12-13.5 Gyr के बाद एचबी में बसने से पहले लाल बृहत शाखा की घटनाओं के दौरान लगभग 25-35 प्रतिशत नष्ट हो गया।

ध्रुवों के रूप में दो चुंबकीय प्रलयात्मक चर की पुष्टि

प्रकाशीय तथा एक्स-किरण कालमापन तथा वर्णक्रमीय विश्लेषण के आधार पर रावत और अन्य (2023) ने निष्कर्ष निकाला कि दो चुंबकीय प्रलयात्मक चर (सी) उम्मीदवार, IRXS J174320.1-042953 तथा YY सेक्स चुंबकीय सीवी के ध्रुवीय उपवर्ग से संबंधित हैं। YY सेक्स के ध्रुवणमापीय प्रेक्षणों ने केवल कक्षीय



चित्र 2.16: HD 54786 द्वारा दिखाया गया Hα EW तथा V परिमाण की भिन्नता दर्शाया गया है। ऊपरी पैनल में लाल क्रॉस Hα EW का प्रतिनिधित्व करते हैं। नीचे पैनल में धूसर, काले और नीले क्रॉस एएसएएस और एएवीएओ क्रमशः से प्राप्त V-कांतिमान मूल्य दर्शाते हैं। (चित्र सौजन्य: भट्टाचार्य और अन्य, 2022, एपीजेएल, 933, एल34)

अवधि पर माडुलित गोलाकार ध्रुवीकरण दिखाया है तथा 1RXS J174320.1-042953 हेतु दो विशिष्ट उच्च तथा निम्न अवस्थाएं दिखाईं जो स्पष्ट रूप से उनकी चुंबकीय प्रकृति का संकेत हैं (चित्र 2.12)।

डिस्क-प्रभुत्व वाले मध्यवर्ती ध्रुवीय IGR J15094-6649 के प्रकाशीय तथा एक्स-किरण गुणों की सुलझन

पारगमन एक्सोप्लैनेट सर्वेक्षण उपग्रह से प्राप्त अभिलेखीय प्रकाशीय आंकडें और सुज़ाकु, न्यूस्टॉर से प्राप्त एक्स-किरण आंखेडे के आधार पर स्विफ्ट, जोशी और अन्य (2023) ने एक मध्यवर्ती ध्रुवीय IGR J15094-6649 (चित्र 2.13) का विश्लेषण प्रस्तुत किया है। एक्स-किरण तथा प्रकाशीय प्रचक्रण स्पंद का प्रभुत्व डिस्क-फेड प्रभुत्व अभिवृद्धि का अनावरण करता है, हालांकि पहली बार एक अतिरिक्त बीट आवृत्ति का पता लगाने से संकेत मिलता है कि अभिवृद्धि सामग्री का हिस्सा चुंबकीय क्षेत्र रेखओं के साथ भी बहता है। इसके अलावा ब्रॉड-बैंड एक्स-किरण प्रेक्षण हमें आघात के बाद के क्षेत्र के बारे में जानकारी प्रदान करती हैं जो जटिल अवशोषक, अति नरम के साथ बहु-तापमान प्लैज़मा उत्सर्जन घटकों तथा परावर्तन से बना लगता है। संक्षेप में IGR15094-6649 के कालमापन तथा वर्णक्रमीय विश्लेषण से अभिवृद्धि के सटीक तरीके और आघात के बाद के क्षेत्र की प्रकृति का पता चलता है।

स्विफ्ट J0503.7-2819: अवधि अंतराल के नीचे एक लगभग तुल्यकालित मध्यवर्ती ध्रुव?

अधिकांश मध्यवर्ती ध्रुवों (आईपी) की कक्षीय अवधि 2-3 घंटे के 'अवधि अंतराल' से अधिक लंबी होती है। हालांकि आईपी का एक विशेष वर्ग है जिसे लगभग तुल्यकालिक आईपी के रूप में जाना



(चित्र 2.17): गैया डीआर3 तथा एलईएमसी सीबीई तारों हेतु आकलित ईडब्ल्यू द्वारा प्रदत्त पीईडब्ल्यू के बीच का बिखरा आलेखन। लाल क्रॉस सामान्य वितरण विश्लेषण के आधार पर पराया सदस्यों को दर्शाता है। भूरे रंग से संपूरित वृत्त सांतत्यक के ऊपर Hα शिखर वाले तारे तथा सांतत्यक के नीचे H शिखर को हल्के नीले हीरे से दर्शाए गए हैं। एक वैश्विक उपयुक्त द्वितीयक डिग्री बहुपद को आलेखन के ऊपर बाएं ओर समीकरण के साथ काली धराशायी लकीरों से दर्शाया गया है। इसके अलावा प्रत्येक अंतराल के भीतर खंडशः उपयुक्तता को संबंधित रंगों में उपयुक्त प्राचलों के साथ दर्शाया गया है। नकारात्मक ईडब्ल्यू मूल्य उत्सर्जन में रेखाओं को दर्शाते हैं। (चित्र सौजन्य: श्रीधरन और अन्य, 2022, ए&ए, 668, 156)

जाता है जिसके लिए डब्ल्यूडी की प्रचक्रण-अवधि डब्ल्यूडी की कक्षीय अवधि के लगभग (0.7-0.9) गुना के परिसर में होती है। ऐसा माना जाता है कि ये प्रणालियां समकालिकता प्राप्त करने तथा ध्रुवों में विकसित होने की प्रक्रिया में हैं। एक ही संपुष्ट प्रणाली है 'पालोमा', जो इस वर्ग से संबंधित है तथा अवधि अंतराल में स्थित है। संदर्भ के इस ढाँचे के भीतर रावत और अन्य (2022) ने केवल अन्य नज़दीक तुल्यकालिक आईपी नामतः स्विफ्ट J0503.7-2819 (चित्र 2.14)के एक्स-किरण तथा प्रकाशीय गुणों को प्रस्तुत किया। इस लक्ष्य की एक्स-किरण तथा प्रकाशीय विविधताएं ~ 65 मिनट की अवधि में पाई गई हैं जिसे हम श्वेत वामन की प्रचक्रण-अवधि के रूप में प्रस्तावित करते हैं। यदि प्रस्तावित प्रचक्रण-अवधि वास्तव में वास्तविक अवधि है तो स्विफ्ट J0503.7-2819 अवधि अंतराल के नीचे पहला लगभग तुल्यकालिक मध्यवर्ती ध्रुव हो सकता है।

मैक्सी J1910-057/स्विफ्ट J1910.2-0546 की अभिवृद्धि का प्रवाह गुण

यह अध्ययन मंदाकिनीय कृष्ण विवर उम्मीदवार मैक्सी J1910-057/स्विफ्ट J1910.2- 0546 पर केन्द्रित है जिसे मैक्सी/जीएससी तथा स्विफ्ट/बेट उपग्रहों ने वर्ष 2012 में अपने शुरुआती विस्फोट के दौरान एक साथ खोजा था। विश्लेषण, व्यापक ऊर्जा परिसर में स्रोत के वर्णक्रमीय तथा अस्थायी गुणों की जांच हेतु स्विफ्ट/एक्सआरटी, मैक्सी/जीएससी तथा स्विफ्ट/बेट उपकरणों



चित्र 2.18: एमजेडी के विरुद्ध Hα EW की कालावधि-वार विविधता जैसा कि एचडी 4180, एचडी 142926, एचडी 164447 तथा एचडी 171780 तारों हेतु प्रेक्षित किया गया है। प्रेक्षणों के आधार पर यह पाया गया है कि इन सभी 4 तारों ने Hα EW में समग्र कमी प्रदर्शित की है। यह दर्शाता है कि वे वर्तमान कालावधि में डिस्क-हानि प्रकरण से गुज़र रहे होंगे। (चित्र सौजन्य: बनर्जी और अन्य, 2022, जेएए, 43, 102)

से अभिलेखीय आंकडें का उपयोग करता है (चित्र 2.15)। विस्फोट के दौरान कम-आवृत्ति अर्ध-आवधिक दोलन (क्यूपीओ) की उपस्थिति पाई गई। नरम तथा कठोर एक्स-किरण प्रवाह, कठोरता अनुपात तथा वर्णक्रमीय प्रतिमान के उपयुक्त मापदंडों में भिन्नता का विश्लेषण करके छह अलग-अलग वर्णक्रमीय अवस्थाओं की पहचान की गई जो विकासवादी प्रगति का संकेत देते हैं। भंग आवृत्ति तथा क्यूपीओं के बीच सहसंबंध की रूपरेखा बनाई है। यह वर्णक्रमीय अवस्था विकास की व्याख्या से पता चलता है कि यह ढेर त्रिज्या से संचित पदार्थ की रिहाई से उत्पन्न होता है। यह रिहाई विस्कासिता में अचानक वृद्धि से शुरू होती है जिससे स्रोत की दीप्ति फिर से बढ़ जाती है। विस्फोट के दौरान अभिवृद्धि प्रवाह के विकास को दर्शाने वाला एक संभावित विन्यास प्रस्तुत किया गया है। वर्णक्रमीय विश्लेषण से कृष्ण विवर का संभावित द्रव्यमान 6.31 M⊙ से 13.65 M⊙ की सीमा के भीतर होने का अनुमान है। इसके अलावा संक्रमण दीप्ति के विचारों के आधार पर स्रोत से दूरी 1.9 - 8.3 किलोपारसेक के बीच होने का अनुमान है। यह अध्ययन वर्ष 2012 में अपने प्रारंभिक विस्फोट के दौरान मंदाकिनीय कृष्ण विवर उम्मीदवार मैक्सी J1910-057/स्विफ्ट J1910.2-0546 की वर्णक्रमीय और अस्थाई विशेषताओं में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करता है। निष्कर्ष कृष्ण विवर की व्यवहार तथा अभिवृद्धि प्रवाह की गतिशीलता की गहरी समझ में योगदान करते हैं।

मैक्सी J0709–159 से एक्स–किरण अपसरण का विसंकेतन

यह कार्य जनवरी 25, 2022 को एचडी 54786 (LY CMa) की दिशा में मैक्सी J0709-159 से नरम तथा कठोर एक्स-किरण में



चित्र 2.19: -7.0 तथा +2.09 दिनों के दौरान एसएन 2020rea का वर्णक्रमीय विकास जी-बैंड में अधिकतम, एनएआई डी की विशेषता के आसपास ज़ूम किया गया क्षेत्र इनसेट में दर्शाया गया है। (चित्र सौजन्य: सिंह और अन्य, 2022, एमएनआरएएस, 517, 5617)

चित्र 2.41: हरिनीले रंग में दर्शाए गए देर से निर्मित पीबीएच द्रव्यमान फलन का आलेखन यह सूचित करता है कि पीबीएच घनत्व ब्रह्मांड में संपूर्ण अदीप्त पदार्थ घनत्व का कारण बन सकता है। (चित्र सौजन्य: अमलान चक्रवर्ती और अन्य, दी एस्ट्रोफिजिकल जर्नल, 932:119, 2022)

जो असमरूपता को स्पष्ट किया तथा आगे सूचित किया कि कैसे समरूपता का टूटना प्रदिश मिन्कोव्स्की फलनों की मात्रा तथा समष्टि औसत को प्रभावित करता है। इन परिमाणों की समष्टि औसत वक्रीय निर्देशांक में बनाया गया था तथा यह दर्शाया गया था कि समष्टि और मात्रा औसत लगभग बराबर हो सकते हैं लेकिन यह एक प्रदिश के आयतन औसत की परिभाषा और प्रेक्षक एवं क्षेत्र के बीच की त्रिज्य दूरी के विकल्प पर निर्भर करता है। तत्पश्चात उन्होंने गोलाकारी अभिरक्त विस्थापन-अंतरिक्ष विरूपित, गाऊसी यादृच्छिक क्षेत्रों तथा गुरुतवाकर्षण रूप से विकसित अदीप्त पदार्थ घनत्व क्षेत्रों से $z = 0$ पर प्रदिश मिन्काव्स्की फलनों को निरूपित किया ताकि उसका परीक्षण किया जा सके यदि कैसर आरएसडी संकेत को सफलतापूर्वक मापने की क्षमता हो। अदीप्त पदार्थ क्षेत्र हेतु दृष्टिरेखीय के समानांतर एमटी घटक में एक महत्वपूर्ण असंगत संकेत पाया गया जो कि कैसर प्रभाव के अलावा, बड़े पैमाने पर $RG \geq 15$ Mpc पर भी मौजूद है। इसका कारण एमटी की दृष्टिरेखीय घटक फिंगर ऑफ गॉड प्रभाव से काफी हद तक दूषित है जिसे लगभग संचयी में एक अतिरिक्त डंपिंग अवधि द्वारा प्रतिमान किया जा सकता है।

कण उत्पादन के साथ संभावित स्फीति ब्रह्मांड विज्ञान

स्फीतिकारी प्रतिमान का एक वर्ग जिसमें कण उत्पादनों के त्वरित विस्फोट शामिल हैं प्रेक्षण संबंधी संकेतों की भविष्यवाणी करते हैं जैसे कि आद्य अदिश शक्ति स्पेक्ट्रम में बम्प जैसी विशेषताएं पाई गई हैं। शोधकर्ताओं ने ऐसे प्रतिमानों का विश्लेषण प्लैंक 2018 के नवीनतम सीएमबी आंकडें के साथ अपनी भविष्यवाणियों की तुलना कर संपादित किया। उन्होंने कण उत्पादन के दो परिदृश्यों पर विचार किया। पहला एक सरल परिदृश्य है जिसमें प्रेक्षणीय स्फीति के दौरान कण उत्पादन का एक विस्फोट शामिल है। दूसरे में कण उत्पादन के कई विस्फोट शामिल हैं जो आद्य शक्ति स्पेक्ट्रम में बम्प जैसी विशेषताओं की एक श्रृंखला का सृजन करता है। यह पाया गया कि बहु-बम्प प्रतिमान का दूसरा परिदृश्य सामंजस्य ΛCDM प्रतिमान की तुलना में CMB आंकडें को बेहतर उपयुक्त पाया गया है। बाएसियन साक्ष्यों का उपयोग करके प्रतिमान की तुलना की गई। बहु-बम्प प्रतिमान की आद्य विशेषताओं के आयाम पर प्रेक्षण संबंधी बाधाओं से यह पाया गया कि कण उत्पादन हेतु जिम्मेदार आयाम रहित युग्मन प्राचल g, $g < 0.05$ होना तय है।

गुरुत्वाकर्षण के एक सामान्य वर्ग के सिद्धांतों में बियांकी की पहचान

लैग्रेंजियन $L(g_{ab}, R_{abcd})$ के साथ गुरुत्वाकर्षण के सिद्धांतों का एक बड़ा वर्ग है जो मापीय तथा रीमैन वक्रता प्रदिश पर निर्भर करता है लेकिन वक्रता प्रदिश के गौण उत्पाद पर नहीं। आइंस्टीन का गुरुत्वाकर्षण का सिद्धांत भी ऐसे ही लैग्रेंजियन का एक उप समूह है। ये सिद्धांत कई संदर्भों में रुचिकर हैं जैसे कि अदीप्त ऊर्जा, अदीप्त पदार्थ आदि का संभावित वैकल्पिक विवरण तथा उस प्रतिमान का विकास जो गुरुत्वाकर्षण को एक आकस्मिक घटना के रूप में मानता है। प्रतिमानों के इस वर्ग में एक महत्वपूर्ण उपसमूह के रूप में गुरुत्वाकर्षण के सभी लैंज़ोस-लवलॉक प्रतिमान भी शामिल हैं। हम सिद्धांतों के इस वर्ग में बियांची विशिष्टता की जांच

करते हैं। यह सर्वविदित परिणाम है कि आइंस्टीन प्रदिश अपसरण-रहित है जो रीमैन वक्रता प्रदिश हेतु बियांची विशिष्टता के निशान से अनुसरण करता है। इस अपसरण-रहित विशेषता का महत्व न केवल पदार्थ क्षेत्र में ऊर्जा तथा गति के संरक्षण के संदर्भ में प्रासंगिक है बल्कि सामान्य सहपरिवर्ती आइंस्टीन के गुरुत्वाकर्षण के सिद्धांत की एक मूलभूत विशेषता है। शोधकर्ता ने बियांची विशिष्टता, $\nabla_a E^{ab} = 0$ जहां गुरुत्वाकर्षण सिद्धांतों के एक सामान्य वर्ग के गति प्रदिश का समीकरण है, की जांच की है। वे E^{ab} के अपसरण से संबंधित रुचिकर विशिष्टता व्युत्पन्न करते हैं जो गुरुत्वाकर्षण के ऐसे सिद्धांतों की अवतद्वत्ता अपरिवर्तनीय विशेषता से घनिष्ठ रूप से संबंधित हैं। इसके अलावा गति प्रदिश के समीकरण के बीजीय विशेषताओं तथा व्यक्तिगत घटकों के गुणों की जांच की जाती है तथा उन गुणों पर रेखांकित किया गया है जो संबंधित बियांची विशिष्टता की ओर ले जाते हैं।

2.5 प्रायोगिक ताराभौतिकी तथा मापयंत्रण

इस समूह के सदस्य अनुसंधान तथा विकासात्मक गतिविधियों में जुड़े रहे जो संस्थान के समग्र अनुसंधान वातावरण में वृद्धि ले आती है। इनमें प्रयोगशाला में नए प्रयोग परिरूपित करके निष्पादन करना, एक नए उपकरण के घटकों का अभिलक्षण करना, नए उपकरणों का परिरूपण, संभावित भविष्य की परियोजनाओं हेतु मूलसिद्धांत तैयार करना, नए डेटा अवनति साफ्टवेयर विकसित करना जो न केवल उपकरणों से प्राप्त डेटा की अवनतियों को कम करता यद्यपि डेटा का विश्लेषण करने हेतु एक उपकरण के रूप में भी कार्य करता है। इस रिपोर्ट में कथित अवधि के दौरान की गई ऐसी गतिविधियों का एक संक्षिप्त सारांश निम्नवत प्रस्तुत है।

एनएलएसटी के लिए प्रतिबिंब गुणवत्ता के लिए नए मेट्रिक्स

संस्थान डेढ दशक से अधिक समय से मेरक, लद्दाख में राष्ट्रीय बृहत सौर दूरबीन (एनएलएसटी) के निर्माण हेतु आधार कार्य कर रहा है। जब भी दूरबीन का निर्माण किया जाता है तो दूरबीन की अपेक्षित प्रतिबिंब गुणवत्ता की विशिष्टता उन महत्वपूर्ण प्राचलों में से एक है जिस पर ध्यान दिया जाना चाहिए। तारकीय दूरबीनों में प्रतिबिंब की गुणवत्ता को स्ट्रेहल अनुपात तथा घेराबंदी ऊर्जा जैसे मानक मापीय उपकरणों का उपयोग करके निर्दिष्ट किया जाता है। हालांकि, सूर्य के बड़े आकार के कारण इन मापकों प्रतिबिंब की गुणवत्ता को निर्दिष्ट करने हेतु उपयोग नहीं किया जा सकता है। कोई सौर दूरबीन हेतु प्रतिबिंब की गुणवत्ता कैसे निर्दिष्ट कर सकता है ? आगे, किसी भी अन्य आधुनिक बृहत भू-आधारित दूरबीन की तरह एनएलएसटी की प्रतिबिंब गुणवत्ता पर पृथ्वी के विक्षोभ वातावरण के घातक प्रभावों की क्षतिपूर्ति हेतु



चित्र 2.42: पूर्व के विभिन्न विकल्पों हेतु पावर स्पेक्ट्रम के अनुरूप एकल बंप प्रतिमान के प्राचलों का एक तथा दो-आयामी पश्च वितरण। हल्के तथा गहरे छायांकित क्षेत्र क्रमश: 68% तथा 95% निश्चय स्तर के अनुरूप प्राचल अंतरिक्ष दर्शाते हैं। (चित्र सौजन्य: नाइक एस. और अन्य, जेसीएपी वॉल्यूम, 07, 2022)

अनुकूली प्रकाशिकी प्रौद्योगिकी से सुसज्जित होगा। अनुकूली प्रकाशिकी से अपेक्षित प्रतिबिंब की गुणवत्ता क्या होगी ? आईआईए के शोधकर्ताओं ने हाल के प्रकाशन के माध्यम से इन सवालों का जवाब देने की योजना बनाई है। उन्होंने भू-आधारित सौर दूरबीनों की प्रतिबिंब गुणवत्ता को परिमाणित करने हेतु एक मापीय के रूप में वर्ग माध्यम मूल मान (आरएमएस) कणिकायन विषमता का उपयोग करने का प्रस्ताव किया है। उन्होंने अनुकूली प्रकाशिकी पूर्ति के विभिन्न स्तरों हेतु दूरबीन व्यास D तथा वायुमंडलीय संसक्तता व्यास r_0 के अधिकांश व्यावहारिक मूल्यों हेतु स्ट्रेहल अनुपात तथा आरएमएस कणिकायन विषमता के बीच सामंजस्य को इंगित करने वाले अर्ध-लघुगणक प्लाट प्राप्त किए गए हैं (चित्र 2.43)। इन परिणामों का उपयोग भू-आधारित सौर दूरबीनों से अपेक्षित आरएमएस कणिकायन विषमता की निचली सीमा की भविष्यवाणी करने हेतु प्रशंसनीय 50% तंत्र दक्षता के संयोग में किया जा सकता है।

एनएलओटी प्रकाशिकी परिरूप का अनुकूलन

संस्थान लगभग दो दशकों से राष्ट्रीय बृहत प्रकाशिकी दूरबीन

(एनएलओटी) के निर्माण पर भी विचार कर रहा है। पिछले दशक में कई आधार कार्य किए गए हैं। इसमें समर्पित स्थल अभिलक्षण मापयंत्रणों (स्वचालित विलुप्ति तथा आकाश दीप्ति मॉनिटर, आईआर गुच्छ मॉनिटर, चंद्र प्रस्फुरणमापी तथा डीआईआईएम निगाह मॉनिटर) का विकास, एक आदिप्ररूप खंडित दर्पण दूरबीन (पीएसएमआी) का विकास तथा टीएमटी के प्राथमिक दर्पण खंडों के प्रमार्जन एवं हेक्सिंग जैसी क्षमता निर्माण गतिविधियां शामिल हैं। इन तकनीकों का उपयोग बाद में एनएलओटी के प्राथमिक दर्पणों हेतु किया जा सकता है। दूरबीन के तीन संभावित प्रकाशिकी विन्यासों का विस्तृत अध्ययन किया गया। ये विन्यास हैं (क) रिची-क्रेटियन (आरसी), (बी) एस्फेरिक ग्रेगोरियन (एजी) और (ग) थ्री मिरर एनास्टिग्मैटिक (टीएमए)। यह पाया गया कि धीमी प्राथमिक (f/1.5-f/1.74) के साथ R-C परिरूप सर्वोत्तम निष्पादन प्रदान करता है। चित्र 2.44 में अध्ययनित तीन परिरूप प्रदर्शित किए गए हैं। चित्र 2.45 में विभिन्न तरंगदैर्ध्य पर प्राथमिक f-संख्या के फलन के रूप में स्ट्रेहल अनुपात दर्शाया गया है।

एसएसए का विकास और विश्लेषण

एक आदिप्ररूप खंडित दर्पण दूरबीन (पीएसएमटी) विकसित करने का शोध-कार्य जारी रहा। एसएमटी के महत्वपूर्ण यांत्रिक उपप्रधालियों में से एक खंड अवलंब संयोजन (एसएसए) है। आईआईए के शोधकर्ताओं द्वारा एक साधारण तथा लागत प्रभावी एसएसए तैयार किया गया है जो 500 mm तक व्यास वाले दर्पणों का समर्थन कर सकता है। पराकाष्ठा से क्षितिज की ओर बढ़ते समय एसएसए पर गुरत्वाकर्षण के प्रभाव को समझने हेतु व्यापक विश्लेषण किया गया है। विश्लेषण से पता चलता है कि अवलंब बहुत प्रभावी ढंग से दर्पण की आकृति को संभालता है तथा इसलिए खंड आकृति में गतिशील परिवर्तनों की क्षतिपूर्ति हेतु वार्पिंग हार्नेस की आवश्यकता को समाप्त करता है जो अन्य खंडित दर्पण दूरबीनों में अधिक सामान्य है। चित्र 2.46 का ऊपरी पैनल में एक नकली एल्यूमीनियम दर्पण के साथ एसएसए का छायाचित्रण दर्शाया गया है। नीचले पैनल में मापित दर्पण सतह विरूपण, जब एसएसए को आंचल और क्षितिज की ओर इंगित है, दर्शाया गया है।

खंडित प्राथमिक दर्पण के लिए नया साफ्टवेयर

खंडित प्राथमिक दर्पण में उत्पन्न होने वाली समस्याओं को समझने के प्रयास में आईआईए के शोधकर्ताओं ने एक सामान्य पैथान-आधारित सॉफ्टवेयर टूल विकसित तथा अनुकूलित किया है जो ज़ीमेक्स किरण खोज सॉफ्टवेयर के साथ मिलकर काम कर सकता है। यह उपकरण उपयोगकर्ता को यादृच्छिक आकार के षट्कोणीय छिद्र तथा उनके बीच के अंतराल को चुनने



चित्र 2.43: ऊपर: दृष्टि-सीमित प्रतिबिंब-अभिग्रहण स्थितियों के तहत आरएमएस विषमता बनाम स्ट्रेहल अनुपात। जैसा कि लेजेंड में दर्शाया गया है कि चिन्हों अलग-अलग दूरबीन व्यास (सेमी में) के अनुरूप हैं तथा r0 बढ़ने की दिशा एकता के चरणों में 6 से 21 cm तक तीर-पंक्ति के साथ है। नीचे: विभिन्न दूरबीन व्यासों हेतु आरएमएस विषमता बनाम स्ट्रेहल अनुपात और thceorSretrcethioln(.rigEhatc)h पर एओ एफ-अनुपात के बाद r0. चिन्ह एनइज़ेट के एक अद्वितीय मूल्य का प्रतिनिधित्व करता है (संबंधित आलेखनों के ऊपरी बाएं कोने पर दिखाया गया है) तथा प्रत्येक रंग दूरबीन व्यास के एक अद्वितीय मूल्य का प्रतिनिधित्व करता है। (आलेखनों के दाएं ओर दिखाया गया है)। (चित्र सौजन्य: सरस्वती कल्याणी और रेंगास्वामी श्रीधरण, सौर भौतिकी, 2023)

की अनुमति प्रदान करता है। उन्होंने इस उपकरण की सहायता से विभिन्न खण्डीकरण संबंधी त्रुटियों (खण्ड पिस्टन, टिप एवं टिल्ट, क्लॉकिंग, वक्रता की त्रिज्या, अपरूपण, खण्ड आकार, अंतर-खण्ड अंतराल के साथ-साथ त्रुटि का पता लगाना) के प्रभाव का भी अध्ययन किया है। यह पाया गया कि एनएलएसटी के षट्कोणीय खंडों के बीच अंतर का आकार अधिमानत: 3-5 mm की सीमा में होना चाहिए।



चित्र 2.44: एनएलओटी हेतु विचार किए गए तीन दूरबीन विन्यासों का प्रकाशिकी दर्शन। उदाहरण के तौर पर एफ/1 प्राथमिक हेतु दिखाया गया है। (चित्र सौजन्य: अनुपमा और अन्य, जेएए, 2022)



चित्र 2.45: एनएलओटी हेतु Y, J, H और K बैंड पर प्राथमिक एफ-संख्या के दो विशिष्ट मूल्यों हेतु दृष्टि-क्षेत्र के एक फलन के रूप में स्ट्रेहल दर्शाया गया है। (चित्र सौजन्य: अनुपमा और अन्य, जेएए, 2022)

टीएमटी के लिए भारत का योगदान

जैसा कि पहले उल्लेख किया गया है संस्थान टीएमटी में योगदान प्रदान करके 10-12 m श्रेणी की दूरबीन के निर्माण की तैयारी में अपनी क्षमता निर्माण प्रयासों को बढ़ाता है। टीएमटी-इंडिया, टीएमटी के प्रथम-प्रकाश उपकरणों, अवरक्त प्रतिबिंब स्पेक्ट्रमलेखी (आईआरआईएस) तथा बहु-पिंड विवर्तन-सीमित उच्च-विभेदन अवरक्त स्पेक्ट्रमलेखी (एमओडीएचआईएस) के विकास का हिस्सा है। अवरक्त पथप्रदर्शक तारा सूचीपत्र, इन अनुकूली प्रकाशिकी (एओ)-सहायक उपकरणों में भारत का एक महत्वपूर्ण योगदान है। टीएमटी-इंडिया उच्च-विभेदन प्रकाशिकी स्पेक्ट्रमलेखी (एचआरओएस) के विकास में अग्रणी है जो टीएमटी के पहले दशक के उपकरणों में एक प्रमुख काम करने वाले उपकरण है। भारत-टीएमटी ने व्यापार अध्ययन तथा डब्ल्यूएफओएस परिरूप के विकास में एक प्रमुख भूमिका निभाई। भारत विस्तृत क्षेत्र प्रकाशिकी स्पेक्ट्रममापी (डब्ल्यूएफओएस) के विकास में 30% से अधिक योगदान देता है। संप्रति भारत-टीएमटी डब्ल्यूएफओएस के कई उप-प्रणालियों, नियंत्रण इलेक्ट्रॉनिक्स तथा उपकरण नियंत्रण सॉफ्टवेयर के प्रकाश-यांत्रिक परिरूप में योगदान दे रहा है। भारतीय ताराभौतिकी संस्थान (आईआईए) के पास M1 खण्डों के प्रमार्जन तथा खण्ड अवलंब संयोजन (एसएसए) के साथ M1 खण्ड के एकीकरण हेतु क्रेस्ट परिसर में एक समर्पित खण्ड प्रमार्जन सुविधा है (चित्र 2.47)।

50-cm दूरबीन के आंतरिक पुर्नसज्जा और स्वचालन नियंत्रण

आईएओ, हनले में 50cm रिची-ग्रेटियन विषुवत्तीय आलंबन दूरबीन को नवीनीकृत किया गया है तथा वर्ष 2022 में फिर से चालू किया गया है। यह कम लागत वाली लेकिन कुशल दूरबीन नियंत्रण प्रणाली (टीसीएस) तथा वेधशाला नियंत्रण सॉफ्टवेयर (ओसीएस) विकसित करके हासिल किया गया था। टीसीएस का मध्य-भाग गति नियंत्रक है तथा इसे सस्ते और तत्परता से उपलब्ध प्रोग्रामेबल सिस्टम ऑन चिप (पीएसओसी) का उपयोग करके बनाया गया था।





चित्र 2.46: ऊपर: कल्पित एल्यूमीनियम दर्पण के साथ आईआईए में परिरूप तथा विकसित पीएसएमटी के एसएसए का छायाचित्रण। जब दर्पण के साथ एसएसए को जेनिथ (मध्य) तथा क्षितिज (नीचे) की ओर इंगित किया जाता है तो दर्पण की सतह की विकृति मापी जाती है। (चित्र सौजन्य: गोविंदा और अन्य, 12182, 121821एफ)

दूरबीन संकेत प्रतिमान हेतु एक कुशल सॉफ्टवेयर मॉड्यूल लागू किया गया है। आसीएस ही नियंत्रण संरचना में सबसे ऊपरी परत है। यह निस्यंदक पहिया, संसूचक तथा संलग्नक को संभालता है। नियोजक उपकरण तथा ग्राहक-परिसेवक संरचना के साथ संयुक्त ओसीएस दूरबीन के मानवरहित संचालन की सुविधा प्रदान करता है। आसान अनुरक्षण, मापनीयता, प्रतिरूपकता तथा विपदा-प्लेटफॉर्म एकीकरण को ध्यान में रखते हुए नियंत्रण हार्डवेयर तथा सॉफ्टवेयर को आंतरिक रूप से विकसित किया गया है। चित्र 2.48 और 2.49 में नवीनीकृत दूरबीन से प्राप्त तारे एएस सीआरबी के बीवीआरआई बैंड में दूरबीन तथा प्रकाश वक्र दर्शाए गए हैं।

आदित्य-एल1 मिशन पर लैस दृश्यमान उत्सर्जन रेखा किरीटलेखी

आदित्य-एल1 मिशन पर लैस दृश्यमान उत्सर्जन रेखा किरीटलेखी (वीईएलसी) 1.05R⊙ से 3R⊙ तक से प्रतिबिंब-अभिग्रहण, स्पेक्ट्रमी तथा स्पेक्ट्रो-ध्रुवणमापीय मोड में सौर प्रभामण्डल का एक साथ प्रेक्षण करने में सक्षम है। प्रस्तावित वैज्ञानिक लक्ष्यों की पूर्ति हेतु वीईएससी के प्राथमिक दर्पण को क्रमशः 0.02 mm से 2.15 mm तक के स्थानिक परिसर पर $\lambda/40$ तथा 1.5Å के क्रम की सतह आकृति और सूक्ष्म-रूक्षता के साथ उत्कृष्ट प्रमार्जन किया जाना चाहिए। आईआईए के शोधकर्ताओं ने LEOS/ISRO के अपने समकक्षों के सहयोग से प्राथमिक दर्पण के इन प्राचलों को मापा। चित्र 2.50 के ऊपरी पैनल में प्राथमिक दर्पण की मापी गई सतह दर्शाया गया है। मापित आरएमएस सतह रूक्षता (M1 सतह पर 29 विभिन्न स्थितियों में मापा गया) 0.02-2.15 mm के स्थानिक पैमाने पपर 4.7Å पाया गया। निचला पैनल में प्राथमिक दर्पण के फोकल दूरी पर प्रकीर्ण कोण का वितरण दर्शाया गया है।

उपग्रहों के लिए विकसित न्यून-लागत स्टार संसूचक

प्रवृत्ति निर्धारण हेतु उपग्रह पर लैस स्टार संसूचक आवश्यक उपकरणों में से एक है। हालांकि, अधिकांश व्यावसायिक रूप से उपलब्ध स्टार संसूचक छोटे उपग्रह मिशनों में उपयोग करने हेतु महंगे तथा बहुत भारी हैं। कम लागत वाले स्टार रास्पबेरी पाई-आधारित संसूचक स्टारबेरीसेंस को आईआईए में आंतरिक रूप से ही संयोजित, संरेखित, अंशांकित तथा परीक्षण किया गया है। स्टारबेरीसेंस एक विन्यासन प्रणाली है – यह एक प्रतिबिंब-अभिग्रण कैमरा, एक सेंट्रोइडिंग कैमरा अथवा एक स्टार संसूचक के रूप में काम कर सकती है। अभिकलनात्मक रूप से कुशल कलन-विधि कार्यान्वित किया गया है तथा वास्तविक आकाश स्थितियों के विरुद्ध परीक्षण किया गया है तथा परिणामों की तुलना एस्ट्रोमेटी.नेट से प्राप्त मूल्यों के साथ अनुकूल रूप से की गई है। इस पेलोड़ का चयन भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन द्वारा पीएस4-कक्षीय प्लेटफॉर्म पर प्रक्षेपण करने हेतु हाल में पेलोड अवसर आह्वान की घोषणा से किया गया था। स्टार संसूचक का कंपन परीक्षण के साथ-साथ ऊष्मीय-निर्वात परीक्षण भी

चित्र 2.47: ऊपर दर्शाए गए आईआईए, क्रेस्ट परिसर में भारत-टीएमटी प्रकाशिकी संविरचन सुविधा (आईटीओएफएफ) भारत-टीएमटी एम1 प्रमार्जन हेतु एक समर्पित सुविधा है। जापान के ओहारा से प्राप्त ग्लास ब्लैंक को आईटीओएफएफ (ऊपरी पैनल में दर्शाया गया है) में प्रमार्जन करने हेतु संग्रहित किया गया है। (चित्र सौजन्य: सिवरानी और अन्य, जेएए, 2022)



चित्र 2.48: ऊपर: हनले में नवीनीकृत 50 cm, एफ/10 आर-सी दूरबीन का छायाचित्रण।(चित्र सौजन्य: स्टैनज़िन और अन्य, प्रोक. एसपीआईई वॉल्यूम 12181, 121820ई)

सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। चित्र 2.51 में संयोजन तथा इशारा एवं रोल एक्सिस में त्रुटियों के बाद का स्टार संसूचक दर्शाया गया है।



चित्र 2.49: बीवीआरआई बैंड में तारे एएस सीआरबी के प्रकाश वक्र। (चित्र सौजन्य: स्टैनज़िन और अन्य, प्रोक. एसपीआईई वॉल्यूम 12181, 121820ई)





चित्र 2.50: मापी गई सतह आकृति (ऊपरी पैनल) तथा वियोजित कोण का वितरण वीईएलसी प्राथमिक दर्पण के पांच विभिन्न स्थानों पर फोकल समतल (निचला पैनल) पर बिखरा हुआ है। (चित्र सौजन्य: वेंकट और अन्य, जे. एस्ट्रोन, टेलीस्क. सिस्ट. 044004-1, 2022)

इंडियन स्पेक्ट्रमी और प्रतिबिंब अंतरिक्ष दूरबीन

इंडियन स्पेक्ट्रमी और प्रतिबिंब अंतरिक्ष दूरबीन (इनसिस्ट)





चित्र 2.51: ऊपर: संयोजन के बाद आंतरिक रूप से निर्मित स्टार संसूचक स्टारबेरीसेंस। मध्य: इंगित अक्ष में स्टारबेरीसेंस हेतु त्रुटि का आयत-चित्र। नीचे: रोल अक्ष में स्टारबेरीसेंस हेतु त्रुटि का आयत चित्र। (चित्र सौजन्य: चंद्रा और अन्य, जे. एस्ट्रोन, टेलीस्क. सिस्ट. 036002-2)

प्रस्तावित अगली पीढ़ी का यूवी-प्रकाशिकी अंतरिक्ष दूरबीन है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन द्वारा प्रस्तावों के आह्वान के अनुवर्ती में उक्त को अगली पीढ़ी के यूवी-प्रकाशिकी मिशन के रूप में कल्पना की गई थी। आईआईए मिशन में अग्रणी भूमिका निभाएगा तथा अन्य राष्ट्रीय संस्थानों और विश्वविद्यालयों नामत: टीआईएफआर, आईयूसीएए, भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला, एरीज़ तथा क्राइस्ट (मानद विश्वविद्यालय) के साथ सहयोग करेगा। इस परियोजना को बीज वित्तपोषण प्रदान किया गया था तथा यह पूर्व-परियोजना चरण के दो साल पूरे कर लिया है। मुख्य विशेषताओं के अंतर्गत यूवी में विस्तृत-क्षेत्र (0.5 डिग्री) उच्च विभेदन (0.2 आर्क-सेकंड) प्रतिबिंब तथा रेखाछिद्र रहित, u तथा g बैंड, यूवी में एक अंकीय सूक्ष्ममापी यंत्र आधारित बहु-पिंड स्पेक्ट्रमलेखी (एमओएस) शामिल हैं। चित्र 2.52 के ऊपरी पैनल में इनसिस्ट का प्रारंभिक प्रकाशिकी परिरूप दर्शाया गया है। निचला पैनल में डीएमडी आधारित एमओएस का प्रस्तावित परिरूप दर्शाया गया है।



चित्र 2.52: ऊपर: इनसिस्ट का प्रारंभिक प्रकाशिकी परिरूप। तीन प्रतिबिंब-अभिग्रहण चैनल हैं लेकिन यहां केवल दो दर्शाए गए हैं। नीचे: इनसिस्ट पर डीएमडी-आधारित एमओएस का प्रस्तावित प्रकाशिकी परिरूप। (चित्र सौजन्य: सुब्रमणियम, जेएए, 2022)

अध्याय 3

छात्रों के कार्यक्रम तथा शिक्षण गतिविधियां

3.1 विद्या–वाचस्पति (Ph.D) की उपाधि

इस अवधि के दौरान 10 छात्रों को उनकी पीएच.डी उपाधि से सम्मानित किया गया।

पियाली साहा को पंडित रवि शंकर शुक्ला विश्वविद्यालय, रायपुर के समक्ष जनवरी 11, 2021 को प्रस्तुत उनके शोध-प्रबंध "इन्वेस्टीगेशन ऑफ दी एवोलुशन ऑफ डार्क क्लौड़स" शीर्षक हेतु (अप्रैल 5, 2022 को) पीएच.डी उपाधि से सम्मानित किया गया। उन्होंने यह शोध महेस्वर गोपीनाथन के निर्देशन में किया।

अन्नू जेकब को कलकत्ता विश्वविद्यालय के समक्ष अक्तूबर 12, 2020 प्रस्तुत उनके शोध-प्रबंध "ऑप्टिमम डिज़ाइन एंड डेवलपमेंट ऑफ सेगमेंटेड मिरर टेलिस्कोप ऑप्टिक्स एंड फेसिंग सिस्टम" शीर्षक हेतु (मई 27, 2022 को) पीएच.डी उपाधि से सम्मानित किया गया। उन्होंने यह शोध पद्माकर सिंह परिहार के निर्देशन में किया।

जाधव विक्रांत विनायक को भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलूरु के समक्ष मार्च 9, 2022 प्रस्तुत उनके शोध-प्रबंध "पैनक्रोमेटिक स्टडी ऑफ स्टार क्लस्टर्स: ब्लू लुर्केर्स, ब्लू स्ट्रग्गलेड्स एंड मेम्बरिशप" शीर्षक हेतु (जुलाई 5, 2022 को) पीएच.डी उपाधि से सम्मानित किया गया। उन्होंने यह शोध संयुक्त खगोल-विज्ञान कार्यक्रम (जॉप), आईआईएससी, बेंगलूरु के अंतर्गत अन्नपूर्णी सुब्रमणियम और राजीव कुमार जैन, आईआईएससी के निर्देशन में किया।

अन्वेश के मिश्रा को कलकत्ता विश्वविद्यालय के समक्ष जनवरी 19, 2021 को प्रस्तुत उनके शोध-प्रबंध "एस्पेक्ट्स ऑफ डिज़ाइन एंड डेवलपमेंट ऑफ ए नियर इंफ्रारेड फोटोमीटर फॉर लो अल्टीटुड एस्ट्रोनॉमिकल साइट्स" शीर्षक हेतु (अगस्त 3, 2022 को) पीएच.डी उपाधि से सम्मानित किया गया। उन्होंने यह शोध यू.एस. कामथ के निर्देशन में किया।

रितेश पटेल को कलकत्ता विश्वविद्यालय के समक्ष सितंबर 4, 2021 को प्रस्तुत उनके शोध-प्रबंध "कैरिक्टराइज़ेशन ऑफ सोलॉर एरप्शन्स इन इन्नर कोरोना यूसिंग ग्राउंड एण्ड स्पेस-बेस्ड़ डाटा" शीर्षक हेतु (अगस्त 3, 2022 को) पीएच.डी उपाधि से सम्मानित किया गया। उन्होंने यह शोध दिपांकर बनर्जी के निर्देशन में किया।

शिजीलम्माल जे. को पांडिचेरी विश्वविद्यालय के समक्ष दिसंबर 10, 2021 को प्रस्तुत उनके शोध-प्रबंध "स्टडीज़ ऑन मेटल-पूअर स्टार्स एण्ड केमिकल एनरिचमेंट ऑफ दी गेलक्सी" शीर्षक हेतु (अगस्त 25, 2022 को) पीएच.डी उपाधि से सम्मानित किया गया। उन्होंने यह शोध अरुणा गोस्वामी के निर्देशन में किया।

बिभुति कुमार झा को पांडिचेरी विश्वविद्यालय के समक्ष फरवरी 3, 2022 को प्रस्तुत उनके शोध-प्रबंध "लांग-टर्म स्टडी ऑफ दी सन एण्ड इट्स इम्प्लिकेशन्स टू सोलॉर डाइनेमो मोडल्स" शीर्षक हेतु (सितंबर 20, 2022 को) पीएच.डी उपाधि से सम्मानित किया गया। उन्होंने यह शोध दिपांकर बनर्जी के निर्देशन में किया।

अंकित कुमार को भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलूरु के समक्ष नंवबर 2, 2022 को प्रस्तुत उनके शोध-प्रबंध "ए स्टडी ऑफ दी एवोलुशन ऑफ दी बल्जेस एंड आइसोलेटेड एनवीरोंमेंट्स" शीर्षक हेतु (फरवरी 10, 2023 को) पीएच.डी उपाधि से सम्मानित किया गया। उन्होंने यह शोध मौसुमी दास और निरुपम रॉय, आईआईएससी के निर्देशन में किया।

दीपक को पांडिचेरी विश्वविद्यालय के समक्ष मई 13, 2021 को प्रस्तुत उनके शोध-प्रबंध "थर्मो-डायनामिक्स स्टडीज़ ऑफ दी गैलेक्सी" शीर्षक हेतु (मार्च 28, 2023 को) पीएच.डी उपाधि से सम्मानित किया गया। उन्होंने यह शोध बी. ईस्वर रेड्डी के निर्देशन में किया।

पार्था प्रतिम गोस्वामी को पांडिचेरी विश्वविद्यालय के समक्ष जून 14, 2022 को प्रस्तुत उनके शोध-प्रबंध "केमिकल एबंडेंसस ऑफ मेटल-पुअर स्टार्स ऐस प्रोब्स ऑफ न्यूट्रॉन-कैप्चर नुक्ल्योसिंथेसस" शीर्षक हेतु (मार्च 29, 2023 को) पीएच.डी उपाधि से सम्मानित किया गया। उन्होंने यह शोध अरुणा गोस्वामी

के निर्देशन में किया।

3.2 विद्या–वाचस्पति (Ph.D) शोध–प्रबंध का प्रस्तुतीकरण

दीपक ने, दिनांक मई 13, 2021 को पांडिचेरी विश्वविद्यालय के समक्ष शीर्षक "थर्मो-डायनामिक्स स्टडीज़ ऑफ दी गैलेक्सी" का शोध-प्रबंध प्रस्तुत किया। यह शोध बी. ईस्वर रेड्डी के निर्देशन में किया गया।

सौम्या सेन्गुप्ता ने, दिनांक मई को पांडिचेरी विश्वविद्यालय के समक्ष शीर्षक "केरेक्ट्रैज़ेशन ऑफ दी अट्मॉस्फेर ऑफ एक्स्ट्रा-सोलार प्लैनेट्स" का शोध-प्रबंध प्रस्तुत किया। यह शोध सुजन सेन्गुप्ता के निर्देशन में किया गया।

पार्था प्रतिम गोस्वामी ने, दिनांक जून 14, 2022 को पांडिचेरी विश्वविद्यालय के समक्ष शीर्षक "केमिकल एबंडेंसस ऑफ मेटल-पुअर स्टार्स ऐस प्रोब्स ऑफ न्यूट्रॉन-कैप्चर नुक्ल्योसिंथेसस" का शोध-प्रबंध प्रस्तुत किया। यह शोध अरुण गोस्वामी के निर्देशन में किया गया।

सताबद्धा मजूमदार ने, दिनांक जुलाई 27, 2022 को पांडिचेरी विश्वविद्यालय के समक्ष शीर्षक "कनेमैटक्स ऑफ कोरोनल मास्स 'जेक्शन्स इन दी इनर कोरोना एंड इट्स कपिलंग विथ दी हेलियोस्फेर" का शोध-प्रबंध प्रस्तुत किया। यह शोध दिपांकर बनर्जी के निर्देशन में किया गया।

सुमन साहा ने, दिनांक सितंबर 30, 2022 को पांडिचेरी विश्वविद्यालय के समक्ष शीर्षक "प्रेसिस ट्रांजिट फोटोमैट्रिक स्टडीज़ ऑफ एक्सोप्लेनेट्स एंड एक्सोमूंस" का शोध-प्रबंध प्रस्तुत किया। यह शोध सुजन सेन्गुप्ता के निर्देशन में किया गया।

अंकित कुमार ने, दिनांक नवंबर 2, 2022 को भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलूरु के समक्ष शीर्षक "ए स्टडी ऑफ दी एवोलुशन ऑफ दी बल्जेस एंड आइसोलेटेड एनवीरोंमेंट्स" का शोध-प्रबंध प्रस्तुत किया। यह शोध मौसुमी दास और डॉ. निरुपम रॉय, आईआईएससी के निर्देशन में किया गया।

क्षमा सारा कुरियन ने, दिनांक नवंबर 4, 2022 को पांडिचेरी विश्वविद्यालय के समक्ष शीर्षक "मल्टीबैंड स्टडीज़ ऑफ दी एजीएन-स्टारबर्स्ट कनेक्शन" का शोध-प्रबंध प्रस्तुत किया। यह शोध सी.एस. स्टालिन के निर्देशन में किया गया।

अथिरा उन्नी ने, दिनांक जनवरी 2, 2023 को पांडिचेरी विश्वविद्यालय के समक्ष शीर्षक "ऑप्टिकल स्पेक्ट्रोस्कोपी ऑफ एक्सोप्लेनेट्स एंड होस्ट्स स्टार्स" का शोध-प्रबंध प्रस्तुत किया। यह शोध सिवरानी तिरुपति के निर्देशन में किया गया।

शर्मिला रानी ने, दिनांक फरवरी 3, 2023 को पांडिचेरी विश्वविद्यालय के समक्ष शीर्षक "इवेस्टिगेटिंग दी अल्ट्रा-वायलेट ब्राइट स्टार्स इन स्टार क्लस्टर्स" का शोध-प्रबंध प्रस्तुत किया। यह शोध गजेन्द्र पाण्डे के निर्देशन में किया गया।

माया प्रभाकर ने, दिनांक मार्च 27, 2023 को मंगलोर विश्वविद्यालय के समक्ष शीर्षक "स्पेक्ट्रोस्कोपी ऑफ दी सोलार कोरोना युसंग ग्राउंड एंड स्पेस-बेस्ड ऑब्सेर्वेशन्स" का शोध-प्रबंध प्रस्तुत किया। यह शोध के.पी. राजू के निर्देशन में किया गया।

3.3 प्रौद्योगिकी निष्णात (M.Tech) का समापन

आई.आई.ए.-सीयू एकीकृत एमटेक-पीएचडी कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित तेरहवें बैच (2020) के प्रौद्योगिकी निष्णात कार्यक्रम के निम्नवत 3 छात्रों ने अपनी एमटेक उपाधि प्राप्त की।

पारवती एम. ने आर. श्रीधरण के निर्देशन में माह जुलाई 2022 में कलकत्ता विश्वविद्यालय के समक्ष अपना एमटेक शोध प्रबंध शीर्षक "ए टिप-टिल्ट करेक्शन सिस्टम फॉर दी 30-इंच टेलिस्कोप, वीबीओ" प्रस्तुत किया।

अखिल जैनी ने एस. श्रीराम और अन्नपूर्णी सुब्रमिणयम के निर्देशन में माह जुलाई 2022 में कलकत्ता विश्वविद्यालय के समक्ष अपना एमटेक शोध प्रबंध शीर्षक "डिज़ाइन एंड डेवलप्मेंट ऑफ ए डिजिटल मैक्रोमिरर डिवाइस (डीएमडी) बेस्ड मल्टी-ऑब्जेकट स्पेक्ट्रोग्राफ (एमओएस) फॉर दी इंडियन स्पेक्ट्रोस्कोपिक एंड इमेजिंग स्पेस टेलिस्कोप (इंसिस्ट)" प्रस्तुत किया।

शुभांगी जैन ने के अमित कुमार और प्रसन्ना देशमुख के निर्देशन में माह जुलाई 2022 में कलकत्ता विश्वविद्यालय के समक्ष अपना एमटेक शोध प्रबंध शीर्षक "डिज़ाइन एंड डेवलप्मेंट ऑफ डीएमडी कंट्रोलर इंटरफेस फौर इंसिस्ट" प्रस्तुत किया।

3.4 छात्र कार्यक्रम और प्रशिक्षण गतिविधियां

संस्थान में छात्र कार्यक्रम का आयोजन स्नातक अध्ययन मंडल द्वारा किए जाते हैं। संस्थान, पांडिचेरी विश्वविद्यालय के सहयोग में पीएच.डी कार्यक्रम तथा कलकत्ता विश्वविद्यालय के सहयोग में एम.टेक-पीएच.डी कार्यक्रम का आयोजन करता है। इसके अलावा, अल्पकालिक कार्यक्रमों जैसे आगन्तुक छात्र कार्यक्रम (वीएसपी), ग्रीष्मकालीन सत्र तथा ग्रीष्मकालीन परियोजना कार्यक्रम के माध्यम

से भी छात्रों को प्रशिक्षित करता है। इन कार्यक्रमों की मुख्य विशिष्टताएं निम्नवत हैं।

शैक्षणिक कार्यक्रम: अगस्त, 2022

अगस्त 2022 के दौरान शैक्षणिक कार्यक्रम में प्रवेश (पीएच.डी कार्यक्रम हेतु 5 परियोजना जेआरएफ पदों तथा एकीकृत एम.टेक-पीएच.डी कार्यक्रम) पाने हेतु ऑनलाइन आवेदन-पत्र मई 5-31, 2022 की अवधि तक आमंत्रित किए गए। यह विज्ञापन मई 7, 2022 को दो राष्ट्रीय समाचार पत्रों (हिन्दू-अंग्रेजी तथा राजस्थापन पत्रिका – हिंदी (अखिल भारतीय संस्करण)) में प्रकाशित किया गया था। पीएच.डी कार्यक्रम हेतु ऑनलाइन साक्षात्कार 20-25 जून, 2022 तथा 27-29 जून, 2022 के दौरान आयोजत किए गए थे। एकीकृत एम.टेक कार्यक्रम हेतु ऑनलाइन साक्षात्कार 29-30 जून, 2022 के दौरान आयोजित किया गया था।

पीएच.डी कार्यक्रम हेतु आठ छात्र, परियोजना आधारित जेआरएफ पदों हेतु चार छात्र तथा एकीकृत एम.टेक-पीएच.डी कार्यक्रम में अपना कार्यभार संभाला।

शैक्षणिक कार्यक्रम: जनवरी, 2023

जनवरी, 2023 के दौरान शैक्षणिक कार्यक्रम के अंतर्गत पीएच.डी कार्यक्रम तथा चार परियोजना जेआरएफ पदों हेतु प्रवेश पाने के लिए ऑनलाइन आवेदन-पत्र नवंबर 11, 2022 से दिसंबर 2, 2022 तक की अवधि तक आमंत्रित किया गया। यह विज्ञापन नवंबर 16, 2022 तथा नवंबर 13, 2022 को दो राष्ट्रीय समाचार पत्रों (टाइम्स ऑफ इंण्डिया - अंग्रेजी तथा राजस्थापन पत्रिका – हिंदी (अखिल भारतीय संस्करण)) में प्रकाशित किया गया था। ऑनलाइन साक्षात्कार 12-14 दिसंबर, 2022 के दौरान आयोजित किया गया था।

इस शैक्षणिक सत्र में आईआईए-पीयू पीएच.डी के अंतर्गत तीन छात्र तथा बाह्य वित्त-पोषित परियोजना-जेआरएफ हेतु दो छात्रों ने संस्थान में अपना कार्यभार संभाला।

पीएच.डी छात्र	
पोस्ट डॉक्ट्रल शोधकर्ता (पीडीआर)	9
वरिष्ठ अनुसंधान अध्येता (एसआरएफ)	32
कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता (जेआरएफ)	37
एकीकृत एम.टेक छात्र	
2021 (XIV बैच)	1
2022 (XV बैच)	1
छात्रों का योग	80

अतिथि छात्र गहन कार्यक्रम

संस्थान महाविद्यालय तथा विश्वविद्यालय के छात्रों के बीच वैज्ञानिक शोध की रुचि को बढ़ावा देने हेतु आगन्तुक छात्र गहन अध्ययन कार्यक्रम का संचालन करता है। इस कार्यक्रम के लिए चुने गए छात्र विशिष्ट परियोजनाओं पर काम करते हैं जो आईआईए में चल रहे शोध कार्य का एक हिस्सा बनते हैं। परियोजना की प्रकृति के आधार पर छात्रों को आईआईए के मुख्यालय अथवा इसके क्षेत्रीय केन्द्रों में काम करने के लिए कहा जाता है। छात्र जो वर्तमान में पीएच.डी. उपाधि के लिए अन्य विश्वविद्यालय में शोध-कार्य करते हैं तथा आईआईए में सहयोगी शोध-कार्य करने के इच्छुक हैं उन्हें इस कार्यक्रम के तहत प्रोत्साहित किया जाता है। इस अविध के दौरान आयोजित की गई परियोजनाएं निम्नवत हैं।

[1] ग्रीष्मकालीन सत्र कार्यक्रम 2022 का आयोजन जुलाई 1-8, 2022 के दौरान ऑनलाइन के माध्यम से आयोजित किया गया था। इसमें 400 छात्रों ने भाग लिया।
[2] वीएसपी कार्यक्रम हेतु 26 छात्रों का चयन मई से जुलाई, 2022 के दौरान आयोजित किया गया।
[3] वीएसपी कार्यक्रम हेतु 26 छात्रों का चयन मई से दिसंबर, 2022 के दौरान आयोजित किया गया ।

गहन अध्ययन

ग्रीष्मकालीन सत्र कार्यक्रम में भाग लेने वाले 400 छात्रों के अलावा, आई.आई.ए. में कुल 137 छात्रों ने अपने गहन-अध्ययन किया। इसमें 83 वीएसपी छात्र, वर्ष 2023-पीयू एम.एससी पाठ्यक्रम से ग्रीष्मीकालीन-सत्र में 7 प्रशिक्षित छात्र, भारतीय अकादमी विज्ञान अध्येतावृत्ति से 12 छात्र, प्रणाली अभियांत्रिकी समूह के द्वारा 8 छात्र, विभिन्न संकाय सदस्यों के व्यक्तिगत अनुदान के माध्यम से 166 प्रशिक्षु तथा टीएमटी, एसटीयू, कास्मोस इत्यादि जैसी परियोजनाओं के साथ-साथ स्कोप अनुभोग के अंतर्गत प्रत्येक में एक छात्र शामिल हैं।

पीडीआर के अंतर्गत आई.आई.ए. के बाह्य पोस्टडॉक्स शमिल हैं जिन्होंने अभी तक अपने शोध-प्रबंध विशेषज्ञों के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया है।

3.5 पुरस्कार तथा सम्मान

इस खंड के अंतर्गत छात्रों द्वारा जीते गए पुरस्कारों की सूची प्रस्तुत है तथा इनमें से कुछ को पूर्णता हेतु खंड 8.3 में दोहराया गया है।

अंकित कुमार ने ऑस्ट्रेलिया के सम्मेलन दौरे हेतु डीएसटी/एसईआरबी/आईटीएस से अनुदान प्राप्त किया।

अंकित कुमार ने कुआलालुमपुर में आईएयू संगोष्ठी में भाग लेने हेतु आईएयू का अनुदान प्राप्त किया।

रवीना खान को माई, 2022 से उच्च उन्नतांश वेधशाला, यूएसए में न्यूकिर्क अध्येता के रूप में मान्यता दी गई है।

सहल दे को पियाली चटर्जी (आई.आई.ए.) और रॉबर्टस एर्ड-एली, शेफील्ड विश्वविद्यालय के साथ सह-पीआई के रूप में तीन वर्षों के लिए यूके में एसटीएफसी डीआईआरएसी अभिकल्पनात्मक सुविधाओं का उपयोग करने हेतु 20 मिलियन सीपयू घंटे का कम्प्यूटेशनल अनुदान प्रदान किया गया था।

सरस्वती कल्याणी ने दिसंबर 6-7, 2022 के दौरान रमन अनुसंधान संस्थान में प्रस्तुत इश्तिहार "वूमन इन आप्टिक्स एंड फोटोनिक्स इन इंडिया 2022" हेतु दूसरा पुरस्कार प्राप्त किया। इश्तिहार का शीर्षक "मेशरमेंट ऑफ C_N^2 प्रोफाइल ड्यूरिंग दी डे-टाइम" था।

सिपरा होता को वर्ष 2023 हेतु "ऑस्ट्रेलिया इंडिया रिसर्च स्टूडेंड फेलोशिप" से सम्मानित किया गया।

अध्याय 4

वेधशालाएं तथा सुविधाएँ

4.1 वेधशालाएँ

4.1.1 भारतीय खगोलीय वेधशाला (आईएओ)

भारतीय खगोलीय वेधशाला, हनले, लद्दाख में स्थित है और कई छोटी दूरबीनों तथा स्थल-माप उपकरणों के साथ चार प्रमुख दूरबीन की मेजबानी करती है। देश में अन्य संगठनों के सहयोग से नई सुविधाएं (उदाहरण के लिए इसरो) जल्द ही निर्माण करने की योजना भी बनाई जा रही है। आइएओ एक ऐसा स्थल बन रहा है जो संस्थानों द्वारा बहुत अधिक मांगी जाती है तथा इसलिए भविष्य में कई और सुविधाओं हेतु एक मेजबान वेधशाला बन रही है।

(क) हिमालयन चन्द्रा दूरबीन (एचसीटी)

2-मीटर हिमालयन चन्द्रा दूरबीन (एचसीटी), देश में प्रकाशीय तथा निकट-अवरक्त (एनआईआर) क्षेत्र में प्रेक्षणीय प्रमुख सुविधओं में से एक है। हनले में उत्कृष्ट आकाश परिस्थितियों के साथ प्रकाशीय तथा एनआईआर क्षेत्रों में प्रेक्षणीय क्षमताओं से युक्त पश्च सिरे उपकरणों की उपलब्धता एक उत्कृष्ट प्रेक्षणीय संरचना प्रदान करती है। इस रिपोर्ट के अंतर्गत 2022-चक्र-02 (मई - अगस्तए 2022), 2022-चक्र-03 (सितंबर – दिसंबर, 2022) तथा 2023-चक्र-01 (जनवरी - अप्रैल, 2023) तथा एचसीटी हेतु क्रमश: 62 प्रस्ताव, 68 प्रस्ताव तथा 63 प्रस्ताव प्राप्त हुए। पिछले वर्ष की तुलना में प्रस्तावों की संख्या में 6% तक की वृद्धि पाई गई है। प्राप्त प्रस्तावों में से पीएच.डी शोध-प्रबंध की परियोजनाओं के संबंध में एक अच्छा अंश (55%) प्राप्त हुआ था। डार्क अवधि के दौरान दूरबीन समय की मांग औसतन 3 कारक से अधिक सदस्यता की प्राप्ति जारी रखता है। दूरबीन को अच्छे स्वास्थ्य में रखने के लिए पूर्ण चंद्रमा की अवधि के दौरान मासिक निवारक रखरखाव किया गया था। इस अवधि के दौरान, दूरबीन तथा पश्च -सिरे उपकरणों का निरीक्षण और सफाई की गई तथा सभी दूरबीन संबंधित अंशांकन एवं अवलोकन सारणी अद्यतन किए गए। इससे दूरबीन का अप्रचालन समय न्यूनतम हो जाता है। अप्रैल 2022 के दौरान, द्वितीयक दर्पण परिचालन के फ्लेक्सी प्लेट के टूटने के कारण दूरबीन का अप्रचालन समय 20 दिनों तक कम हो गया। इससे द्वितीयक दर्पण की गति प्रतिबंधित हो गई। समस्या का निदान किया गया था, आंतिरक रूप से एक फ्लेक्सी प्लेट का निर्माण किया गया तथा फोकस मॉड्यूल पर प्रतिस्थापित करके नियमित प्रेक्षणों को फिर से शुरू किया गया। एचसीटी तथा इसके पश्च-सिरे उपकरणों का वार्षिक रखरखाव अगस्त 7-21, 2022 के दौरान संपादित किया गया था। इसके दौरान, घटक स्तर पर दूरबीन, गुंबद, पश्च-सिरे उपकरणों तथा नियंत्रण संगणकों की जांच की गई। दूरबीन की सभी उप-प्रणाली की जांच, सफाई तथा मरम्मत की गई। दूरबीन के साथ उपलब्ध सभी होम स्विच, लिमिट स्विच तथा अन्य सुरक्षा प्रावधान को उनकी उचित कार्यक्षमता हेतु जांचे गए थे। कूटलेखित्र टेप-हेड की सफाई की गई तथा संकेत शक्ति की जांच की गई। प्राथमिक तथा द्वितीयक दर्पणों की सफाई आसुत जल से सावधानीपूर्वक साफ किया गया। प्राथमिक तथा द्वितीयक दर्पणों के संरेखण तथा इसकी सतह एकरूपता को शेक-हार्टमैन परीक्षण का उपयोग करके जांचा गया था। पश्च-सिरे उपकरणों को साफ कर दिया गया तथा दीवारों को खाली कर दिया गया। एचएफओएससी तथा स्व-संदर्शिका उपकरणों हेतु एसी इनपुट पावर पर एक उछाल संरक्षण उपकरण स्थापित किया गया था। रखरखाव गतिविधियों के बाद, दूरबीन तथा पश्च-सिरे उपकरणों के प्रदर्शन की पुष्टि की गई तथा नियमित प्रेक्षणों हेतु दूरबीन पुनर्स्थापित की गई।

अगले दशक के दौरान एचसीटी के निरंतर सुचारु प्रचालन हेतु महत्वपूर्ण घटकों जैसे नियंत्रण प्रणालियों तथा द्वितीयक दर्पण के परिचालक को उन्नयन करने की योजना है। वर्ष 2019-20 के दौरान दूरबीन के उन्नयन की प्रक्रिया शुरू की गई थी तथा विक्रेता द्वारा व्यवहार्यता अध्ययन किया गया था लेकिन कोविड महामारी के कारण पूरी प्रक्रिया में देरी हुई। तब से, काम फिर से शुरू हो गया है और अच्छी प्रगति पर है।

(ख) 50सेमी दूरबीन का नवीनीकरण

हनले में संस्थापत 50सेमी भूमध्यवर्ती दूरबीन का नवीनीकरण आईआईओ के अभियंताओं द्वारा वर्ष 2020 में शुरू किया गया था। नियंत्रक और नियंत्रण सॉफ्टवेयर विकसित करके दूरबीन को आंतिरक तथा स्वदेशी रूप से नवीनीकृत करने का निर्णय लिया गया। इससे विश्वसनीय तथा मजबूत गति नियंत्रण प्रणाली होने के साथ-साथ बजट को कम करने और ऐसे कार्यों से व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने में मदद की। आसान कार्य-निष्पादन हेतु लेह स्थित आईएओ की प्रयोगशाला में प्रारंभिक विकास कार्य किया गया था। अपेक्षित निष्पादन की प्राप्ति के पश्चात दूरबीन को वापिस आईएओ, हनले ले जाया गया तथा आधार शिविर के पास स्थानीय



चित्र 4.1 : फरवरी 1 से मार्च 27, 2023 के दरमियान मापा गया वायुमंडलीय दृश्य।



चित्र 4.2: फरवरी 1 से मार्च 27, 2023 के दरमियान मापा गया वायुमंडलीय दृश्य।

रूप से निर्मित सरकन छत घेराव के अंदर स्थापित किया गया। वेधशाला नियंत्रण प्रणाली (ओसीएस) जो नियंत्रण संरचना में सबसे ऊपरी परत है निस्यंदक चक्र, संसूचक, संलग्नक, मौसम केन्द्र उपकरण के साथ-साथ कई सुरक्षा तंत्र को संभालती है। अनुसूचक तथा ग्राहक-सर्वर संरचना के साथ सीओएस दूरबीन के रोबोटिक संचालन की सुविधा प्रदान करता है। दूरबीन को पूर्णतया रोबोटिक मोड पर प्रचालन करने का परीक्षण किया जा रहा है।

(ग) डीआईएमएम दूरबीन

इस खंड के अंतर्गत डीआईएमएम प्रेक्षण हेतु 12" मीड़ दूरबीन के स्वाचालन तथा म्एमएएसएस डीआईएमएम दूरबीन हेतु नियंत्रण प्रणाली के वकास के बारे में वर्णन किया गया है।

12" मीड़ दूरबीन, 52 एफपीएस लुसिडविज़न सीएमओएस कैमेरा, निर्देश-निर्मित वेड्ज प्रिज़्म तथा एक मंद डीआईएमएम मास्क का प्रयोग करके एक वहनीय पूरी तरह से स्वचालित अंतर प्रतिबिंब-गति मॉनिटर (डीआईएमएम) विकसित किया गया है। दूरबीन के स्वचालित प्रचालन के लिए अपेक्षित नियंत्रण सॉफ्टवेयर को आंतरिक रूप से लिखा गया है। इसका उद्देश्य सशक्त बड़ी दूरबीनों हेतु स्थल पर एक वहनीय अवलोनीय मॉनीटर के रूप में इसका उपयोग करना है। इससे पहला प्रेक्षण जनवरी 31, 2023 संपादित किया गया था तथा संप्रति यह प्रणाली दिग्पा रत्सारी (माउंट सरस्वती) पर काम कर रही है। फरवरी 1 से मार्च 27, 2023 तक की अवधि के दौरान मापे गए कुछ परिणाम चित्र 4.1 तथा चित्र 4.2 में दर्शाए गए हैं।

16" प्रत्यक्ष परिचालन दूरबीन हेतु नियंत्रण सॉफ्टवेयर आईओ में विकसित किया जा रहा है। इस दूरबीन का उपयोग अवलोकन करने के साथ-साथ स्थल पर ऊर्ध्वाधर विक्षोभ पार्श्विका का अध्ययन करने की योजना है। यह संपूर्ण संरचना को बहु छिद्र प्रस्फुरण संवेदक (एमएएसएस) अंतर प्रतिबिंब-गति मॉनिटर (डीआईएमएम) के रूप में जाना जाता है। इस दूरबीन की नियंत्रण प्रणाली पार्कर यांत्रिकीकरण बहु-अक्ष नियंत्रक (पीएसी320) का उपयोग करके विकसित किया गया है। उच्च स्तरीय दूरबीन नियंत्रण सॉफ्टवेयर C++ तथा पैथॉन में लिखा गया है।

(घ) ग्रोथ इंडिया दूरबीन

आईएओ, हनले पर संस्थापित ग्लोबल रिले ऑफ आब्जर्वेटरीस वाचिंग ट्रांसिएंट्स हैपन (ग्रोथ) इंडिया दूरबीन (जीआईटी) एक 70-सेमी रोबोटिक दूरबीन है जिसमें 0.7 x 0.7 डिग्री के दृश्य का एक विस्तृत क्षेत्र है। इसकी स्थापना भारतीय ताराभौतिकी संस्थान और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, बॉम्बे द्वारा भारत-अमेरिकी विज्ञान और प्रौद्योगिकी फोरम (आईयूएसएसटीएफ) तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी), भारत सरकार के भारत सरकार के विज्ञान और अभियांत्रिकी अनुसंधान बोर्ड (एसईआरबी) के समर्थन से स्थापित किया गया था। यह समय विचार-सीमा खगोल विज्ञान हेतु एक समर्पित दूरबीन है। आईआईए और आईआईटी-बॉम्बे के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन के अनुसार अवलोकन समय का 30% प्रतिस्पर्धी प्रस्ताव की प्रस्तुतीकरण के माध्यम से आईआईए के प्रेक्षकों को आबंटित किया जाता है। 2022-चक्र-02 (मई - अगस्तए 2022), 2022-चक्र-03 (सितंबर – दिसंबर, 2022) तथा 2023-चक्र-01 (जनवरी - अप्रैल, 2023) हेतु क्रमश: 4 प्रस्ताव, 2 प्रस्ताव तथा 2 प्रस्ताव प्राप्त हुए।

(च) मेस गामा–किरण दूरबीन

प्रमुख वायुमंडलीय चेरेनकोव प्रयोग (मेस) दूरबीन दुनिया के सबसे बड़े भू-आधारित संवेदकों में से एक है जिसे बहुत उच्च ऊर्जा (VHE: E > 30 GeV) गामा-किरणों को निरीक्षण करने हेतु अभिकल्पित किया गया है। मेस दूरबीन, अपनी बड़ी परावर्तक सतह तथा अद्वितीय उच्च ऊंचाई वाले स्थल के साथ अन्य स्वदेशी रूप से अभिकल्पित तथा विकसित उप-प्रणालियों सहित वीएचई गामा किरणों के निम्न ऊर्जा बैंड की खेज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है जो ब्रह्मांड में चरम खगोलीय घटनाओं को समझने हेतु महत्वपूर्ण है। सितंबर, 2021 में संस्थापित मेस लगातार क्रैब नेबुला



चित्र 4.3 : बाएं ओर वार्म दूरबीन में जी-बैंड निस्यंदक का उपयोग करके सौर प्रकाशमंडल का प्रेक्षण दिखाया गया है। दाएं ओर उसी दिन 20-cm दूरबीन और एच-एल्फा निस्यंदक द्वारा प्रेक्षित सूर्य की वर्णमंडलीय प्रतिबिंब दिखाई गई है।

से संकेत का पता लगा रहा है जो खगोल विज्ञान में व्यापक रूप से मान्यता प्राप्त मानक संदर्शिका है। मेस दूरबीन द्वारा मापा गया ऊर्जा वर्णक्रम अन्य अंतर्राष्ट्रीय दूरबीनों द्वारा किए गए माप के साथ अच्छी तरह से संरेखित होता है। मेस दूरबीन संस्थापित अवधि से विभिन्न परिचालन मापदंडों के अनुकूलन परिस्थितयों में मंदाकिनीय तथा अतिमंदाकिनीय ोतों की एक श्रृंखला का प्रेक्षण कर रही है, इस अवधि में 400 घंटे से अधिक आंखडें जमा किया है। यह ध्यान देने योग्य बात है कि रेडियो मंदाकिनी NGC 1275 से उत्पन्न होने वाली दो बड़े अपसरणों की खोज की है तथा एक खगोलज्ञ के टेलीग्राम (ATel 15823 & 15856) के माध्यम से खगोल भौतिकी समुदाय को तुरंत सूचित किया था। एक व्यापक परियोजना के रूप में मेस दूरबीन सक्रिय रूप से अपने उपयोगकर्ता की संख्या बढ़ाने में लगी है। इस उद्देश्य से भारतीय खगोलीय मण्डली की 41वीं बैठक के दौरान एक कार्यशाला शीर्षक "साइंस विथ मेस: डेटा एनालिसिस एंड इंटरप्रटेशन " का आयोजन किया गया था ताकि बड़े समुदाय के बीच अपनी वैज्ञानिक पहुंच बढ़ाया जा सके।

(छ) उच्च उन्नतांश गामा किरण (हैगर) वेधशाला

हनले में उच्च उन्नतांश गामा किरण (हैगर) वेधशाला का प्रचालन भारतीय ताराभौतिकी संस्थान (आईआईए) और टाटा मूलभूत अनुसंधान संस्थान (टीआईएफआर), मुंबइ द्वारा संयुक्त रूप से संचालित की जाती है। यह वर्ष 2007 से नियमित उपयोग में है। हैगर दूरबीनों से अतिनवतारा अवशेषों, सक्रिय मंदाकिनीय नाभिक और अन्य दिलचस्प गामा-किरण ोतों के प्रेक्षण किए जाते हैं। इस दूरबीन से प्रेक्षित कुछ ोतों में ब्लैज़र (उदाहरण: Mkn421, Mkn501, 1ES1218+304, 1ES1959+650, 1ES2344+514, PDS1413+135), पल्सर्स (उदाहरण: क्रेब, जेमिंगा, PSRJ0205+6449) शामिल हैं! नियमित ोतों के प्रेक्षणों के साथ ढाँचे के सुचारु निष्पादन की जांच हेतु अंशांकन तथा परीक्षण की प्रक्रियां की जाती हैं। इसके अनुरक्षण की अवधि के दौरान दूरबीन के त्रुटि रहित तथा दक्षतापूर्ण संचालन हेतु समस्या निवारण तथा अनुरक्षण कार्य किए गए।

4.1.2 कोडाइकनॉल वेधशाला

(क) संक्षिप्त प्रेक्षण

कोडाइकनाल सौर वेधशाला (केएसआ) में प्रकाशमंडलीय तथा वर्णमंडलीय प्रेक्षणों की एक परंपरा है। केएसओ में श्वेतप्रकाश सक्रिय क्षेत्र का अवलोकन (वार्म) दूरबीन तथा Hα दूरबीन से दैनिक प्रकाशमंडलीय तथ वर्णमंडलीय सूर्य का प्रेक्षण किया जाता है। अप्रैल, 2022 से मार्च, 2023 तक की अवधि में Hα दूरबीन का उपोग करके सौर वर्णमंडलीय का 185 दिनों तक प्रेक्षण किया गया। इस अवधि के दौरान 39298 प्रतिबिंब दर्ज की गई हैं। इसके अतिरिक्त 682 तंतु, 336 सौर ज्वाला, 15 अपसरण तथा आठ दीप्त अपसरण प्रेक्षित किए गए। वार्म दूरबीन ने 239 दिनों का प्रेक्षण करके 50804 प्रतिबिंब प्राप्त की हैं। इस अवधि के दरमियान, 179 सूर्य-कलंक समूह दर्ज हैं।

6 इंच लेंस वाली दूरबीन ने प्रतिदिन फोटो-फिल्मों में सौर का प्रेक्षण किया है। इस शैक्षणिक वर्ष में 130 प्रतिबिंब दर्ज की गई है। पछली प्रतिबिंबों की गुणवत्ता के साथ तुलना करने हेतु इन प्रतिबिंबों का अंकरूपण किया जाएगा।



चित्र 4.4 : केएसओ के पुस्तकालय में उपलब्ध सन चार्ट की क्रमवीक्षित प्रति दिखाई गई। पेंसिल से बनाए गए क्षेत्र सूर्यकलंक हैं तथा नीले रंग के क्षेत्र प्लेज हैं।

(ख) अंकरूपण

वर्ष 1905 से ही कोडाइकनाल वेधशाला में सूर्य का प्रेक्षण शुरू हुआ। उन प्रतिबिंबों को फोटो प्लेट पर दर्ज किया जाता है। इन प्रतिबिंबों को स्टोनी-हर्स्ट ग्रिड पर प्रक्षेपित किया जाता है। इस पर सूर्य-कलंक, प्लेज और तंतु अंकित किए हैं। इन्हें 'सूर्य मानचित्र' कहा जाता है तथा ये केएसओ के पुस्तकालय में उपलब्ध हैं। इन सूर्य मानचित्र वर्ष 1905 से लेकर 1990 तक स्कैन किए गए हैं। ये स्कैन की गई प्रतिबिंब अंकीय टीआईएफएफ प्रारूप में संग्रहीत हैं। वर्ष 2023-24 के दरमियान तीस और वर्ष के सूर्य मानचित्र स्कैन किए जाएंगें।

चित्र 4.5: आंशिक सूर्यग्रहण की घटना को देखते हुए।

(ग) कोडाइकनाल मीनार सुरंग दूरबीन

Ca-K स्पेक्ट्रमी रेख के अक्षांसा स्कैन

कोडाइकनाल मीनार सुरंग दूरबीन (केटीटी) में एक उच्च विभेदन स्पेक्ट्रमलेखी है। सूर्य के Ca-K वर्णक्रम की अनुदैर्ध्य स्कैन, सूर्य की चुंबकीय गतिविधि की दीर्घकालिक परिवर्तन का अध्ययन करने हेतु कोडाइकनाल मीनार सुरंग दूरबीन (केटीटी) में एक चल रहा संक्षिप्त प्रेक्षण कार्यक्रम है। एकल आयनित Ca-K परमाणुओं के 393.3 nm पर अनुदैर्ध्य रूप से औसत वर्णक्रमीय रेखा (Ca-K) को नियमित रूप से सूर्य के अक्षांश के कार्य के रूप में नियमित रूप से दर्ज किया जाता है। इन स्पेक्ट्रा का विश्लेषण सूर्य पर अंतर्निहित चुंबकीय क्षेत्रीय गतिविधि से जुड़ी वर्णमंडलीय गतिशीलता के बारे में जानकारी प्रदान करता है। पिछले शैक्षणिक वर्ष में Ca-K वर्णक्रमीय रेखा के आक्षांश स्कैन का कुल 98 दिनों का संक्षिप्त प्रेक्षण किया गया है।

केटीटी पर प्रतिबिंब टिप-टिल्ट सुधार प्रणाली का परीक्षण

केटीटी पर एक नया तेज़ एससीएमओएस कैमरा, पहले-प्रकाश प्रतिबिंब से सी-ब्लू स्थापित किया गया है। एंडोर नियो कैमरे के साथ अतीत में उपयोग किए गए प्रवर्तक का उपयोग करके टिप-टिल्ट को नियंत्रण सॉफ्टवेयर पूरी तरह से फिर से लिखा गया है। ऐसा इसलिए किया गया क्योंकि इस कैमरे की कार्यप्रणाली पिछले कैमरे (एंडोर नियो) से अलग है। एंडोर नियो ने पूरी तरह से पोलिंग मोड में काम किया। तथापि, सी-ब्लू ओन कैमरा नॉन-पोलिंग या कॉलबैक मोड में काम करता है। टिप-टिल्ट सॉफ्टवेयर के नए कार्यान्वयन में एक लचीला नियंत्रण प्रणाली (आनुपातिक-अभिन्न-व्युत्पन्न नियंत्रण) भी शामिल है। कई सुविधाएं जोड़ी गईं उदाहरण के लिए एंटी-विंडअप, व्युत्पत्तिक की गणना करने के लिए एन बिंदुओं पर सीधी रेखा की फिटिंग आदि। यह भी सुनिश्चित किया जाता है कि नियंत्रक का निर्गत कभी भी पूर्वनिर्धारित सीमा (अवलोकन पर आधारित) से अधिक न हो। यदि नियंत्रक ने अपना अधिकतम निर्गत दिया है तो उसे इसका असर पड़ने तक प्रतीक्षा करनी होगी। इसका अर्थ है कि वोल्टेज लागू करने में समय की देरी का प्रभाव तथा जब प्रतिबिंब



चित्र 4.6: टिप-झुकाव सुधार के बार x तथा y प्रतिबिंब विस्थापन हो जाती है।



चित्र 4.7: केटीटी में स्थापित टिप-झुकाव तंत्र से ली गई एक सूर्यकलंक प्रतिबिंब दर्शाई गई है।

विस्थापन पर इसके प्रभाव का अवलोकन किया जाता है तो इसका ध्यान रखा जाता है। केटीटी के दूसरे दर्पण की मोटरों का अंशांकन किया जा रहा है ताकि संचालक हमेशा अनुमत वोल्टेज सीमा के भीतर काम करे। संप्रति टिप-टिल्ट प्रणाली को अभिसरित होने में

76 सेकंड का समय लगता है। यहां टिप-टिल्ट प्रणाली के 12 मिनट के चलने के समय का क्रमश: नमूने आंखडें आरए तथा डीईसी दिशा है। केटीटी में लहर प्लेट आधारित ध्रुवणमापी ढाँचा भी है। स्पेक्ट्रो ध्रुवणमापी प्रणाली का उपयोग करके सूर्य-कलंक का कुल 69 घंटे का प्रेक्षण किया गया है।

(घ) कोडाइकनाल रेडियो स्पेक्ट्रो-सौरग्राफ

सौर प्रभामण्डल में होने वाली अधिकांश गतिशील प्रक्रियाएं सीधे चुंबकीय क्षेत्र से संबंधित होती हैं। उत्तरवर्ती का मापन संप्रति अवलोकन संबंधी सौर खगोल विज्ञान में व्यापक रूप से किए गए प्रयासों में से एक है। निकट-सूर्य प्रभामण्डल (सूर्यकेन्द्रीय दूरी r 1.1 – 3.0 सौर त्रिज्या) के मामले में न्यून आवृत्ति (100 MHz) गैर-ऊष्मीय रेडियो विस्फोटों का प्रेक्षण वर्तमान में किरीटी चुंबकीय क्षेत्र (B) का अनुमान लगाने हेतु सबसे आशाजनक उपकरण है।

अधिकांश विस्फोट प्लाज्मा प्रक्रियाओं के कारण होते हैं। चुंबकीय क्षेत्र की उपस्थित में विद्युत क्षेत्र सदिश के घूर्णन की विपरीत दिशाओं के साथ प्लाज्मा उत्सर्जन दो मोड़ में संचारित करता है अर्थात् साधारण (O) तथा असाधारण (X) मोड़। सौर प्रभामण्डल में इन दोनों मोड़ों के संचारण अभिलक्षण अलग-अलग हैं। परिणामस्वरूप इनमें एक वृत्ताकार ध्रुवीकरण होगा। वृत्ताकार ध्रुवीकरण की मात्रा ोत में चुंबकीय क्षेत्र की ताकत से संबंधित है। प्रारूप II रेडियो विस्फोटों के मामले में गोलाकार ध्रुवीकरण सौर वातावरण के माध्यम से बाहर की ओर संचारित सीएमई-परिचालित एमएचडी शॉक द्वारा त्वरित गैर-ऊष्मीय इनेक्ट्रॉनों के कारण परिवेशीय माध्यम में प्लाज्मा लहरों के उत्तेजना के कारण होता है। प्रारूप II रेडियो विस्फोटों से जुड़े B का अनुमान लगाने हेतु विभिन्न तरीकों का उपयोग किया जाता है। हमने स्थापित किया है कि प्रारूप II रेडियो विस्फोटों से जुड़े विभिन्न रेडियो पद्धति B के लगातार अनुमान प्रदान करते हैं ताकि उनमें से एक अथवा सभी का उपयोग उपलब्ध प्रेक्षणीय आंखडें के प्रकार के आधार पर किया जा सके।

कोडाइकनाल सौर वेधशाला रेडियो स्पेक्ट्रमलेखी (केआरएस) से (चित्र 1) अक्तूबर 9, 2021 को आवृत्ति परिसर 85-35 MHz पर रेडियो स्पेक्ट्रमी आंखडें तथा गौरिबिदुनूर रेडयो व्यतिकरणमापी ध्रुवीकरण (ग्रिप) से (चित्र 2) 80 MHz आवृत्ति पर प्राप्त ध्रुवीकरण आंखडें को एक साथ विश्लेषित किया गया था। विस्फाट के स्थल का अनुमान लगाने हेतु 80 MHz आवृत्ति पर गौरिबिदुनूर रेडयो व्यतिकरणमापी ध्रुवीकरण (ग्रिप) से प्राप्त द्वि-आयामी रेडियों प्रतिबिंबों (चित्र 3) का उपयोग किया गया था। सीएमई की जानकारी पाने हेतु सौर एवं सूर्य-गोलाकार वेधशाला (सोहो) पर लैस बड़े कोण तथा स्पेक्ट्रमी किरीट चित्रक (लॉस्को) से प्राप्त प्रेक्षणों के संचयन से उत्पन्न सूचीपत्र का उपयोग किया गया था।

चुंबकीय क्षेत्र की ताकत की गणना किरीटी प्रारूप-II रेडियो विस्फोटों से जुड़े चुंबक-द्रवगतिकीय प्रघात लहरों के अल्फवेन मैक संख्या (एमए) तथा अल्फवेन गति (वीए) का उपयोग करके की गई थी। प्रारूप-II विस्फोट के हार्मोनिक घटक से जुड़े कमज़ोर गोलाकार ध्रुवीकृत उत्सर्जन के प्रेक्षणों का उपयोग B का अनुमान लगाने हेतु स्वतंत्र रूप् से किया गया था। वर्तमान किरीटी प्रारूप-II विस्फोट हेतु r 1.8 सौर अर्धव्यास पर B का मान 1.5 G तथा 1.9 G होने का अनुमान उपरोक्त दो प्रविधियों का उपयोग करते हुए लगाया गया था।

केआरएस गतिकी स्पेक्ट्रा, हमारे आईआईए के वेब-पोर्टल पर नियमित रूप से अपलोड किए जा रहे हैं। संभावित अंतरिक्ष-मौसम प्रभावों का अध्ययन करने हेतु आंखडें को आदित्य-एल1/वीईएलसी द्वारा प्राप्त आंखडें के साथ जोड़ा जा सकता है। अप्रैल 1, 2022 से मार्च 31, 2023 यानी हमने 292 दिवस तक प्रेक्षित किए। मानसून तथा बिजली गिरने के दौरान रेडियो प्रेक्षण बंद रहते हैं।

(च) कोडाइकनाल संग्रहालय

कोडाइकनाल सौर वेधशाला में एक खगोल विज्ञान संग्रहालय है जो जनता हेतु खुला है। संग्रहालय में सौर प्रकाशमंडल की अवशोषण रेखाएं दर्शाने वाले इश्तहार, निदर्शन, दूरबीन तथा एक छोटी स्पेक्ट्रमलेखी है। जनता के बीच खगोल विज्ञान के बारे में जागरूक करने तथा पृथ्वी के चारों ओर खगोलीय पिंडों के बारे में जिज्ञासा उत्पन्न करने हेतु बहुत सारे इश्तहार तथा कुछ प्रतिमान प्रदर्शित किए गए। संग्रहालय में 2-3 कार्मिक कार्यरत हैं तथा वे छात्रों और जनता को संग्रहालय के चारों ओर ले जाकर उन्हें समझाते हैं।

अप्रैल 1, 2022 से मार्च 31, 2023 तक लगभग 140 महाविद्यालय छात्रों, 20 विद्यालय छात्रों और आम जनता ने केएसओ संग्रहालय का दौरा किया। महाविद्यालयों के 7567 छात्रों और विद्यालयों के 1001 छात्रों ने संग्रहालय का दौरा किया। इनके अलावा, उक्त अवधि के दौरान लगभग 25992 आम जनता ने केएसओ का दौरा किया। कुल मिलाकर यह 34560 लोगों ने संग्रहालय का दौरा किया है। अक्तूबर 25, 2022 को भारत में सूर्यास्त से पहल आंशिक सूर्य ग्रहण देखा गया था। केएसओ में सूर्य ग्रहण देखने की व्यवस्था प्रेक्षागृह के पास की गइ तथा लगभग 80 छात्र और आगंतुक इकट्ठे हुए। इसके दौरान सभी को नि:शुल्क ग्रहण चश्मा प्रदान किया गया तथा एक सार्वजनिक व्याख्यान दिया गया।

शून्य प्रतिछाया दिवस वह होता है जब सौर दोपहर के समय पिंड के नीचे कोई प्रतिछाया नहीं होगी। इस दिन सूर्य ठीक सिर के ऊपर होता है तथा नीचे पैर के पास हल्की सी या बिल्कुल भी प्रतिछाया

दिखाई नहीं देती है। ऊष्णकटिबंधीय क्षेत्र में किसी स्थान हेतु शून्य प्रतिछाया दिवस वर्ष में दो बार होता है। कोडाइकनाल में शून्य प्रतिछाया दिवस अप्रैल 16 तथा अगस्त 26, 2022 को अनुष्ठान किए गए थे।

4.1.3 वेणु बप्पु वेशाला

वीबीओ की प्रमुख सुविधाओं नामत: वेणु बप्पु दूरबीन (वीबीटी), जे.सी. भट्टाचार्या दूरबीन (जेसीबीटी) तथा 1m कार्ल जइस्स दूरबीन के साथ निर्धारित प्रेक्षणीय कार्यक्रम वर्ष 2022-23 की अवधि के दौरान कार्यान्वित होते रहे। ओएमआर तथा एश्ले स्पेक्ट्रमलेखी का उपयोग करके वीबीटी में निम्न तथा उच्च विभेदन स्पेक्ट्रमी प्रेक्षण किए गए। जेसीबीटी पर प्रतिबिंब तथा 1-मीटर दूरबीन पर निम्न विभेदन स्पेक्ट्रमिकी भी संचालित की गई। 30 इच की दूरबीन, एक निगाह मॉनिटर तथा एक स्वचालित मौसम केन्द्र भी चालू है। वीबीओ में वर्ष 2008 से मौसम आंखडें का निरंतर आलेख उपलब्ध है।

इस अवधि के दौरान वीबीटी हेतु कुल 41 प्रस्ताव, जेसीबीटी हेतु 31प्रस्ताव तथा 1-m दूरबीन हेतु 9 प्रस्ताव प्राप्त हुए।

वीबीटी में ओएमआर स्पेक्ट्रमलेखी का उपयोग करके निम्नलिखित कार्यक्रम किए गए: डब्ल्यूआर सेंटल तारों, सहजीवी तारों, आवर्तक नवतारों, कोर-निपात अधिनवतारा, नवतारा में विस्फोट, संपर्क बाइनरी सिस्टम की कक्षीय अवधि, कुछ छोटी अवधि के बाइनरी सिस्टम, विशाल ग्रह होस्टिंग दीप्त तारों के सर्वेक्षण के साथ ग्रहीय नेबुला में हदजन निष्कासित पदार्थ की प्रचुरता का स्पेक्ट्रमी अध्ययन, कुछ बीटा लाइरे प्रकार के बायनेरिज़, पास की सक्रिय मंदाकिनियों में एजीएन की प्रतिपुष्टि, नवतारा के देर से गिरावट तथा शांत चरण, अतिरिक्त तृतीयक घटकों/एक्सोप्लेनेट कर संभावना के साथ क्लोज बायनेरिज़ तथा वुल्फरेयेट तारों में छोटे पैमाने पर हवा संरचनाओं की जांच आदि।

वीबीटी में फाइबर-युक्त एश्ले स्पेक्ट्रमलेखी का उपयोग करके निम्नलिखित कार्यक्रम किए गए: लाल दानव में लिथियम संवर्धन की उत्पत्ति, पूर्व-मुख्य अनुक्रम से मुख्य अनुक्रम तक संक्रमण चरण में उत्सर्जन-रेखा तारों का अध्ययन, एचआर आरेख में ग्रहों के साथ तथा बिना ग्रहों के तारों के तात्विक प्रचुरता तथा समस्थानिक अनुपात का अध्ययन, विभिन्न धातु के एजीबी तारों में समस्थानिक अनुपात, खुले समूहों के लाल दानवों में हीलियम संवर्धन, खुले समूहों में यूवी उज्ज्वल तारों की उच्च विभेदन स्पेक्ट्रमी, [Fe/H] < -2.0 के साथ चमकीले धातु-खराब तारों की उच्च विभेदन स्पेक्ट्रमी, वुल्फरेयेट तारों में छोटे पैमाने पर हवा संरचनाओं की जांच, हरबिग Ae/Be तारों की विभिन्न द्रव्यमान श्रेणियों में रेखा परिवर्तनशीलता की स्पेक्ट्रमी अवलोकन तथा चंद्रयान-2 द्वारा प्रेक्षित चंद्र सतह की तात्विक प्रचुरता के साथ इसके सहसंबंधों का पता लगाने हेतु चंद्र सतह सीमा बाह्यमंडल का भू-आधारित प्रेक्षण आदि।

जेसीबीटी में निम्नलिखित कार्यक्रम संचालित किए गए: मेज़बान मंदाकिनी के अध्ययन हेतु उज्ज्वल निकटवर्ती एजीएन की स्टैकिंग, आसन्न प्रभावकों तथा जोखिम भरे एनईओं का प्रेक्षण, तारा-निर्माण क्षेत्रों का प्रतिबिंब सर्वेक्षण, कोर-निपात अधिनवतारा का प्रेक्षण, M67 खुले तारागुच्छ का प्रकाशमितीय जांच, सौर प्रकार के तारों के आसपास ऊष्मीय-बृहस्पति का बहुबैंड प्रकामितीय अनुवर्ती, खुले तारागुच्छों में यूवी दीप्त तारा की परविर्तनशीलता, मंदाकिनी में बाइनरी खुले तारागुच्छ का अध्ययन, कुछ अतिसंपर्क बाइनरी सिस्टम का प्रकाशमितीय अध्ययन, कम चमक वाले एजीएन की प्रकाशमितीय प्रतिध्वनि का प्रतिचित्रण बनाना, अवधि भिन्नता का अध्ययन तथा संपर्क बायनेरिज़ में अदृश्य तीसरे शरीर की खोज, लघु अवधि के बाह्य ग्रहों की विभेदक पारगमन प्रकाशमिति, उनके

चित्र 4.8: वीबीओ कावलूर में 40 इच दूरबीन का स्वर्ण जयंती समारोह।

तालिका 4.1: वेणु बप्पू वेधशाला, कावलूर में स्पेक्ट्रमी तथा प्रकाशमितीय घंटों तक प्रेक्षित आसमान की परिस्थितियां।

मास	स्पेक्ट्रमिकी घंटे	प्रकाशमितीय घंटे
अप्रैल 2022	70	02
मई	36	0
जून	24	0
जुलाई	4	0
अगस्त	5	0
सितंबर	38	0
अक्तूबर	41	05
नवंबर	05	0
दिसंबर	75	0
जनवरी 2023	138	13
फरवरी	205	10
मार्च	87	02
योग	728	22

तालिका 4.2: वेणु बप्पू वेधशाला, कावलूर में रात्रि की परिस्थिति।

मास	स्पेक्ट्रमिकी घंटे		प्रकाशमितीय घंटे	
	= 2	= 4	= 2	= 4
अप्रैल 2022	11	10	01	00
मई	06	04	00	00
जून	06	02	00	00
जुलाई	01	01	00	00
अगस्त	02	00	00	00
सितंबर	08	04	00	00
अक्तूबर	06	04	01	01
नवंबर	02	00	00	00
दिसंबर	09	09	01	00
जनवरी 2023	21	17	04	02
फरवरी	23	23	03	01
मार्च	11	09	01	00
योग	106	83	11	04

पारगमन के प्रकाशमिति अनुवर्ती के माध्यम से निकट-अतिरिक्त-सौर ग्रह प्रणालियों की जांच, कुछ बीटा लाइरे प्रारूप के बाइनरी सिस्टम के प्रकाशमिति प्रेक्षण, गोलाकार तारागुच्छों में अल्पावधि परिवर्तनशीलता तथा क्षणिक की खोज, युवा खुले तारेगुच्छों में पूर्व-मुख्य अनुक्रम चर तारों हेतु प्रकाशमिति खोज, कुछ संपर्क बाइनरी सिस्टम का दीर्घकालिक अवधि भिन्नता अध्ययन, ट्राइटन द्वारा एक दीप्त तारे का तारकीय अपगूहन, खुले तारेगुच्छों, कम द्रव्यमान वाला आईएमएफ तथा युवा तारेगुच्छों के बाइनरी अंश में परिवर्तनशील तारों की खोज, BeXRB सिस्टम HD54786 की प्रकाशमिति अवलोकन तथा करीबी बाइनरी का प्रकाशमिति अध्ययन अतिरिक्त तृतीयक घटकों/एक्सोप्लैनेट की संभावना के साथ संपादित किया गया।

निम्नलिखित कार्यक्रम यूएजीएस का उपयोग करके 1-मीटर दूरबीन पर किए गए: सहजीवी तारों फोटो-ध्रुवणमापीय तथा स्पेक्ट्रमी परिवर्तनशीलता, कोर-निपात अधिनवतारा तथा समरूप विदेशी क्षणिकों की अनुवर्ती तथा अवलोकन, प्रकाशीय प्रवाह तथा फर्मी ब्लेज़र्स की ध्रुवीकरण परिवर्तनशीलता तथा एमबीएम मेघों पर प्रक्षेपित तारों के बहुतरंगदैर्ध्य ध्रुवणमापीय प्रेक्षण तथा बहु-कालावधि प्रकाशीय स्पेक्ट्रमी का उपयोग करके चिरप्रतिष्ठित Be तारों की क्षणिक प्रकृति की जांच आदि।

निम्नवत तालिका उचित अवधि के दौरान रात्रि आसमान की स्थिति का सारांश देती है। कॉलम के अंतर्गत 2 अथवा अधिक लगातार घंटों वाली रातों की संख्या तथा 4 अथवा अधिक लगातार घंटों वाली रातों की संख्या को स्पेक्ट्रमिकि अथवा प्रकाशमिति अध्ययन हेतु उपयुक्त के रूप् में वर्गीकृत करते हैं। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि 'प्रकाशमिति' के रूप में वर्गीकृत रातों हेतु निर्धारित घंटों तक आसमान पूरी तरह से साफ होना चाहिए।

4.1.4 गौरीबिदुनूर रेडियो वेधशाला

(क) गौरिबिदुनूर रेडियो-सौरग्राफ (ग्राफ) संवर्धन

30-120 मेगाहर्ट्ज आवृत्ति परिसर में स्टोक्स-I तथा स्टोक्स-V दोनों में सूर्य की दो-आयामी प्रतिबिंब अभिग्रहीत करने हेतु रेखाचित्र क्रम-विन्यास का संवर्धन प्रगति पर है। चूँकि रेडियो प्रेक्षण सौर डिस्क के ऊपर तथा साथ ही सौर अवयव से दूर सौर प्रभामण्डल की प्रतिबिंब अभिग्रहीत किए जा सकते हैं, संवर्धित रेखाचित्र से आंखडें हमारे देश के पहले अंतरिक्ष सौर मिशन आदित्य-L1 के साथ प्राप्त किए जाने वाले आंखडें को अच्छी तरह से पूरक करेगा। वर्ष के दौरान रेखाचित्र हेतु एक नया आदिप्रारूप बीम-फॉर्मर अभिकल्पित तथा सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया। अपनाई गई एक नया परिरूप रणनीति के कारण नए बीम-फॉर्मर में पूरे 30-120 MHz बैंड (चित्र 4.12) पर बहुत अच्छी प्रतिबाधा मैच (VSWR < 2.0) पाया गया है। इसके अलावा, यह पाया गया कि नए बोर्ड का अंतर संचारण हानि प्रचालन बैंड पर < 4 dB (चित्र 4.13) है। इस नए बोर्ड का अब बड़े पैमाने पर उत्पादन किया जा रहा है।

(ख) नया उच्च ब्रॉडबैंड (1:20) LPDA, ग्लॉस क्रम-विन्यास हेतु उच्च आवृत्ति तथा बिट विभेदन अंकरूपण

पिछले गौरिबिदुनूर निम्न आवृत्ति सौर स्पेक्ट्रमलखी (जीएलओएसएस) क्रम-विन्यास में 50-500 MHz (1:10) का



चित्र 4.9: आवृत्ति के एक फलन के रूप में नए बीमफॉर्मर का वीएसडब्ल्यूआर।



चित्र 4.10 : आवृत्ति के फलन के रूप में सबसे बड़े झुकाव कोण हेतु संचरण हानि। ऑपरेटिंग बैंडविड्थ पर अंतरात्मक हानि <4dB है।

वर्णक्रमीय क्षेत्र तथा 401 आवृत्ति चैनल तथा 8-बिट विभेदन वाला एक अंकीय पश्च सिरे ग्राहक-यंत्र था। सिस्टम की आवृत्ति क्षेत्र में वृद्धि की गई थी क्योंकि प्रारूप-III रेडियो विस्फोट (अंतरिक्ष-मौसम की घटनाओं से जुड़े रेडियो अभिलक्षणों में से एक) की प्रारंभ आवृत्ति आम तौर पर GHz से होती है तथा स्टॉप आवृत्ति पृथ्वी के आयन-मंडल कटऑफ (15 MHz)जितनी कम हो सकती है। इसलिए, 30-600 MHz परिसर में काम करने वाला एक LPDA गौरिबिदुनूर वेधशालामें अभिकल्पित कर चालू किया गया था (चित्र 4.14)। इसके अलावा, बेहतर संवेदनशीलता तथा आवृत्ति विभेदन के साथा प्रेक्षण करने हेतु एक नया अंकीय पश्च सिरे ग्राहक-यंत्र (मेसर्स कीसाइट टेक्नोलोजीस, N9912A से प्राप्त हालिया उत्पादों में से एक) को उपरोक्त ब्रॉडबैंड एंटीना के साथ अभिलक्षित तथा चालू किया

चित्र 4.11: नया बैंडविड्थ एलपीडीए (1:20 बैंडविड्थ)।



चित्र 4.12: ग्लॉस स्पेक्ट्रम: प्ररूप-III की अनुवर्ती में प्ररूप-V तथा प्ररूप-II रेडियो विस्फोट (फरवरी 23, 2023)।

गया था। नए अंकीय ग्राहक-यंत्र में उच्च बिट विभेदन (14-बिट) तथा उच्च आवृत्ति विभेदन (1001 चैनल) है। एक ही समय में, यह 256 ms में नए परिचालन बैंडविड्थ का आवरण करता है। नए प्रेक्षणीय ढाँचे के साथ फरवरी 23, 2023 को प्राप्त एक नमूना रेडियो स्पेक्ट्रम (चित्र 4.15) में दर्शाया गया है। नए ग्लॉस सेट-अप से उच्च-आवृत्ति प्रेक्षणों की बढ़ी हुई सीमा आदित्या-L1 के साथ सूर्य के डिस्क तथा निकट-अवयव प्रेक्षणों की अच्छी तरह से प्रशंसा करेगी।

(ग) गौरिबिदुनूर निम्न-आवृतित रेडियो स्पेक्ट्रो-ध्रुवणमापी

प्रेक्षणीय अध्ययनों से पता चलता है कि अंतरिक्ष-मौसम पूर्वानुमानों



चित्र 4.13: जीआरएएसपी स्पेक्ट्रा: फरवरी 23, 2023 को प्रेक्षित स्टोक्स-I (ऊपर) तथा स्टोक्स-V (नीचे) का स्पेक्ट्रम। नोट किया जाय कि घटना को 13 MHz अथवा उससे अधिक (आयनमंडल के स्थानीय निम्न-आवृत्ति कट के करीब) तक पाया जाता है।

के संदर्भ में प्रभामण्डल तथा अंतरग्रहीय घटनाओं में प्रभेद करना महत्वपूर्ण है। चूँकि पृथ्वी आयनमंडलीय प्लाज्मा आवृत्ति कट-ऑफ के कारण 15 MHz से नीचे की रेडियो तरंगें पृथ्वी तक नहीं पहुंच सकती हैं, इसलिए 15 MHz से कम के रेडियो प्रेक्षण अंतरिक्ष-जनित उपकरणों का उपयोग करके किए जाते हैं: उत्तरवर्ती आवृत्ति परिसर 15 MHz – 20 KHz (पृथ्वी के निकट वायुमंडल की प्लाज्मा आवृत्ति) तक आच्छादित करता है। इसके अलावा, स्थलीय रेडियो आवृत्ति के हस्तक्षेप के कारण भू-आधारित रेडियो सुविधाओं का उपयोग करके 30-10 MHz परिसर में रेडियो आवृत्ति का प्रेक्षण करना वर्तमान में मुश्किल है। प्रभामंडल तथा अंतर-ग्रहीय (आईपी) घटनाओं के बीच अंतर समझाने के उद्देश्य से उच्च आवृत्ति (2 KHz) तथा बिट (16-बिट) विभेदन के साथ स्थानीय आयनमंडलीय आवृत्ति कट-ऑफ तक एफएफटी आधारित अंकीय सहसंबंधक (राष्ट्रीय उपकरण – PCI- 5105) का उपयोग करके बाद वाले बैंड में घटनाओं के स्पेकट्रा-ध्रुवणमापीय अभिलक्षणों को प्रेक्षण करने का निर्णय लिया गया। विशेष रूप से आदित्या-L1 पर किरीट चित्रक का उपयोग करके श्वेत-प्रकाश सातत्य प्रेक्षणों के 1.05-3.0 सौर त्रिज्या दृष्टिगोचर क्षेत्र की बाहरी सीमा पर प्रेक्षित आंखडें से जमीन तथा अंतरिक्ष-आधारित रेडियो स्पेक्ट्रमलेखी सुविधाओं को जोड़ने की उम्मीद की जाती है। निम्न-आवृत्ति एंटेना तथा ऐनलॉग ग्राहक-यंत्र का उनके चरण स्थिरता हेतु परीक्षण किया गया था तथा अंकीय ग्राहक-यंत्र को इसकी संवेदनशीलता गतिशील परिसर आदि हेतु अभिलक्षित किया गया था। इस नए



चित्र 4.14: दिनांक 07/12/2022 को समकालिन बहु-किरण-पुंज निर्माण प्रविधि का उपयोग करके प्राप्त स्पेक्ट्रा। बाएं: सोलार रेडियो विस्फोट (प्ररूप-III समूह); दाएं: पल्सर 1919+21

प्रेक्षण सेट-अप के साथ प्राप्त एक नमूना स्पेक्ट्रा (स्टोक्स-I तथा स्टोक्स-V उभय) चित्र 4.16 में दिखया गया है।

पल्सर क्रम–विन्यास

पिछली रिपोर्ट में उल्लेखितानुसार नई पल्सर क्रम-विन्यास को चरणबद्ध-क्रम-विन्यास मोड में संचालित करने हेतु पुन: आकृति की गई थी। एक अंकीय बीमफॉर्मर का उपयोग करके कई खगोलीय स्रोतों का समसामयिक प्रेक्षण करना उद्देश था। नए अग्रांत एनालॉग मॉड्यूल को स्थल में अभिकल्पित, अभिलक्षित तथा संस्थापित किया गया था। ऐंटीना स्थल से वेधशाला के बीच नई आरएफ निम्न-हानि केबिल बिछाई गईं। व्यक्तिगत ऐंटीना से संकेत को एफपीजीए तथा आंखडें अधिग्रहण प्रणाली की मदद से सीधे अंकरूपित तथा संग्रहीत किया गया था। यह एक साथ कई स्रोतों की प्रतिबिंब अधिग्रहीत करने हेतु आंखडें को ऑफलाइन संसाधित करने हेतु किया गया था। चित्र 4.17 इस अंकीय बहु-किरणपुंज-निर्माण तकनीक का उपयोग करके दिसंबर 7, 2022 को प्राप्त नमूना स्पेक्ट्रा दिखता है। बाईं ओर का स्पेक्ट्रम सूर्य की ओर इशारा करते हुए बीम-1 का उपयोग करते हुए देखे गए प्रारूप-III रेडियो विस्फोट को दर्शाता है, जबकि दाईं ओर का स्पेक्ट्रम उसी समय पल्सर PSR1919+21 की ओर इशारा करते हुए बीम-2 से मेल खाता है।

4.2 पराबैंगनी प्रतिबिंब दूरबीन

पराबैंगनी प्रतिबिंब दूरबीन (यूवीआईटी), वर्ष 2015 में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा प्रक्षेपित भारत के पहले बहु-तरंगदैर्ध्य खगोलीय उपग्रह एस्ट्रोसैट पर लैस पांच पेलोड में से एक है। संप्रति सुदूर पराबैंगनी (FUV: 1300-1800) तथा दृश्य (VIS: 3200-5500) बैंडों पर यूवीआईटी के साथ प्रेक्षण नियमित

चित्र 4.15: क्रेस्ट परिसर से गुब्बारा प्रक्षेपण।

रूप से किए जाते हैं। वीआईएस चैनल में किए गए प्रेक्षण का उपयोग पहलू सुधार हेतु किया जाता है। अप्रैल 1, 2022 – मार्च 31, 2023 की अवधि के दौरान, यूवीआईटी के साथ कुछ 191 प्रेक्षण (ओबीएसआईडी) किए गए। इन 191 ओबीएसआईडी में से, पीओसी ने 174 ओबीएसआईडी को संसाधित किया है तथा उनकी वैज्ञानिक स्तर 2 (एल 2) प्रतिबिंबों को संग्रह और प्रसार हेतु भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान डेटा केन्द्र में भेज दिया है।

पिछले एक वर्ष की अवधि के दौरान, कुल 17 शोध पत्र प्रकाशित हुए जिनमें यूवीआईटी के डेटा का उपयोग किया गया था।

4.3 अंतरिक्ष पेलोड समूह

आईआईए का अंतरिक्ष पेलोड समूह अंतरिक्ष से खगोलीय प्रेक्षण हेतु कम लागत वाले छोटे पेलोड के उपयोग में अग्रणी है। मुख्य उद्देश्य यह है कि विज्ञान के उन मामालों पर है जो बड़े दूरबीनों के साथ संभव नहीं हैं जो व्यक्तिगत स्रोतों के गहन प्रेक्षण हेतु परिरूपित किए गए हैं। वैज्ञानिक परिणाम के अलावा मुख्य उद्देश्य अंतरिक्ष और कौशल विकास हेतु किफायती प्रणालियों का विकास है। समूह द्वारा विकसित की जा रही सभी प्रौद्योगिकियां और उपप्रणालियां खुले अभिगम हेतु होंगी और भारत में तेजी से बढ़ते अंतरिक्ष उद्योग हेतु उपलब्ध होंगी।

समूह की प्रमुख गतिविधियां उपकरण (संसूचक, प्रकाशिकी तथा इलेक्ट्रॉनिक्स) पर आधारित है जिन्हें आंतरिक रूप से विकसित तथा एकीकृत किया गया है। अंतरिक्ष पेलोड समूह प्रकाशिकी निर्माण से लेकर यांत्रिक बाड़ों और पर्यावरण परीक्षणों तक आईआईए की अभियांत्रिकी सुविधाओं का व्यापक उपयोग करता है। जो उपकरण आंतरिक रूप से विकसित हैं वे व्यावसायिक रूप से उपलब्ध उपकरणों की तुलना में काफी सस्ते हैं। आमतौर पर पेलोड को विकसित करने में लगभग 3-4 वर्ष लगते हैं जो पीएच.डी शोध-प्रबंध की तैयारी की अवधि के समान होता है तथ इसलिए ऐसा पेलोड मिशन एक स्व-निहित शोध-प्रबंध भी हो सकता है।

हाल ही में निष्पादित परियोजना स्टारबेरी-सेंस है जो रास्पबेरी पाई संकेत बोर्ड संगणक पर आधारित एक कॉम्पैक्ट (1यू) कम लागत वाला एसएआर संवेदक है। किसी भी अंतरिक्ष मिशन में तारा संवेदक एक महत्वपूर्ण घटक है क्योंकि इसका उपग्रह के अभिविन्यास के बारे में सबसे सटीक जानकारी प्राप्त करने हेतु उपयोग किया जाता है। स्टारबेरी-सेंस को कम लागत यानि 1 लाख रुपए में विकसित किया गया था जबकि बाज़ार में उपलब्ध तारा संवेदक की लागत 30 लाख से अधिक थी। स्टारबेरी-सेंस की पहली परीक्षण उड़ान पीएसएलवी-सी55 पर पीएसएलवी ऑर्बिटल एक्सपेरिमेंट मॉड्यूल (पोयम) पर होगी जो अप्रैल 22, 2023 को प्रक्षेपित करने हेतु निर्धारित है। स्टारबेरी-सेंस को समूह द्वारा परिरूपित कर निर्मित किए जा रहे खागोलीय पेलोड हेतु एक तारा संवेदक के रूप में विकसित किया गया था।

पराबैंगनी (यूवी) वेवबैंड, जबकि अपेक्षाकृत अज्ञात है खगोल भौतिकी वर्णक्रम का एक रोमांचक हिस्सा है तथा जीमन से अभिगम असंभव है। समूह पराबैंगनी तरंगदैर्ध्य (900-2700Å) में आसमान का मानिचत्रण करने हेतु कॉम्पैक्ट वर्णक्रमलेखी का निर्माण कर रहा है। ये पेलोड अपेक्षाकृत छोटे (30 X 30 X 40 सेमी आयाम) हैं तथा आसमान के दीर्घकालिक प्रेक्षण हेतु परिरूपित किए गए हैं। पेलोड किरीटी गैस (C III 977 Å, O VI 1032/1038 Å), उष्ण गैस (C IV 1548/1550 Å) तथा वार्म गैस (N III 1750 Å) से उत्सर्जन की वर्णक्रमीय रेखाओं में ठंडी गैस से आणविक हाइड्रोजन के लाइमन और वर्नर बैंड के साथ आसमान को मानचित्रण करेगा। एक बार चालू होने पर इन उपकरणों से स्पेक्ट्रोस्कोपिक आंखडें हमारी मंदाकिनी के व्यापक क्षेत्रों में भौतिक प्रक्रियाओं के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्रदान करेगा। निकट-यूवी वर्णक्रमलेखी (1800-2700 Å) के एकीकरण की प्रक्रिया प्रगति पर है तथा दूर-यूवी वर्णक्रमलेखी वर्ष 2024 के अंतक तक प्रक्षेपण हेतु तैयार होने की उम्मीद है।

4.4 क्रेस्ट परिसर

क्रेस्ट से 2-m एचसीटी संचालन/अनुरक्षण: वैज्ञानिकों और प्रेक्षण करने वाले सहायकों का एक समूह ने क्रेस्ट से सुदूर से संचालित 2-m हिमालय चन्द्रा दूरबीन के साथ दिन-प्रतिदिन के प्रेक्षण में सक्रिय रूप से भाग लिया। सभी दूर से एचसीटी के मासिक तथा वार्षिक अनुरक्षण में भाग लेते हैं तथा प्रेक्षकों को सहायता प्रदान करने हेतु दूरबीन तथा एचएफओएससी, टीआईआरएसपीईसी

तथा एचईएसपी जैसे पश्च-सिरे उपकरणों को अच्छी स्थिति में रखने में समय बिताते हैं। क्रेस्ट परिसर में हम आंखडें डाउनलोड तथा प्रसार, एचसीओ आंखडें संग्रह, उपग्रह संचार प्रणाली, स्थानीय क्षेत्र नेटवर्क तथा क्रेस्ट में इंटरनेट तथा हनले, क्रेस्ट और आईआईए के बीच इसकी संयोजकता के पर्यवेक्षण करते हैं।

एसएसी, आईआईए बैठक: फरवरी 8, 2023 को वैज्ञानिक सलाहार समिति, आईआईए की बैठक क्रेस्ट-होस्कोटे परिसर में आयोजित की गई। समिति को क्रेस्ट परिसर में कार्यरत विभिन्न प्रयोगशालाओं जैसी 2-m एचसीटी का सुदूर प्रचालन, एमजीके मेनन अंतरिक्ष प्रयोगशाला तथा आईटीओएफएफ सुविधओं में संपादित दैनिक गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई। समिति ने क्रेस्ट में सभी सुविधाओं का दौरा किया।

जीएचजी अध्ययन: क्रेस्ट की ओर से हम भारतीय ताराभौतिकी संस्थान तथा सीएसआईआर- के चार आदर्श संस्थान, बेंगलूरु के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन के अनुसार क्रस्ट-होस्कोटे/आईएओ हनले पर सीएसआईआर-4पीआईप बेंगलूरु ग्रीन हाउस गैस (जीएचजी) अध्ययन के लिए सेटअप की गतिविधियों का समर्थन करते हैं। हमने ग्रीनहाउस गैसों (जीएचजी) अनुमान, मापन तथा परिरूपण पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। सीएसआईआर-एकीकृत कौशल पहल के तहत जनवरी 9-12, 2023 के दौरान एक कौशल विकास कार्यक्रम तथा अंतिम समापन सत्र जनवरी 12, 2023 को क्रेस्ट-

चित्र 4.16: ऑनलाइन सार्वजनिक अभिगम के सूचीपत्र हेतु टैबलेट कियोस्क।

होसकोटे स्थित ग्रीनहाउस प्रयोगशाला में आयोजित किया गया था। सत्र में सभी प्रतिभागियों (25 संख्या) और सीएसआईआर-4पीआई वैज्ञानिकों (6 संख्या) ने भाग लिया। आगंतुकों को डब्ल्यूएमओ मानकों के अनुसार ग्रीनहाउस गैस माप स्टेशन सेटअप का फील्ड प्रदर्शन दिया गया, जिसमें नमूना संग्रह पर प्रायोगिक प्रशिक्षण तथा अत्यधिक परिष्कृत उपकरणों का उपयोग करके ग्रीनहाउस गैसों की सांद्रता के निरंतर माप शामिल थे। 4-पीआई अतिथि वैज्ञानिकों द्वारा फ्लास्क विधि का उपयोग करके ग्रीनहाउस गैसों की सांद्रता का अलग-अलग माप और स्वाचालित मौसम अवलोकन केन्द्र का प्रदर्शन तथा आंखडें संग्रह किया गया था।

4.5 पुस्तकालय

संग्रह विकास व प्रबंधन

आईआईए पुस्तकालय अत्याधुनिक सेवाओं की पेशकश तथा विशाल एवम् विविध विशिष्ट सूचना संसाधनों का निर्माण करके विशेष सेवाएं प्रदान करने हेतु संस्थान के लिए एक रणनीतिक शिक्षण भागीदार है। इसमें खगोल विज्ञान तथा खगोल भौतिकी विषयों से संबंधित ई-जर्नल्स, ई-पुस्तकें, ई-मानक, सीडी-रोम, ऑनलाइन डेटाबेस, अनुसंधान सहायता उपकरण, मुद्रित सामग्री तथा अध्ययन सहायता के रूप में सूचना संसाधनों का एक व्यापक संग्रह है। पुस्तकालय के वर्तमान संग्रह के अंतर्गत 20610 मुद्रित पुस्तक, 23452 जर्नल-बाउंड वॉल्यूम तथा 14528 ई-पुस्तक उपलब्ध है इसमें वर्ष के दौरान 106 मुद्रित पुस्तक, 28 ई-पुस्तक तथा 350 सम्मेलन कार्यवाही (ई-पुस्तक) के साथ पूरक किया गया था। पुस्तकालय द्वारा 20 मुद्रित पत्रिकाओं तथा 25 ई-पत्रिकाओं का नवीनीकरण किया गया। इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय सूचना संसाधन संघ के माध्यम से आईआईए के ग्राहकों के पास 1948 ई-जर्नल्स तक अभिगम है। बेंगलूरु मुख्यालय के पुस्तकालय ने सभी क्षेत्रीय केन्द्र स्थित पुस्तकालयों की निगरानी की तथा सभी उपयोगकर्ताओं को अभिदत्त ई-संसाधनों तक निर्बाध रूप से अभिगम प्रदान किया। बेंगलूरु के मुख्य परिसर, केएसओ, वीबीओ तथा क्रेस्ट परिसर के पुस्तकालयों में जर्नल तथा पुस्तकों के उनके बाउंड वॉल्यूम को भौतिक रूप से सत्यापित किया गया है। जर्नल-बाउंड वॉल्यूम की सूची AACR2 तथा MARC21 के अनुसार बनाई जाती है तथा पुस्तकालय पोर्टल पर निर्यात की जाती है।

(बी) एकीकृत पुस्तकालय प्रबंधन पोर्टल

एकीकृत पुस्तकालय प्रबंधन पोर्टल, आईआईए के पुस्तकालय उपयोगकर्ता समुदाय को सभी सूचनाओं तथा सीखने के संसाधन उपलब्ध कराके एक सहज शिक्षण वातावरण प्रदान करता है। पुस्तकालय कार्मिकों ने पुस्तकालय की वेबसाइट को लगातार अद्यतन तथा रखरखाव किया। इसके अतिरिक्त हमने अपने पुस्तकालय पोर्टल को कोहा संस्करण 22.11 में अपग्रेड किया तथा इसे मोबाइल-अनुकूल बनाया। बग हेतु अपग्रेड की जांच कर ली

गई है तथा उसे ठीक कर लिया गया था। हमने कई नई सुविधाएं पेश की हैं, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

[1] हमने सभी पुस्तकालय की कार्यवाही हेतु अनुकूलित स्वचालित ईमेल अलर्ट जैसे कि अवशेष, परिचालन अलर्ट, सुझाव अलर्ट आदि सक्षम बनाया गया है। इससे परिचालन के दौरान हस्तचालित हस्तक्षेप की आवश्यकता कम हो जाती है जिससे कर्मचारियों तथा उपयोगकर्ताओं दानों को लाभ होता है।

[2] हमने संस्थान LDPA खाते को एकीकृत किया तथा उपयोगकर्ताओं को बढ़ी सुरक्षा और सुविधा के लिए एकल सुरक्षित लॉगिन का उपयोग करने में सक्षम बनाने हेतु एकल साइन-ऑन क्षमता प्रदान की। अलग लॉगिन की आवश्यकता के बजाय, पुस्तकालय ग्राहक अब अपनी आईआईए के ईमेल लॉगिन जानकारी का उपयोग करके पुस्तकालय पोर्टल तक पहुंच सकते हैं।

[3] वर्तमान पुस्तकालय पोर्टल में संरक्ष पहचान-पत्र जनित्र फलन को हमारे द्वारा विकसित तथा अनुकूलित किया गया है तथा इसके परिणामस्वरूप पहचान-पत्र अब आसानी से उपलब्ध उपयोगकर्ता आंखडें का उपयोग करके उक्त पद्धति द्वारा स्वचालित रूप से बनता है। यह प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया और ग्राहक को पहचान-पत्र की प्राप्ति हेतु इंतजार करने में लगने वाले समय को काफी काम दिया है।

[4] आईआईए पुस्तकालय ने पुस्तकालय ग्राहक-आवक-जावक प्रबंधन प्रणाली के विकास के साथ अपने परिचालनों को आधुनिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। पुस्तकालय के पोर्टल के साथ सहजता से एकीकृत यह वेब-आधारित अनुप्रयोग का उद्देश्य पुस्तकालय के उपयोगकर्ताओं की खोज तथा निगरानी को बढ़ाना है। आईआईए के पुस्तकालय द्वारा प्रदान किए गए व्यक्तिगत उपयोगकर्ता पहचान-पत्र से बारकोड़ को स्कैन करके यह प्रणाली पुस्तकालय के ग्राहकों के आवागमन को कुशलतापूर्वक प्रबंधित करती है। ग्राहकों की जानकारी उनके तस्वीर के साथ पुस्तकालय के पोर्टल डेटाबेस से चयन करके इस सिस्टम पर दखाई जाएगी। इस प्रणाली की सहायता से पुस्तकालय का दौरा, संचयन की उपयोगिता तथा पठन-क्षेत्रों के उपयोग के बारे में सटीक सांख्यिकीय आंखडें तैयार किए जा सकते हैं।

[5] आईआईए के पुस्तकालय ने उपयोगकर्ता के अनुभव को बेहतर बनाने हेतु हाल ही में टैबलेट कियोस्क स्थापित किया गया है। आईआईए पुस्तकालय के संसाधनों की विस्तृत श्रृंखला को पुस्तकालय के आगंतुकों हेतु आसानी से उपलब्ध कराने में यह अत्याधुनिक कियोस्क्स सहायक सिद्ध है। ये कियोस्क्स, जो एक



चित्र 4.17: उपयोगकर्ता हेतु इन-आउट प्रबंधन प्रणाली।

ऑनलाइन जन अभिगम सूचीपत्र (ओपीएसी) के रूप में काम करते हैं, उपयोगकर्ताओं हेतु पुस्तकालय के विशाल संग्रह में किताबें, जर्नल, ई-पुस्तकें, ई-जर्नल, मल्टीमीडिया संसाधन तथा अन्य चीजें ढूँढने में सहायता करती है।

(ग) दस्तावेज़ वितरण सेवाएं

दस्तावेज़ वितरण सेवा, पुस्तकालय ग्राहकों की मांग पर मुद्रित अथवा अंकीय रूपों में मूल अथवा प्रतिलिपि के रूप में सामग्री प्रदान करती है। सहकारी संसाधन साझाकरण के उद्देश्य में आईआईए पुस्तकालय ने डीएसटी-वित्त पोषित, सीएसआईआर और संबंधित अनुसंधान आकृष्ट संस्थानों के पुस्तकालयों के साथ साझेदारी की है। पुस्तकालय ने उन 194 उपयोगकर्ताओं हेतु इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेज़ वितरण की सेवाएं प्रदान की जिन्होंने प्रस्तकालय से अनुरोध पर्चियां, ईमेल तथा दूरभाष के माध्यम से किया था। उक्त सेवा इन अनुरोधों को पूरा करने हेतु पुस्तकालय के विशाल संग्रह तथा अन्य महत्वपूर्ण साझेदारों के पुस्तकालयों के अभिगम हेतु अनुमति दी। पुस्तकालय ने आईआईए के संकाय सदस्यों और छात्रों के 76 लेख अनुरोधों को पूरा किया जो स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय भागीदार पुस्तकालयों के बीच की उधार सेवाओं की व्यवस्था से सिद्ध हुआ है। देश भर में हमारे साझेदार के पुस्तकालयों से प्राप्त लेखों के 47 अनुरोध भी पूरे किए गए।

(घ) ग्रंथसूची विश्लेषण

आईआईए पुस्तकालय समय-समय पर नीति विकल्प बनाने तथा डीएसटी रिपोर्ट में निवेश के रूप में आईआईए के वैज्ञानिक अनुसंधान उत्पादकता प्रदान करने हेतु निरंतर ग्रंथसूची तथा वैज्ञानिक विश्लेषण के माध्यम से वैज्ञानिक अनुसंधान के विकास की प्रवृत्ति की निगरानी करता है। पुस्तकालय ने विभिन्न आवृत्ति स्तरों (वार्षिक, त्रैमासिक, मासिक आदि) पर प्रकाशनों पर रिपोर्ट, प्रकाशित होने वाले जर्नल लेखों हेतु संचयी प्रभाव कारक, विशिष्ट संकायों के प्रकाशन उत्पाद, परियोजनाओं तथा वेधशालाओं पर प्रकाशन, और भी बहुत कुछ प्रदान किया है।

(च) उपयोगकर्ता और परियोजना पीआईएस हेतु पुस्तक खरीद

पुस्तकालय के संग्रह का विस्तार करने के अलावा, पुस्तकालय के उपयोगकर्ताओं को विक्रेता से उचित दर पर किताबें खरीदने की अनुमति देता है। वर्ष के दौरान उपयोगकर्ता और परियोजना पुस्तक खरीद हेतु लगभग 14 अनुरोधों पर कार्रवाई की है।

(छ) पुस्तकालय प्रशिक्षण कार्यक्रम

पुस्तकालय प्रशिक्षु कार्यक्रम युवा पुस्तकालय और सूचना विज्ञान स्नातकों को उनके व्यावसायिक विकास में सहायता करना जारी रखता है। इस अवधि के दौरान दो नए प्रशिक्षुओं ने पुस्तकालय में प्रवेश किया और सभी पुस्तकालय तथा अभिलेखागार क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्राप्त किया।

(ज) अनुसंधान सहायक सेवाएं

iThenticate, शोधकर्ताओं और अकादमिक पेशेवरों हेतु संभावित साहित्यिक चोरी हेतु उनके मूल कार्यों की जांच करने हेतु एक उद्यम-स्तर साधन, आईआईए के पुस्तकालय में उपलब्ध है। iThenticate के उपयोग के माध्यम से आईआईए पुस्तकालय ने शोध प्रबंधों, प्रस्तावों तथा लेखों सहित साहित्यिक चोरी हेतु शोधकर्ताओं को उनकी शोध सामग्री को सत्यापि करने में लगातार मदद की है। इसके अलावा पुस्तकालय ने धीरे-धीरे असल आईआईए उपयोगकर्ताओं को अपने सुविधाजनक समय पर सामग्री को सत्यापित रकने हेतु सॉफ्टवेयर का अभिगम करने की अनुमति दी है। इसके अतिरिक्त मूल्यवान अनुसंधान सहायता सेवा के रूप में आईआईए पुस्तकालय ग्रामरली सॉफ्टवेयर भी बनाती है, जो कृत्रित बुद्धिमत्ता द्वारा संचालित एक अंग्रेजी भाषा का ऑनलाइन लेखन उपकरण है, जिसे उपयोगकर्ताओं को उनकी सदस्यता के आधार पर उपलब्ध कराता है। यह शोधकर्ताओं को अकादमिक लेखन हेतु निर्बाध वातावरण प्रदान करके मदद करता है।

(झ) संस्थागत भंडार

खुले-अभिगम आईआईए संस्थागत भंडार अंतर्राष्ट्रीय अनुंसधान



चित्र 4.18: आईआईए पुस्तकालय ब्लॉग https://library.iiap.res.in/collaborate/ का स्क्रिनशॉट।

सहयोग को प्रोत्साहित करने हेतु संस्थान के संकाय तथा शोधकर्ताओं के विद्वानों के कागजात एकत्र तथा मेज़बान करता है। अपने अंकीय भंडार को बनाए रखने हेतु पुस्तकालय शोध लेख, सम्मेलन पत्र, शोध-प्रबंध, व्याख्यान, तकनीकी रिपोर्ट तथा अन्य बौद्धिक उपज जैसे विद्वानों के कार्यों का प्रबंधन करता है। पुस्तकालय, महीने में एक बार पुस्तक-भंडार में नई सामग्री जोड़ता है तथा वर्तमान में 7912 दस्तावेज़ उपलब्ध हैं।

(ट) पुस्तकालय ब्लॉग

पुस्तकालय ब्लॉग को विश्वप्रेस-आधारित मंच पर ले जाया गया है तथा इसे पुस्तकालय पोर्टल के साथ भील एकीकृत किया गया है। ब्लॉग की सहायता से ऑनलाइन जानकारी प्रकाशित करना तथा लक्षित पुस्तकालय के उपयोगकर्ता समूह में जागरूका बढ़ाना बहुत आसान हो गया है। हम व्यापक दर्शकों तक पहुंचाने हेतु पुस्तकालय तथा अभिलेखागार की गतिविधि को प्रकाशित करने के अलावा अन्य पहलें जैसी दूत तथा स्कोप से पोस्टिंग प्रकाशित करने की संभावना की जांच कर रहे हैं।

(ठ) आईआईए अभिलेखागार ऑनलाइन खोज सहायक–साधन

पुस्तकालय ने नए सर्वर हार्डवेयर में निवेश किया तथा उत्पादन वातावरण में खुला-स्रोत सॉफ्टवेयर एटीओएम (एक्सेस टू मेमोरी) का उपयोग करके आईआईए अभिलेखागार हेतु ऑनलाइन खोज सहायक-साधन बनाया। उपयोगकर्ता द्वारा ऑनलाइन खोज सहायक-साधन का उपयोग किसी विशेष संग्रह, श्रृंखला अथवा अभिलेखीय संसाधनों के समूह में जानकारी खोजने के लिए किया जा सकता है जिसमें तस्वीरें, संग्रह और अभिलेख शामिल है। पुस्तकालय कर्मचारी ने ऑनलाइन अभिलेखीय खोज सहायक-साधन हेतु कई खुले-स्रोत कार्यक्रमों पर शोध करने के बाद आईआईए अभिलेखागार हेतु एटीओएम (एक्सेस टू मेमोरी) विकसित किया। पुस्तकालय के सभी कर्मचारियों ने एटीओएम,

एनकोडेड अभिलेखीय विवरण (ईएडी), ऑनलाइन खोज सहायक-साधन तथा सामान्य अंतर्राष्ट्रीय मानक अभिलेखीय विवरण आईएसएडी (जी) पर कई स्व-प्रशिक्षण पाठ्यक्रम पूरे कर लिए हैं। पुस्तकालय के कर्मचारियों ने संबंधित अभिलेखागार का भी दौरा किया तथा विभिन्न अभिलेखीय खोज सहायक-साधन की वेबसाइटों की विशेषताओं की जांच की। 20% के अभिलेखीय आलेख व्यवस्थित किए गए हैं तथा उनका विवरण एक्सेल स्प्रेडशीट में प्रविष्टि की गई है जिसे उत्पादन वातावरण में आयात किया जाएगा। इसके अतिरिक्त एचटीएमएल तथा सीएसएस का उपयोग करके ऑनलाइन खोज सहायक-साधन हेतु पृष्ठों तथा सामग्रियों की प्रविष्टि की जा रही है जबकि उपयोगकर्ता द्वारा परीक्षण की प्रक्रिया जारी है। यह पद्धति दो महीने के अंदर लोकार्पण किया जाएगा।

(ड) पुस्तकालय तथा पुरालेख संवर्धन की गतिविधियां

40-इंच दूरबीन के स्वर्ण जयंती समारोह के दौरान पुस्तकालय ने अपने अभिलेखागार की एक प्रदर्शनी आयोजित की जिससे प्रतिभागियों को हमारी पुस्तकालय तथा अभिलेखागार की उपलब्धियां देखने में मदद मिली। यह समारोह विभिन्न विषयों पर प्रसिद्ध अतिथियों तथा इसके पूर्व छात्रों के व्याख्यानों के साथ शुरू होता है। इसमें आश्चर्यजनक इश्तहार तथा प्रदर्शित वस्तु शामिल हैं जिन्हें पुस्तकालय के दल ने स्वेच्छा से सर्वोत्तम आकर्षक तरीके से तैयार करने की जिम्मेदारी ली। पुस्तकालय के दल ने अपने आंतरिक तथा बाहरी संसाधनों के भीतर उपलब्ध सभी प्रासंगिक तस्वीरों, व्यक्तिगत संग्रह, स्लाइड, उपकरण, अभिलेखीय वस्तुओं और जानकारी को इकट्ठा करने हेतु भी सख्त से काम किया। इसके साथ सभी प्रांसगिक प्रकाशित लेखों तथा संदर्भों की एक सूची भी तैयार की जिनमें लेखक इसकी विरासत में योगदान देने में बहुत गर्व महसूस करते हैं। दल ने आगंतुकों को कार्यक्रम की प्रमुखता समझाने में भी सहायता की। पुस्तकालय ने अपनी सभी प्रयासों से प्रदर्शित किया कि वह उपयोगकर्ता समुदाय को अत्यंत उत्साह के साथ सेवा कर सकता है।

चित्र 4.19: 40-इंच दूरबीन पर आईआईए अभिलेखागार प्रदर्शनी के दौरान लिए गए छायाचित्र।

(ढ) लेख प्रसंस्करण शुल्क

पुस्तकालय, संस्थान के सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदन प्राप्त करने के पश्चात लेख प्रसंस्करण शुल्क संसाधित करके प्रसिद्ध खगोल विज्ञान तथा खगोल भौतिकी पत्रिकाओं में अपने लेख प्रकाशित करने में शोधकर्ता को लगातार सहायता करता है। पिछले वर्ष के दौरान इसके साथ अमेरिकन एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी (एएएस) तथा एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स (ए एंड ए) पत्रिकाओं के लेखक तथा प्रकाशकों के साथ पारदर्शी संचार के माध्यम से 39 लेखों के लिए भुगतान संसाधित किया है।

4.6 उच्च निष्पादन संगणन

आईआईए के आंखडें केन्द्र में उच्च निष्पादन संगणन समूह (नोवा) का उपयोग वैज्ञानिक तथा अनुसंधान समुदाय से अधिक लोगों द्वारा उनकी संगणात्मक आवश्यकताओं हेतु किया जा रहा है जिनके लिए उच्च प्रदर्शन तथा सटीकता की आवश्यकता होती है। एचपीसी समूह पर प्राप्त संगणात्मक कार्य के आधार पर बड़ी संख्या में शोध पत्र भी प्रकाशित किए गए हैं। समूह में 720 कोर तथा कुल 3.5 टीबी मेमोरी के साथ 26 नोड हैं। 26 कंप्यूट नोड्स में से 22 में डुअल सॉकेट 16 कोर इंटल (आर) ज़ेनॉन (आर) ई5-2683 वी4 तथा 23.6 टीएफ के आरपीक के साथ प्रति नोड 128 जीबी डीडीआर4 मेमोरी है तथा शेष 4 नोड्स में सिंगल सॉकेट 4 कोर इंटल (आर) ज़ीऑन (आर) गोल्ड 5122 तथा 1.8 टीएफ के रिपीक

चित्र 4.20: आईआईए के आंखडें केन्द्र में एचपीसी समूह।

के साथ प्रति नोड 192 जीबी डीडीआर4 मेमोरी है। इंटरकनेक्ट इंटेल के ओम्निपाथ (100 जीबी/एस) के माध्यम से होता है। समूह में उपलब्ध कुल उपयोग योग्य भंडारण क्षमता को हाल ही में पहले के 36 जीबी से बढ़ाकर 137 जीबी कर दिया गया है।

एचपीसी समूह पर सक्रिय उपयोगकर्ताओं की संख्या बढ़ने के कारण कार्यवाहियों की भीड़ बढ़ गई तथा प्रतीक्षा समय बढ़ गया, इसलिए समूह के उपयोग को अधिक न्यायसंगत बनाने तथा प्रतीक्षा समय को अपेक्षाकृत कम करने हेतु नोवा पर कार्यवाही नियोजक को नीति में बदलाव के अधीन किया गया। कार्यान्वित बदलाव के अंतर्गत समूह में प्रत्येक उपयोगकर्ता के लिए चल रही कार्यवाहियों की संख्या सीमित करना, समूह में उपयोगकर्ता के प्रति नोड्स की संख्या सीमित करना, समूह में प्रत्येक उपयोगकर्ता हेतु प्रस्तुत की गई कार्यवाहियों की संख्या सीमित करना आदि शामिल है। चूँकि समूह बिना किसी बड़े भंग के सुचारू रूप से चल रहा है, समूह की एएमसी की सेवा को दो और वर्षों हेतु नवीनीकृत किया गया है ताकि यह आईआईए में वैज्ञानिक और अनुसंधान समुदाय की संगणात्मक आवश्यकताओं में योगदान देना जारी रख सके।

संगणक समिति की सिफारिशों के आधार पर संगणक तथा आईटी संरचना प्रभाग द्वारा एक नया एचपीसी समूह खरीदा गया है। नए एचपीसी समूह में कुल 1280 कोर के साथ 20 कंप्यूट नोड्स होंगे। प्रणाली का चरम प्रदर्शन (रिपीक) 81.9 टीएफ होगा। समूह में समानांतर मिसिल प्रणाली पर 230 टीबी उपयोग योग्य भंडारण क्षमता का प्रावधान होगा। समूह #1 एनवीडिया एम्पीयर ए2 कार्ड के साथ एक समर्पित मानसदर्शन नोड के साथ आएगा जिसमें 1280 सीयूडीए कोर होंगे। अंतिम उपयोगकर्ताओं हेतु पादर्शी एकल एचपीसी समाधान प्रदान करने हेतु नए तथा पुराने समूह को एकीकृत किया जाएगा।



चित्र 4.21: प्राप्त नया एचपीसी सोल्युशन।

अध्याय 5

भावी सुविधाएं

आईआईए निकट भविष्य में आने वाली कई राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय खगोल विज्ञान सुविधाओं की अभिकल्पना, निर्माण तथा परिचालन का एक हिस्सा है (उदाहरण: तीस मीटर दूरबीन, आदित्य-एल1 पर दृश्य उत्सर्जन रेखा किरीटलेखी, मौना केया स्पेक्ट्रमी अन्वेषक)। आईआईए भविष्य की उन सुविधाओं की अभिकल्पना तथा योजना पर भी काम कर रहा है जिनकी उसने कल्पना की है (उदाहरण: राष्ट्रीय बृहत सौर दूरबीन, भारतीय स्पेक्ट्रमी तथा प्रतिबिंब अंतरिक्ष दूरबीन, राष्ट्रीय बृहत प्रकाशीय दूरबीन)। इनमें से प्रत्येक परियोजना अपने विकास के बिल्कुल अलग-अलग चरणों में है तथा इन परियोजनाओं में आईआईए की भागीदारी भी भिन्न-भिन्न है। इस अध्याय में पिछले वर्ष की प्रगति का वर्ण किया गया है।

5.1 तीस मीटर दूरबीन

संस्थानों और वैज्ञानिक संगठनों के एक अंतरराष्ट्रीय संघ द्वारा विकसित तीस मीटर दूरबीन (टीएमटी) परियोजना में भारत, कनाडा, चीन, जापान और अमेरिका शामिल हैं। भारत की भागीदारी का नेतृत्व आईआईए, आईयूसीएए तथा एरीस, नैनीताल द्वारा किया जाता है। डीएसटी और डीएई द्वारा निर्मित भारत टीएमटी समन्वय केन्द्र, भारत की भागीदारी का प्रबंधन करता है। भारत के योगदान में एम1 नियंत्रण प्रणाली निर्माण, वेधशाला सॉफ्टवेयर, दूरबीन नियंत्रण प्रणालियां, खंड विलेपन तथा विज्ञान उपकरणों की उप-प्रणालियां शामिल हैं। मौना केया पर प्राथमिक साइट तथा ला पाल्मा, कैनरी द्वीप, स्पेन का एक वैकल्पिक स्थल के मुद्दों के कारण परियोजना की शुरुआत में देरी हो रही है। परियोजना निर्माण संबंधी मुद्दों को हल करने हेतु मूल हवाईवासियों के साथ काम कर रही है। पिछले वर्ष के प्रमुख विकासों में एनएसएफ, यूएसए द्वारा शुरु किया गया पर्यावरणीय प्रभाव सर्वेक्षण (ईआईएस) प्रारंभिक अभिकल्पनाओं की समीक्षा तथा अप्रैल- 2023 से मार्च-2025 तक दो और वर्षों हेतु भारत-टीएमटी के कार्यकाल की मंजूरी शामिल हैं।

भारत-टीएमटी प्रकाशीय संविरचन सुविधा, सभी उपकरण की नियुक्ति (सीएमएम, पीएमएम, मेट्रोलॉजी, टूल्स, एसएमपी फिक्स्चर, डेपर मशीन) सफलतापूर्वक पूरी होने के साथ तैयार है। वर्ष के दौरान कई प्रतिष्ठित विशेषज्ञों ने आईटीओएफएफ सुविधा की प्रगति का अवलोकन करने हेतु दौरा किया। डॉ. श्रीवारी चन्द्रशेखर, डीएसटी सचिव ने जुलाई, 2022 को आईटीओएफएफ का दौरा किया। सभी प्रो. के. कस्तुरीरंगन,



चित्र 5.1: आईटीओएफएफ में सुविधा का समापन तथा उपकरण की संस्थापना की गई।

पूर्व-डीएसटी सचिव, डॉ. टी. रामसामी, आईआईए वैज्ञानिक सलाहकारी समिति सदस्य और यूसीएससी निदेशक प्रो. सिंथिया लारिव और उनके दल, प्रो. एंड्रयू स्कीमर ने वर्ष 2022-2023 के दौरान आईटीओएफएफ सुविधा का दौरा किया तथा खंड विलेपन में हुई प्रगति की सराहना की।

5.1.1 भारत–टीएमटी की गतिविधियां

पिछले वर्ष में भारत-टीएमटी ने खंड विकसित करने, खंड नियुक्ति, खंड प्रमार्जन तथा उत्पादन हेतु विनिर्माण प्रक्रिया को परिपक्व करके भारत की इन-काइंड दायित्वों को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की है। इनका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है।

(क) एम1 खंड प्रामर्जन

भारत टीएमटी/आईआईए की अत्याधुनिक बृहत प्रकाशीय संविरचन सुविधा (आईटीओएफएफ) अब पूरी तरह से दो ड्रेपर मशीनों, एक प्रतिबलित दर्पण प्रमार्जन फिक्सचर, डी-बॉन्ड स्टेशन, बॉन्ड पैड, व्हिफलट्री, फिडुशियलाइज़र, बॉन्डपैड स्पैनर, इंस्पेक्शन रैक, 5 ग्राइंड/पॉलिश उपकरण तथा 2 ब्रुइज़र उपकरण से सुसज्जित है। पिछले वर्ष यह सुविधा अत्यधिक उत्पादक थी तथा अभियंताओं ने अमेरिका में कोहेरेंट इंक में चरण 1 तथा 1 का

चित्र 5.2: आईआईए/आईटीसीसी के कर्मचारी कोहेरेंट इंक., यूएस में प्रशिक्षण प्राप्त करते हुए।

चित्र 5.3: उप-आकार राउंडेल पर हेक्सिंग तथा पॉकेटिंग प्रक्रिया।

प्रशिक्षण लिया था। उन्होंने विशिष्टताओं के अनुसार 3 पूर्ण आकार के खंड तैयार किए जिनमें मोटे पीसने, बढ़िया पीसने, पैड प्रमार्जन तथा पिच प्रमार्जन शामिल हैं। प्रशिक्षण में मोटा पीसना में 4 घंटे, बढ़िया पीसना में 5.5 घंटे, पैड प्रमार्जन में 36 घंटे तथा पिच प्रमार्जन में 10 घंटे लगते हैं।

ऑप्टिका, बेंगलूरु ने 500mm उप-आकार राउंडेल की हेक्सिंग तथा पॉकेटिंग को सफलतापूर्वक पूरा किया। पूर्ण-आकार ग्लास राउंडेल हेतु पूर्ण-आकार हेक्सिंग हेतु फिक्स्चर तैयार है तथा ऑप्टिका हेक्स कटिंग हेतु कटिंग टूल्स खरीदने की प्रक्रिया में है।

(ख) खण्ड अवलंक संयोजन

कोयंबत्तूर में एलएंडटी ने एसएसए संविरचन को आगे बढ़ा रही है जिसमें पहला पीएमए किट पूरा तथा परीक्षण किया गया है। पहला दूरबीन-रेडी एसएसए माह मई 2022 में तैयार हुआ तथा इसके बाद छह महीने से भी कम समय में पांच तथा दूरबीन तैयार हुए। उत्पादन योग्यता दौर हेतु अगले 10 सेट वर्ष 2023 के अंत तक पूरे होने की उम्मीद है। 3 सेंट्रल डायाफ्राम (सीडी) की मशीनिंग को बिना किसी विचलन से पूरा किया गया जिससे मशीनिंग छेद तथा ओ-रिंग ग्रोव्स हेतु एक चुनौतीपूर्ण प्रक्रिया का विकास संभव हो सका। सीटीटीसी 100 सीडी के उत्पादन हेतु योग्य है जिसका कच्चा माल होसकोटे में आईटीओएफएफ में संग्रहीत है। विकास प्रक्रिया का 90% हासिल कर लिया गया है।

(ग) नियंत्रण तार, संचालक तथा एड्ज संवेदक

वॉर्पिंग हार्नेस केबल्स (डब्ल्यूएचसी) के 100 उत्पादन समूहों पर काम चल रहा है तथा प्रारूप समूह हेतु एम-फिनोल, सिका तथा ट्रैस्कॉन के 9 सेट पूरे हो गए हैं। भारत टीएमटी ने अमाडो टूल्स तथा आईटीडीआर के साथ 20 पी3 उत्पादन योग्यता संचालक की शुरुआत की तथा एड्ज संवेदक के 75 सेट का निर्माण किया जा रहा है। एआरसीआई हैदराबाद एड्ज संवेदक ग्लास हेतु इलेक्ट्रो-लेस गोल्ड विलेपन की प्रक्रिया विकसित कर रहा है जो उत्पादन हेतु योग्य है।

(घ) सॉफ्टवेयर

ओएसडब्ल्यू मॉड्यूल, आंखडें प्रबंधन प्रणाली तथा एक्जीक्यूटिव सॉफ्टवेयर का आदिप्ररूप पूरा हो चुका है। वर्ष 2019 में हस्ताक्षरित इन्फ्रारेड गाइड स्टार कैटलॉग चरण III WP इन-हाउस है तथा एक प्रोटोटाइप यूज़र इंटरफेस (यूआई) विकसित किया जा रहा है। ओएसडब्ल्यू संचालन तथा अनुरक्षण कार्य पैकेज माह अक्तूबर 2021 में शुरू हुआ।

(च) वैज्ञानिक मापयंत्रण

भारत-टीएमटी, टीएमटी बृहत क्षेत्र प्रकाशीय स्पेक्ट्रमलेखी (डब्ल्यूएफओएस) अभिकल्प तथा विकास में एक प्रमुख दल का सदस्य है। आईटीसीसी दो प्रमुख यांत्रिक उप-प्रणालियों पर काम कर रहा है: ग्रेटिंग एक्सचेंज सिस्टम (जीआरएक्स), फिल्टर एक्सचेंजर (एफएक्स) तथा कैमरा आर्टिक्यूलेशन/रोटेशन सिस्टम (सीआरएस)। वे डब्ल्यूएफओएस हेतु मापयंत्र नियंत्रण, प्रकाश-यांत्रिकी अभिकल्प तथा इलेक्ट्रॉनिक्स तथा इलेक्ट्रिकल संरचना भी विकसित कर रहे हैं।

एचआरओएस–प्रकाश–यांत्रिकी अभिकल्प

भारात, दूसरी पीढ़ी के उच्च-विभेदन वाले प्रकाशीय स्पेक्ट्रमलेखी उपकरण, टीएमटी-एचआरओएस को विकसित करने के प्रयासों में अग्रणी है। डब्ल्यूएफओएस द्वारा समर्थित टीम और आईटीसीसी में 1एफटीई दलों ने प्रकाशीय अभिकल्प को अनुकूलित किया है

जिसमें वायुमंडलीय प्रकीर्णन सुधार , के-दर्पण, किरण-पुंज संपीड़न, एकाधिक संधानक तथा संयोजन अभिकल्प शामिल हैं। वे एम3 से एचआरओएस तक विभिन्न प्रकाश भरण विकल्पों का



चित्र 5.4: एलएंडटी डिफेंस, कोयंबत्तूर द्वारा निर्मित किया जा रहा एसएसए जो प्राथमिक दर्पण नियंत्रण प्रणाली का एक अभिन्न अंग है।

अन्वेषण भी किए हैं। उन्होंने एचआरओएस के वैज्ञानिक लक्ष्यों, प्रकाशीय अभिकल्प तथा अनुकूलन पहलुओं पर टीएमटी-वैज्ञानिक सलाहकार उप-समिति के साथ चर्चा की है।

अन्य गतिविधियां

तीन छात्र अपनी पीएचडी की उपाधि हेतु टीएमटी की विभिन्न तकनीकों पर काम कर रहे हैं। पिछले वर्ष इंडिया टीएमटी ने स्पाई जर्नल में 5 तकनीकी लेख प्रकाशित किए थे।

5.2 आदित्या (एल 1) पर दृश्य उत्सर्जन रेखा किरीटलेखी

आदित्य-एल1, पृथ्वी से 1.5 मिलियन किलामीटर दूर स्थित लैग्रेंज बिंदु-1 से सूर्य तथा सौर प्रभामंडल का पता लगाने वाला पहला भारतीय मिशन है। इसमें सात ऑनबोर्ड पेलो हैं: दृश्य उत्सर्जन रेखा किरीटलेखी (वीईएलसी), सौर पराबैंगनी प्रतिबिंब दूरबीन (सूट), सौर निम्न ऊर्जा एक्स-किरण स्पेक्ट्रममापी (सोलेक्स), उच्च ऊर्जा L1 कक्षीय एक्स-किरण स्पेक्ट्रममापी, आदित्य सौर पवन कण परीक्षण (ऐसपेक्स), आदित्या हेतु प्लैज्मा विश्लेषक पैकेज और चुंबकत्वमापी। पहले चार उपकरण सुदूर संवेदन हैं तथा अन्य तीन उपकरण स्वथाने



चित्र 5.5: पहली पीढ़ी विज्ञान उपकरणों के प्रति भारत-टीएमटी की जिम्मेदारी के हिस्से के रूप में ग्रेटिंग एक्सचेंजर (जीआरएक्स), कैमरा रोटेटर (सीआरएस) तथा फिल्टर एक्सचेंजर (एफएक्स) की यांत्रिक रूपरेखा।

आंखडें प्रदान करते हैं। वीईएलसी, मिशन का प्रमुख पेलोड है तथा इसका नेतृत्व भारतीय ताराभौतिकी संस्थान, बेंगलूरु कर रहा है। वीईएलसी एक आंतरिक रूप से प्रच्छादित किरीटलेखी है तथा इसमें चार चैनल हैं। सांतत्यक चैनल (500 nm) दृश्य क्षेत्र (एफओवी) 1.05-3 सौर त्रिज्या में सौर प्रभामंउल की प्रतिबिंब अभिग्रहित करता है। इसी प्रकार तीन स्पेक्ट्रममापी चैनल (530.3, 789.2, और 1074.7 nm) तथा 1074.7 nm पर स्पेक्ट्रो-ध्रुवणमापीय चैनल 1.05-1.5 सौर त्रिज्या से सौर प्रभामंडल का प्रेक्षण करते हैं। संग्रहित चित्र में आदित्य-L1 अंतरिक्षयान का दृश्य दर्शाया गया है। बायीं ओर और ऊपरी तथा निचली प्रतिबिंब प्रोफेसर एमजीकेएम प्रयोगशाला, क्रेस्ट परिसर, आईआईए के कक्ष 10 क्षेत्र में बहु परत पृथककरण (एमएलआई) आवरण से पहले तथा बाद के वीईएलसी दृश्य दर्शातें हैं।



चित्र 5.6: वीईएलसी पेलोड।



चित्र 5.7: बहु-परत रोधन (एमएलआई) से आवृत वीईएलसी पेलोड।



चित्र 5.8: पेलोड के साथ आदित्या-एल1 योजनाबद्ध।

वीईएलसी को विभिन्न मोड में संचालित करने हेतु अभिकल्प किया गया है। सांतत्यक चैनल के संक्षिप्त मोड में एक दिन में 24 घंटे 5 आर्कसेक विभेदन के साथ प्रति मिनट एक प्रतिबिंब दर्ज किया जाता है। शेष स्पेक्ट्रमी चैनल या तो बैठो-और-घूरो मोड में अथवा चित्ररेखपुंज मोड में काम करते हैं। बैठो-और-घूरा मोड में रैखिक स्कैन तंत्र (एलएसएम) एक पूर्वनिर्धारित स्थान तक जाता है तथा आंखडें दर्ज करता है। चित्ररेखपुंज मोड में ये सभी चैनल पूर्वनिर्धारित चरण आकार के साथ एफओवी (अर्थात 1.05-1.5 सौर त्रिज्या) को स्कैन करते हैं। प्रेक्षणों के रेखापुंज स्कैन मोड का उपयोग करके सौर प्रभामंडल की रेखापुज स्कैन प्रतिबिंबों का पुनर्निर्माण करना संभव है। इसके अलावा आईआर चैनल के पथ में एक घूमने योग्य क्वाटरवेव-प्लेट तथा विश्लेषक (पीबीडी+एचडब्लयूपी+पीबीडी, जहां पीबीडी पोलराइजर बीम डिस्प्लेस है तथा एचडब्ल्यूपी हाफवेव-प्लेट है)। यह व्यवस्था स्टोक्स मानचित्र (I, Q, U तथा V) बनाने में सक्षम है। ये प्रेक्षण प्रभामंडल चुंबकीय क्षेत्रों को समझने में सहायक सिद्ध होते हैं।

वीईएलसी के व्यापक वैज्ञानिक लक्ष्य प्रभामंडल द्रव्यमान निष्कासन की भौतिकी, प्रवर्तन तंत्र, सीएमई की गतिकी तथा गतिशीलता, प्रभामंडलीय सक्रिय क्षेत्रों और शांत प्रभामंडलीय

चित्र 5.9: जनवरी 26, 2023 को आईआईए क्रेस्ट परिसर, होसकोटे में वीईएलसी हस्तांतरण समारोह।

क्षेत्रों में स्पेक्ट्रमी चैनलों का उपयोग करके तापमान, वेग, घनत्व का निदान करना तथा प्रभामंडलीय सक्रिय क्षेत्रों के ऊपर चुंबकीय सांस्थिति एवं चुंबकीय क्षेत्र की ताकत और अंतरिक्ष मौसम के चालकों का अन्वेषण करते हैं।

वीईएलसी के एकीकरण तथा परीक्षण के बाद इसे आगे के परीक्षण तथा उपग्रह के साथ एकीकृत करने हेतु जनवरी 26, 2023 को इसे आगे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को सौपा दिया गया था।

वीईएलसी ने कंपन, ध्वनिकी तथा ईएमआई/ईएमसी जैसे सभी परीक्षण सफलतापूर्वक पूरे कर लिए हैं। संप्रति वीईएलसी यू.आर.राव उपग्रह केन्द्र में संयोजन, एकीकरण तथा परीक्षण चरण में है।

5.3 भारतीय स्पेक्ट्रमदर्शी तथा प्रतिबिंब अंतरिक्ष दूरबीन

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन द्वारा भविष्य के खगोल विज्ञान मिशनों के आह्वान की अनुक्रिया में 1-m श्रेणी के यूवी-प्रकाशिकी प्रतिबिंब और स्पेक्ट्रमी अंतरिक्ष दूरबीन हेतु एक प्रस्ताव माह अप्रैल 2018 में प्रस्तुत किया गया जिसका नाम "भारतीय स्पेक्ट्रमदर्शी तथा प्रतिबिंब अंतरिक्ष दूरबीन" है। इनसिस्ट को मुख्य रूप से तीन बैंडों नामत: g (400-550 nm), u (300-400 nm) तथा UV (150-300 nm) में एक साथ 0.25 वर्ग डिग्री के दृश्य क्षेत्र (एफओवी) की प्रतिबिंब अभिग्रहित करने हेतु अभिकल्प किया गया है। इनसिस्ट लगभग पूर्ण प्रतिबिंब-अधिग्रहण एफओवी की निम्न-विभेदन रेखाछिद्र रहित स्पेक्ट्रमिकी (R ~ 500) तथा अपेक्षाकृत लघु एफओवी की बहु-पिंड माध्यम विभेदन [R ~ 2000] स्पेक्ट्रमिकी भी संचालित करेगा। अंकीय सूक्ष्म-दर्पण यंत्र (डीएमडी) का उपयोग बहु-पिंछ स्पेक्ट्रमिकी हेतु दूरबीन के फोकल प्लेन पर पिंडों का चयन करने हेतु समनुरूपीय रेखाछिद्र के रूप में किया जाता है। समीक्षा के बाद इनसिस्ट को माह मार्च 2019 में पूर्व-परियोजना चरण के एक वर्ष हेतु 30 लाख के बीज-वित्तपोषण से सम्मानित किया गया। तब से कई गतिविधियां संपादित की गई हैं तथा पिछले वर्ष के दौरान की गई गतिविधियों

का सारांश निम्नवत है:

इनसिस्ट दल ने मेसर्स ऑप्टिमाइज्ड सॉल्यूशंस के साथ प्री-बिड डीएमडी चिपसेट बोर्ड संविरचन बैठक आयोजित की। इनसिस्ट दल द्वारा डीएमडी को बोर्ड के साथ अंतरापृष्ठ स्थापित करने हेतु एक अग्रांत जीयूआई विकसित किया जा रहा है। दल ने कई प्रमुख मॉड्यूल का हार्डवेयर सत्यापन पूरा किया। एलवीडीएस संकेत माप हेतु एफएमसी योजक के साथ उच्च आवृत्ति अंतर प्रोब्स के दो सेटों का संयोजन पूरा हो गया है। इनसिस्ट दल ने वीसीयू 108 तथा एमएसओ का उपयोग करके यूआईसी निर्गत आंखडें तथा कालद संकेतों को कार्यान्वित और परीक्षण किया। हमने आवृत्ति संवेदनशीलता अध्ययन के साथ जिटर तथा स्क्यू मापन पूरा किया। 400 MHz पर एक नए योजक के साथ 115 ps का स्क्यू हासिल किया जाता है। स्मरणशक्ति और लूप-बैक संकेत परीक्षण का कार्यान्वयन पूरा हो गया है। मेसर्स ऑप्टिमाइज्ड सॉल्यूशंस से प्राप्त डीएमडी चिपसेट बोर्ड के अद्यतन योजनाबद्ध अभिकल्प तथा घटक स्थापन की समीक्षा की गई है। संप्रति विक्रेता गुणवत्ता आश्वासन दल ने कुछ अभिकल्प संबंधित सुधारों की पहचान की है जिन्हें शामिल किया जा रहा है। इनसिस्ट प्रलेखन हेतु एक योजना तैयार कर कार्यान्वित की गई। 1.3-m जेसीबीटी हेतु एक डीएमडी आधारित स्पेक्ट्रमलेखी हाल ही में अभिकल्पित कर निर्मित किया गया था तथा प्रयोगशाला परीक्षण जारी है। मुख्य लक्ष्य बहु-पिंड स्पेक्ट्रमी हेतु विन्यासित रेखाछिद्र के रूप में डीएमडी का उपयोग करने में अनुभव प्राप्त करना है।

इनसिस्ट आंखडें प्रतिरूपण दल ने विभिन्न इनसिस्ट प्रेक्षण मोड में फैली विभिन्न प्रतिरूपण आवश्यकताओं को संबोधित करने हेतु कई पैथान-आधारित पैकेज तथा दिनचर्या विकसित किए। सभी पैकेज तथा दिनचर्या सामान्य प्रयोग हेतु अभिकल्पित किए गए हैं इसलिए भविष्य के दूरबीन मिशनों हेतु उपयोग किया जा सकता है। पैथान प्रतिबिंब प्रतिरूपण तथा परीक्षण अनुप्रयोग (पिस्ता) एक पैथान आधारित वियोजित तारकीय आबादी अनुरूपक है। पिस्ता, विभेदन तथा संवेदनशीलता के संदर्भ में दूरबीन के निष्पादन पर विभिन्न शोर स्रोतों के प्रभाव का अध्ययन करने हेतु उपयोगकर्ता-परिभाषित दूरबीन अभिकल्पों तथा संसूचक विनिर्देशों का उपयोग करके कृत्रिम वियोजित तारा प्रतिबिंब उत्पन्न करता है। पिस्ता की शक्ति को प्रदर्शित करने हेतु हमने तीन निस्यंदकों में एनजीसी 1851 की प्रतिबिंबों का प्रतिरूपण किया तथा एक रंग मिश्रित प्रतिबिंब तैयार की। हमने अलग-अलग स्रोतों पर प्रकाशमिति की तथा रंग-कांतिमान आरेख बनया ओर इसकी तुलना एचएसटी आंखडें का उपयोग करके प्रस्तुत आरेख से की। हमने परिणामों को अपेक्षाकृत सुसंगत पाया।

5.4 राष्ट्रीय बृहत् सौर दूरबीन (एनएलएसटी)

भारतीय ताराभौतिकी संस्थान के सूर्य और सौर मंडल समूह ने वर्ष 2007 में 2-मीटर श्रेणी के अत्याधुनिक सौर दूरबीन का प्रस्ताव किया था। राष्ट्रीय बृहत सौर दूरबीन (एनएलएसटी) की स्थापना हेतु लद्दाख के मेरक गांव में पैंगोंग त्सो के पास एक घुसपैठ स्थल का चयन किया गया था। एनएलएसटी सक्रिय तथा शांत सूर्य दोनों के अति-उच्च आकाशीय विभेदन पर चुंबकीय क्षेत्र माप प्रदान कर सकता है। स्थल सर्वेक्षण उपकरण जैसे स्वचालित मौसम केन्द्र, समग्र-आकाश कैमरा तथा सौर विविध गति मानीटर आंखडें एकत्र करना तथा स्थल प्राचलों को दर्ज करना जारी रखते हैं। एनएलएसटी दल ने माह जनवरी 2023 को आईआईए में विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग में बृहत-परियोजना प्रभाग के प्रमुख से बैठक की। बैठक के दौरान एनएलएसटी दल ने डीएसटी को परियोजना के विवरण से अवगत कराया। एक महीने के बाद एनएलएसटी दल ने ईएफसी के अंतर्गत अन्य करों को शामिल करते हुए परियोजना हेतु संशोधित बजट प्रस्तुत किया।

मेरक में एच-अल्फा तथा जी-बैंड प्रेक्षण

पैंगोंग त्सो की घुसपैठ वाली स्थल पर एक 40cm छिद्र डीएफएम दरबीन तथा एक 20cm छिद्र एच-अल्फा दूरबीन काम कर रही है। इस रिपोर्ट में शामिल अवधि के दौरान डीएफएम दूरबीन ने 169 दिनों हेतु लगभग 825 घंटें तक प्रेक्षण किए। एच-अल्फा दूरबीन ने 74 दिनों हेतु लगभग 379 घंटे तक प्रेक्षण किए। इस अवधि के दौरान कई सूर्य-कलंक, तंतु तथा अपसरण प्रेक्षण किए गए।

5.5 राष्ट्रीय बृहत् प्रकाशिक-अवरक्त दूरबीन



चित्र 5.10: तीन रंगों में क्रमश: 20, 140 तथा 1288 सेकंड तक अनावृत पिस्टा का उपयोग करके निर्मित एनजीसी 1851 की एक रंगीन प्रतिबिंब।



चित्र 5.11: सूर्य की पूर्ण-डिस्क प्रतिबिंब निर्मित करने हेतु असंसाधित, आंशिक सूर्य की प्रतिबिंब को सिला गया। इसमें तंतु, प्लेजस तथा सौर ज्वाला दर्शाई गई हैं।



चित्र 5.12: नवंबर 11, 2022 को 12:47 UT पर सूर्यकलंक समूह एनओएए एआर 13141 के पास उज्जवल अपसरण पाया गया। इस सक्रिय क्षेत्र में 17:45 UT पर C1.5 श्रेणी का अपसरण पाया गया।

राष्ट्रीय बृहतृ प्रकाशिक-निकट अवरक्त दूरबीन (एनएलओटी), भारत का प्रस्तावित 10-मीटर श्रेणी की प्रकाशिक, अवरक्त दूरबीन है। विज्ञान की आवश्यकताएं मुख्य रूप से एनएलओटी की विशिष्टताओं को संचालित करती हैं। दूरबीन को 10-मीटर भरे छिद्र के साथ अभिकल्पित किया गया है ताकि 10 आर्कमिन अनविग्नेटेड दृश्य क्षेत्र प्रदान किया जा सके तथा एफ/15 नैस्मिथ फोकस पर 1 माइक्रोन तंरग्गदैर्ध्य से परे विवर्तन-सीमित निष्पादन प्रदान किया जा सके। एनएलओटी के प्राथमिक दर्पण में 60 षट्कोणीय आकार के खंड होते हैं तथा प्रत्येक आकार 1.44 मीटर और मोटाई 45 मिमी होती है। खंडों को छह क्षेत्रों में बांटा गया है तथा प्रत्येक में अद्वितीय निर्देश वाले दस खंड हैं। प्रत्येक खंड को एक व्यक्तिगत खंड अवलंब संयोजन पर लैस है तथा सभी खंड एक अखंडित प्राथमिक पार्श्विका प्राप्त करने हेतु दूरबीन संरचना में संरेखित होते हैं। प्राथमिक दर्पण पार्श्विका का चयन, विशेष रूप से एस्फेरिसिटी, एफ-अनुपात, दूरबीन के प्रकाशिक अभ्किल्प में एक प्रमुख भूमिका निभाता है। दूरबीन अभिकल्प में प्राथमिक दर्पण खंड पार्श्विका का सावधानीपूर्वक चयन किया जाता है ताकि (क) सभी खंडों को मौजूदा प्रमार्जन व्यवस्था के साथ भारत टीएमटी प्रकाशीय संविरचन सुविधा में आंतरिक रूप से तैयार किया जा सके (ख) खंड अवलंब संयोजन के बारे में पता चल सके टीएमटी को न्यूनतम संशोधन के साथ सीधें उपयोग किया जा सकता है।

एनएलओटी हेतु विभिन्न प्रकाशी अभिकल्पों की खोज की गई जिनमें रिची-चेरेतिन (आरसी), अप्लानेटिक-ग्रेगोरियन (एजी) तथा थ्री मिरर एनास्टिगमैटिक (टीएमए) विन्यास शामिल हैं। एफ 1.75 के साथ प्राथमिक दर्पण की अभिकल्पना सर्वोत्कृष्ट निषपादन तथा न्यूनतम निर्माण लागत के साथ संभव है। हम आईआईए और क्राइस्ट विश्वविद्यालय, बैंगलूरु में प्रकाशिक अभिकल्प दल द्वारा संपादित एक अध्ययन के आधार पर इस निष्कर्ष पर पहुंचे। टीएमटी परियोजना में आईआईए की भागीदारी से प्राप्त अनुभवों का उपयोग दूरबीन संलग्नक संरचना, बाँध, प्राथमिक दर्पण अवलंब संरचना, विलेपन सुविधाएं, वेधशाला सॉफ्टवेयर तथा पश्च-सिरे उपकरणों को विकसित करने में प्रभावी ढंग से किया जाता है।

5.6 आईएलएसई

खगोल-विज्ञान तथा खगोल-भौतिकी के विषयों में आने वाले दशक नई खोजों तथा बड़ी दूरबीनों एवं बड़े सर्वेक्षण आंखडों की सहायता से ब्रह्मांड की गहरी समझ से संबंधित है। पिछले दशक के दौरान आसमान के बड़े हिस्से को आच्छादित मध्यम छिद्र (2-4 मीटर) दूरबीनों पर बड़े पैमाने पर बहु-पिंड वर्णक्रमी (एमओएस) सर्वेक्षण तथा अविभाज्य क्षेत्र वर्णक्रमी (आईएफएस) प्रेक्षणों ने ब्रह्मांड की हमारी समझ में क्रांति ला दी है। तथापि, ये सर्वेक्षण संवेदनशीलता, तरंगदैर्ध्य व्याप्ति तथा सर्वेक्षण दक्षता से सीमित हैं, इस प्रकार केवल कुछ हद तक मानचित्रण किया जाता है। भारत, तीस मीटर दूरबीन (टीएमटी) परियोजना तथा विज्ञान आंखडें के निर्माण तथा अभिगम हेतु 10% भागीदार है। यह देश में विभिन्न विज्ञान कार्यक्रमों को पूरा करने हेतु अपर्याप्त है। खगोल भौतिकी



चित्र 5.13: 40-cm डीएफएम दूरबीन के साथ उपयुक्त जी-बैंड निस्यंदक का उपयोग करके मेरक केन्द्र से प्रारंभिक आंशिक सूर्य ग्रहण प्रेक्षित किया गया है। यह अक्तूबर 25, 2021 को 10:49 UT पर प्रेक्षित प्रतिबिंब है।

में मौलिक वैज्ञानिक समस्याओं को हल करने हेतु अत्याधिनिक अनुसंधान करना जैसे (ए) पहले तारों और पहली मंदाकिनियों का निर्माण तथा उनकी संयोजना प्रक्रियाएं जबकि ब्रह्मांड का विस्तार जारी है (बी) उद्भव के दौरान तारों में पाई गई विसंगतियों के पीछे की अज्ञात भौतिक प्रक्रियाएं (सी) पदार्थ-प्रधान ब्रह्मांड में तत्वों का रासायनित संवर्धन जिसके लिए भारत को एक बड़ी दूरबीन की आवश्यकता है जो आसमान के बृहत क्षेत्रों में बिंदु स्रोतों तथा विस्तारित वस्तुओं का सर्वेक्षण कर सके।

वर्णक्रमिकी एक शक्तिशाली उपकरण है जो तारों, तारकीय प्रस्फोटनों, तारा-निर्माण क्षेत्रों, मंदाकिनियों, परिस्थितिजन्य माध्यम, अंतरतारकीय माध्यम, क्वासर और एजीएन से परमाणु तथा आणविक रूप में गैस तथा धूल की रासायनिक संरचना के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करता है। देश में एक वर्णक्रमिकी सर्वेक्षण सुविधा कई खगोलभौतिकीय समस्याओं के समाधान में काफी मददगार साबित होगी।

हमने भारतीय खगोलीय वेधशाला, हनले (4500 मीटर की ऊँचाई पर) में भारत का पहला विस्तृत क्षेत्र प्रकाशिकी-आईआर वर्णक्रमिकी सर्वेक्षण दूरबीन तथा उप-प्रणालियों बनाने का प्रस्ताव रखा जो प्रकाशिकी तथा आईआर (एनआईआर) खगोल विज्ञान के पास दुनिया में सबसे अच्छी स्थलों में से एक है। यह सुविधा कई लाखों बिंदु स्रोतों तथा विस्तारित पिंडों के उच्च-बहुसंकेतन तथा उच्च-संवेदनशीलता बहुतरंगदैर्ध्य वर्णक्रम को ब्रह्मांडीय भोर में आस-पास की पिंडों से मंदाकिनियों तक पहुंचाएगी। बेस-लाइन सुविधा प्ररूप में आसमान को व्यापक तथा गहराई से क्रमवीक्षण करने हेतु 2-3 डिग्री व्यास वाले एफओवी के साथ 6.2-मीटर खंडित दर्पण दूरबीन शामिल है; एमओएस, आईएफएस तथा विविध क्षेत्र वर्णक्रमिकी (डीएफएस) मोड (यानी एमओएस+आईएफएस) में संचालित करने हेतु उच्च तंतु घनत्व वाला एक उन्नत तंतु-स्थिति प्रणाली है। विभेदन (आर 3000-40000) की सीमा में व्यापक तरंगदैर्ध्य आच्छादन (0.31-2.5 um) में वर्णक्रम को दर्ज करने हेतु एकाधिक प्रकाशिकी/आईआर स्पेक्ट्रमलेखी – इसे उत्तरी गोलार्ध में अगली पीढ़ी की विश्व स्तरीय सर्वेक्षण सुविधा बनाते हैं। सर्वेक्षण प्ररूप का विवरण चित्र 1 में दिखाया गया है। खंडित दर्पण दूरबीनों के संदर्भ में 3 डिग्री व्यास का एफओवी प्राप्त करने हेतु तीस मीटर दूरबीन (टीएमटी) दर्पण खंड के बराबर 1.44 मीटर आकार की बेसलाइनिंग दूरबीन छिद्र (6.2-मीटर) में 18-19 खंड शामिल होने चाहिए। छिद्र आकार तथा एफओवी के उपरोक्त संयोजन के साथ 250-400 m^2 deg^2 का एटेंड्यू प्राप्त किया जा सकता है जो दुनिया भर में मौजूदा या आगामी बड़े सर्वेक्षण दूरबीनों में से किसी से भी अधिक महत्वपूर्ण है (उदाहरण हेतु मौनाकिया वर्णक्रमिकी सर्वेक्षक (MSE) 150 m^2 deg^2 का एटेंड्यू)। प्रस्तावित क्षमताओं के साथ यह उत्तरी गोलार्ध में प्रमुख वर्णक्रमी सर्वेक्षण होगा।



चित्र 5.14:आइएलएसइ के 6.2m स्पेक्ट्रोस्कोपिक सर्वेक्षण सुवधा मॉड्यूल का अवलोकन।

अध्याय 6

अभियांत्रिकी निकाय समूह

अभियांत्रिकी निकाय समूह (एसईजी) में संस्थान के विभिन्न अभियांत्रिकी तथा तकनीकी प्रभाग शामिल हैं।

6.1 इलेक्ट्रॉनिक्स अभियांत्रिकी प्रभाग

आदित्य-एल1 परियोजना पर लैस वीईएलसी प्रलोड

दृश्य उत्सर्जन रेखा किरीटलेखी (वीईएलसी) संसूचक प्रणाली को व्यक्तिगत रूप से तथा साथ ही वीईएलसी पेलोड के साथ संसूचकों के एकीकरण के बाद अंशांकित किया गया था। सभी ऊष्मीय हार्डवेयर निर्धारण तथा हार्नेस रूटिंग का कार्य संपादित किया गया तथा अंतरिक्ष यान पर लैस कंप्यूटर के साथ पेलोड मिशन परिदृश्य की जांच पूरी की गई थी। सभी हार्नेस रूटिंग, पेलोड लेवल संयोजित मोड की जांच वायु तथा निर्वात में की गई हैं तथा क्यूए जांच भी पूरी हो चुकी हैं। यह पेलोड इसरो संस्थान को सौंप दिया गया है तथा अलग-अलग मोड की जांच पूरी होने के पश्चात अब यह आदित्य एल1 के साथ एकीकरण हेतु तैयार है।

एसटीयू परियोजना

एसटीयू परियोजना का पीडीआर माह जून 2022 में पूरा हो गया है। सीएमओएस संवेदक पठनोत्तर परिपथ अभिकल्पित करके संविरचित किया गया था। प्रतिबिंब अधिग्रहण हेतु कैमरा पठनोत्तर की प्रक्रिया यंत्र सामग्री विकासाधीन है। एसटीयू परियोजना हेतु सूचीपत्र में कमी तथा अनुकूलन भी पूरा किया गया है तथा एसटीयू एफओवी के अनुसार किसी भी आरए-डीईसी हेतु प्रतिरूपित प्रतिबिंबों का निर्माण पूरा हो गया है। तारे की पहचान, ऊँचाई का पता लगाने और एफपीजीए में से एक हेतु केन्द्रकीय कलनविधि पूरा किया गया है तथा आवश्यक सटीकता प्राप्त करने हेतु कलनविधि के अनुकूलन की प्रक्रिया प्रगति पर है। तारा की दृश्यता तथा एसएनआर का आकलन पूरा किया गया है।

टीएमटी परियोजना

टीएमटी पी3 संचालक संयोजन को संयोजन की प्रक्रिया तथा जांच-सूची के आधार पर सत्यापित किया जाता है। इसी तरह के 20 संचालकों को विक्रेता के स्थान पर संयोजित किया जाएगा तथा आईटीसीसी/आईआईए, बेंगलूरु में उनका परीक्षण किया जाएगा। स्वर्ण विलेपन तथा पराध्वनिक मशीनन हेतु एड्ज संवेदक प्रक्रिया का विकास प्रगति पर है तथा 75 पी3 आदिप्रारूप

चित्र 6.1: (बाएं) टीवीएसी में वीईएलसी संसूचक अंशांकन, (दाएं) थर्मल हार्डवेयर तथा हार्नेस रूटिंग, (नीचे) क्रेस्ट एमजीके मेनन प्रयोगशाला में पेलोड के साथ एकीकरण।

चित्र 6.2: (ऊपर बाएं ओर) क्रेस्ट में आंतरिक रूप से विकसित क्लैमशेल गुम्बद, (ऊपर दाएं ओर) सटीक रैखिक चरण पर चलने योग्य तीन कैमरा आलंबन, (नीचे बाएं और दाएं ओर) एच-अल्फ कूटलेखित्र परीक्षण प्रणाली।

एड्ज संवेदक ब्लॉक के मशीनन निर्माण तथा निरीक्षण के अधीन है। 5 एसएसए की कार्यक्षमता का परीक्षण एल&टी कोयम्बत्तूर में डब्ल्यूएच परीक्षण नियंत्रकों का उपयोग करके किया जाता है।

इनसिस्ट परियोजना (पूर्व-परियोजना की गतिविधियां)
डीएमडी चिपसेट नियंत्रक कार्ड का निर्माण तथा परीक्षण किया जा चुका है। चिपसेट नियंत्रक कार्ड हेतु एफपीजीए संकेतकी पूरी की गई है तथा परीक्षणों के आधार पर इसे संशोधित किया जा रहा है। इनसिस्ट परियोजना हेतु आंखडें मात्रा तथा आंखडें दर की गणना पूरी की गई है।

मापयंत्रण विकास
आईआईएसईआर तिरुवनंतपुरम तथा क्राइस्ट विश्वविद्यालय के सहायोग से लिक्विड क्रिस्अल रिटार्डर आधारित ध्रुवणमापी का विकास तथा लिक्विड क्रिस्टल रिटार्डर का संविरचन। विभिन्न अनुप्रयोगों हेतु तापमान, आर्द्रता तथा कंपन लॉगिंग हेतु आईआईए आंखडें लॉगर (आईडीएल) का विकास। यह सिस्टम आईटीओएफएफ, वीबीओ कावलूर तथा सीएन2 मापन में पहले से ही स्थापित है।

6.2 यांत्रिक अभियांत्रिकी प्रभाग

स्वदेशी क्लैमशेल गुंबद
4 मीटर व्यास क्लैमशेल गुंबद तथा बाहरी इस्पात संरचना भवन को आंतरिक रूप से अभिकल्पित किया गया था, विस्तृत व्यवाहारिक आरेख तैयार करके बनाए गए तथा आईआईए, बेंगलूरु के यांत्रिक कार्यशाला के दल ने क्रेस्ट परिसर में पूरी तरह से संस्थापित किए गए। गुंबद का उपयोग सार्वजनिक विज्ञान-प्रसार गतिविधिों हेतु 11 इंच भूमध्यवर्ती फोर्क आरोहित सेल्सट्रान दूरबीन की संस्थापना हेतु किया जाता है।

पश्च-सिरे मापयंत्रण तकनीकी अवलंब
एच-अल्फा दूरबीन के नए गति नियंत्रक के साथ अनुकूलता की जांच करने हेतु यांत्रिक कार्यशाला द्वारा एच-अल्फा कूटलेखित्र परीक्षण तंत्र की परिकल्पना तथा संविचरना की गई थी।

टिप/टिल्ट तंत्र हेतु 30 इंच
आईआईए की यांत्रिकी कार्यशाला ने वीबीओ, कावलूर में 30-इंच दूरबीन पर उपयोग करने हेतु टिप/टिल्ट सुधार तंत्र को परिकल्पित तथा संविरचित किया है। एक टिप/टिल्ट सुधार तंत्र में प्रकाशिक आलंबन तथा कैमरा आलंबन (मुख्य तथा साइड पोर्ट) होता है जिसे आंतरिक रूप से परिकल्पित कर निर्मित किया गया है।

केटीटी हेतु 3-सीसीडी संयोजन
आईआईए की यांत्रिकी कार्यशाला ने एक चल कैमरा आलंबन को परिकल्पित, निर्मित तथा स्थापित किया है जो कोडाइकनाल सुरंग दूरबीन (केटीटी) हेतु तीन कैमरों तक का समर्थन करता है। Hα, Fe I 6546.23 A° तथा Ca II 8662 A° रेखओं में एक



चित्र 6.3: (ऊपर बाएं ओर) प्रतिबिंबक के साथ डीएमडी वर्णक्रमलेखी की प्रकाशिकी रूपरेखा चित्रित किया गया है। (ऊपर दाएं ओर) प्रकाशिकी मेज पर डीएमडी के साथ निर्मित वर्णक्रमलेखी सहित प्रतिबिंबक दर्शाया गया है। (मध्य) डीएमडी आधारित एमओएस तथा प्रतिबिंबक का यांत्रिकी प्रतिमान। (नीचे) डीएमडी एमओएस से प्राप्त सौर वर्णक्रम।

साथ स्पेक्ट्रोध्रुवणमापीय प्रेक्षण करने तथा टिप-टिल्ट सुधार को दर्ज करने हेतु नए विकसित आलंबन की मदद से तीन कैमरे केटीटी स्पेक्ट्रमलेखी पर आरोहित किए गए हैं।

पूर्ण स्टोक्य ध्रुवणमापी प्रकाशिक हेतु आलंबन
निरुपक द्रव्य क्रिस्अल रिटार्डर्स, प्रकाशिक तथा कैमरा आलंबन हेतु पूर्ण स्टोक्स ध्रुवणमापी परिकल्पित कर निर्माण यांत्रिकी कार्यशाला द्वारा किया गया है।



चित्र 6.4: फैब्री पेरोट व्यतिकरणमापी को आईआईए प्रकाशिकी प्रयोगशाला में प्रकाशीय बेंच पर एकीकरण, परीक्षण तथा अंशांकन किया गया।



चित्र 6.5: एफपीआई के साथ अभिग्रहित व्यतिकरणमापीय प्रतिबिंब।

6.3 प्रकाशिकी प्रभाग

इनसिस्ट हेतु बहु-पिंड रेखाछिद्र वर्णक्रमलेखी

भारतीय स्पेक्ट्रमिकी तथा प्रतिबिंब अंतरिक्ष दूरबीन एक प्रस्तावित भविष्य का यूवी मिशन है जो 0.25 वर्ग डिग्री के एफओवी पर 0.2 आर्कसे कके कोणीय विभेदन के साथ 150 nm से 550 nm के तरंगदैर्ध्य क्षेत्र में प्रतिबिंब अभिग्रहण तथा स्पेक्ट्रमी निष्पादित करने हेतु है। एक अभिनव अवधारणा के साथ इनसिस्ट पर लैय किए जाने वाले उपकरणों में से एक यूवी क्षेत्र [150 nm - 550 nm] में एक बहु पिंड रेखाछिद्र स्पेक्ट्रमलेखी (एमओएस) है। एमओएस को अंकीय सूक्ष्मदर्पण यंत्र (डीएमडी) नामक एक समनुरूप योग्य रेखाछिद्र माड्यूल के साथ एक ऑफनर परिकल्पना के रूप में समनुरूप किया गया है। डीएमडी में प्रत्येक मिररलेट के साथ 10 मैक्रॉन आकार के मिररलेट्स की 2-डी क्रम-विन्यास होता है जो संबंधित मिररलेट के ठीक नीचे स्थित इलेक्ट्रोड की मदद से विद्युत्स्थैतिक बल लगाकर अपनी नाममात्र स्थिति से 12° तक फ्लिप कर सकती है। मिररलेट्स का एक सेट (न्यूनतम 2x2 मिररलेट्स) एक अभिविन्यास की ओर एक साथ झुका हुआ एक रेखाछिद्र बनाता है जो दूरबीन से स्पेकट्रमलेखी तक प्रकाश पोषित करता है जहां स्पेक्ट्रा दर्ज किया जाता है। प्रतिबिंबक के साथ डीएमडी एमओएस का प्रयोगशाला प्रतिमान आईआईए की प्रकाशिकी प्रयोगशाला में बनाया गया है तथा तरंगदैर्ध्य अंशांकन स्रोत (नियॉन) और सौर स्पेक्ट्रम के स्पेक्ट्रा अभिग्रहित किया गया है तथा स्पेक्ट्रमलेखी के विभिन्न प्राचल का मापन किया गया है। स्पेक्ट्रमलेखी तथा प्रतिबिंबक संयोजन कावलूर स्थित 1.3 मीटर जेसीबी दूरबीन में आरोहित किया जाएगा तथा निकट भविष्य में खगोलीय पिंडों की वर्णक्रमीय प्रतिबिंब प्रेक्षित की जाएंगी।

राष्ट्रीय बृहत प्रकाशिकी-निकट अवरक्त दूरबीन हेतु प्रकाशिक परिकल्पना

भारतीय खगोलीय समुदाय एक बृहत खंडित प्रकाशीय दूरबीन (8-10 मीटर) की मांग कर रही है जिसे रष्ट्रीय धरती पर निर्माण का प्रस्ताव है। प्रेक्षण में विविधता को पूरा करने हेतु दूरबीन को 0.3-1.8μ के तरंगदैर्ध्य परिसर में वेधशाला अथवा स्पेक्ट्रमिकी सर्वेक्षण मोड में काम करना चाहिए। आईआईए के प्रकाशिकी प्रभाग में एक दूरबीन विन्यास में वेधशाला तथा स्पेक्ट्रोमी सर्वेक्षण की व्यवहार्यता की प्राप्ति हेतु कई प्रकाशीय अभिकल्पों पर काम किया गया है।

निम्न-लागत फैब्री-पेरोट व्यतिकरणमापी

कम लागत वाली फैब्री-पेलोट व्यतिकरणमापी (एफपीआई) को 630.0 nm की तरंगदैर्ध्य पर एयरग्लो उत्सर्जन के माध्यम से तापमंडलीय हवाओं तथा तापमाान के साथ साथ मध्यमंडलीय हवाओं को मापने हेतु परिकल्पना की गई है। यह उपकरण भारतीय ताराभौतिकी संस्थान (आईआईए), बेंगलूरु द्वारा भारतीय भू-चुंबकत्व संस्थान (आईआईजी), नवी मुंबई के सहयोग से विकसित किया गया है। एफपीआई का एकीकरण तथा निष्पादन का सत्यापन प्रकाशिकी प्रयोगशाला में किया जाता है। व्यतिकरणमापी का अंशांकन संकीर्ण बैंड निस्यंदक के साथ एकीकृत क्षेत्र के साथ किया जाता है। आईआईए की प्रकाशीय सुविधा में प्रयोगात्मक तंत्र तथा उपकरण से प्रेक्षित प्रतिबिंब चित्र 6.12 तथा 6.13 दर्शाई गई हैं।

सिंग अंतरिक्ष पेलोड

अंतरिक्ष पेलोड सिंग हेतु आवश्यक प्राथमिक, द्वितीयक तथा तृतीयक दर्पणों को प्रकाशिकी प्रयोगशाला में आवश्यकताओं के अनुसार संविरचित किया गया है। इसमें एक प्राथमिक 300 mm अक्ष पर अवतल दर्पण, एक 102 mm अक्ष पर उभाड़ दर्पण तथा एक 15 x 55 mm समकोणीय समतल दर्पण शामिल है।

तंतु प्रकाशिकी विकास

बहु-पिंड स्पेक्ट्रमी तथा एकीकृत फाइल्ड स्पेक्ट्रमी हेतु आवश्यक प्रकाशिकी तंतु प्रकाशिकी प्रयोगशाला में विकसित किए गए हैं।



System Parameters

- Fov : 5 sq.deg
- Image scale: 7.34"/mm
- Focal plane: 1.24m
- 200K fibres with 10" patrol radius

System Parameters

- Focus F# : 2
- Filled Aperture Diameter: 10.11m [11.25]
- FOV: 5sq.deg
- Plate Scale: 109µm/arc sec (9"/mm)

System Parameters

- Nasmyth Focus F# : 15
- Filled Aperture Diameter: 10.11m [11.25]
- Secondary Obscuration~2%
- Focal length: 168.7m
- FOV: 10 arc min
- Plate Scale: 817µm/arc sec (1.22"/mm)
- Vignetting <2.6%
- Image Quality: DL for 6acrmin >1um

चित्र 6.6: 10 मीटर वर्ग एनएलओटी प्रकाशिकी रूपरेखा। बाएं: 3.2 वर्ग डिग्री एफओवी के साथ कैससेग्रेन फोकस पर सर्वेक्षण। मध्य: मुख्य फोकस पर स्पेक्ट्रमी सर्वेक्षण। दाएं: नैस्मिथ फोकस के साथ वेधशाला वर्ग दूरबीन।



चित्र 6.7: प्रकाशिकी प्रयोगशलाा में निर्मित सिंग प्राथमिक तथा द्वितीयक दर्पण। प्राप्त सतही गुरुत्व $\lambda/20$ है।



Achieved RMS Value :0.053λ

चित्र 6.8: सिंग तृतीयक दर्पण का प्रकाशिकी प्रयोगशाला में निर्मित कर परीक्षण किया गया।

वीबीटी हेतु चौड़े क्षेत्र संशोधक प्ररूप

बहु-पिंड स्पेक्ट्रमी के साथ साथ प्रतिबिंब-अभिग्रहण हेतु बड़े एफओवी प्राप्त करने हेतु वीबीटी प्रमुख फोकस हेतु इज़ेटईएमएएक्स में तीन तत्व सुधारक अभिकल्पित किया गया है। गोलाकार लेंस के निर्माण हेतु प्रयुक्त सामग्री बीके7 है। दृश्य-क्षेत्र एफओवी 0.5°, प्रतिबिंब गुणवत्ता < 20 m (0.54") आरएमएस है। 2.5 आर्क दृश्य डिस्क हेतु 0.5° से अधिक प्रतिबिंब की गुणवत्ता < 2.57 आर्कसेक है। फोकल अनुपात 3.5 तथा एफओवी आकार: 72 mm हो जाता है। प्रतिबिंबित क्षेत्र : 7K x 7K, 10m पिक्सेल प्रतिबिंबित क्षेत्र : 4K x 4K, 24m पिक्सेल है।

वर्णक्रमलेखी का विकास

प्रयोगशाला में रेखाछिद्रों द्वारा प्रकाशिकी तंतु/पिनहोल तथा रैखीय पिंडों द्वारा उत्पन्न बिंदु स्रोतों हेतु प्रकाशिकी क्षेत्र में खगोलीय प्रेक्षणो हेतु एक स्पेक्ट्रमलेखी अभिकल्पित कर विकसित किया गया। तंतु भंडार अथवा ग्रिड मास्क का उपयोग करके स्पेकट्रमलेखी की बहु-पिंड क्षमता का अध्ययन करने हेतु भी विकास का विस्तार किया गया है।

6.4 इलेक्ट्रिकल अभियांत्रिकी प्रभाग

100 केवीए मॉड्यूलर यूपीएस की स्थापना

आईआईए, बेंगलूरु में नए 100 केवीए मॉड्यूलर यूपीएस तंत्र की



चित्र 6.9: एमओएस तथा आईएफयू स्पेक्ट्रोमीटर हेतु बहु-तंतु विकास।



चित्र 6.10: तीन गोलाकार घटकों के साथ चौड़े क्षेत्र सुधारक की प्रकाशिकी रूपरेखा। प्रमुख फोकस पर सुधारक के साथ तथा रहित प्रतिबिंब की गुणवत्ता दाएं ओर दर्शाई गई है।



चित्र 6.11: एकाधिक तंतुओं के साथ परीक्षण हेतु प्रकाशिकी बेंच पर निर्मित वर्णक्रमलेखी।

स्थापना तथा चालू का काम पूरा हो गया। 40 यूपीएस बैटरियों की स्थापना, प्रत्येक की क्षमता 150Ah है।

आदित्य सर्वर को यूपीएस तथा रॉ बिजली आपूर्ति का प्रावधान

विद्युत प्रभाग ने आदित्य-एल1 सर्वर रैक को यूपीएस बिजली शक्ति की जो नए आंखडें केन्द्र का निर्माण करती है। कामबंदी कार्यान्वित कर आंखडें केन्द्र यूपीएस तंत्र से आदित्य सर्वर रैक को यूपीएस बिजली की आपूर्ति प्रदान की गई। यूपीएस से आदित्य सर्वर तक तार बिछाई गई तथा 5R X 1C X 35 mm2 कॉपर तार बिछाकर एलटी पैनल से शीतलन एकक रैक को कच्चदी बिजली प्रदान की गई। आदित्य सर्वर को यूपीएस आपूर्ति प्रदान करने हेतु फुट माउंट स्टैंड वाला एक एसीसीबी बॉक्स तैयार तथा स्थापित किया गया था जो आदित्य सर्वर के व्यक्तिगत नियंत्रण हेतु भी उपयोगी है।

विद्युत नवीकरण कार्य

संपूर्ण कैंटीन भवन हेतु तांबे तार बिछाना, धूल-रोधी पंखे, स्विच

चित्र 6.12: सौर ऊर्जा संयंत्र का रखरखाव।



चित्र 6.13: वर्णक्रमलेखी की प्रकाशीय रूपरेखा।

बोर्ड तथा स्विच बदले गए। वितरण बोर्ड तथा एमसीबी का उपयोग करके प्रमुख पैनल से प्रकाश तथा बिजली वितरण हेतु अलग वितरण विद्युतपथ तथा एलईडी प्रदान किए गए थ। निदेशक कार्यालय के बिजली कार्य की परियोजना का उद्देश्य परिसर से जुड़ी विद्युत-शक्ति तथा बिलजी की खपत को कम करना है। इस परियोजना में 75% पुरानी हैलोजन तथा सीएफएल बत्तियों को एलईटी बत्तियों से बदल दिया गगया, जिससे जोड़ी विद्युत-शक्ति 50.4% कम हो गई (लगभग 8 किलोवाट कम हो गया)। शेष 25% बत्ती की विद्युत-शक्ति हेतु योजना प्रगति पर है। आईआईए के मुख्य परिसर में कंपाउंड दीवार हेतु बत्ती लगाने की योजना बनाई गई तथा क्रियान्वित किया गया। पंप हाउस क्षेत्र एलटी पैनल से एक नियंत्रण एमसीबी स्विच प्रदान करके नए तार बिछाए गए। कंपाउंड दीवार के ऊपर खराब रोशनी वाली बत्ती को उपयुक्त एलईडी बत्ती से प्रतिस्थापित लगाई गई थी।

चित्र 6.14: निदेशक कार्यालय में विद्युतीकरण।

6.5 सिविल अभियांत्रिकी प्रभाग

(क) बेंगलूर परिसर

कैंटीन भवन का नवीकरण

आईआईए ने उक्त कार्य को सार्वजनिक निविदा प्रक्रिया की सभी औपचारिकताओं का अनुसरण करने के बाद ठेकेदार मैसर्स सीआरएस एंड कंपनी, बेंगलूरु को सौंपा। क्षतिग्रस्त दीवार टाइलें बदल दी गई हैं तथा सर्विस काउंटर को पीछे की ओर ले जाया गया है। भोजन कक्ष तथा रसोई घर की दीवारों को रंग दिया गया है तथा खिड़की में क्षतिग्रस्त शीशे की प्रतिस्थापना की गई है। भोजन कक्ष में नई यूपीवीसी खिड़कियां लगाई गई हैं तथा अलमारियां बनाई गई हैं। एल्यूमीनियम खिड़की के अंतराल को सिलिकॉन सीलेंट से सील कर दिया गया है। एसएस वॉश बाउल



चित्र 6.15: आईआईए, बेंगलूरु में कैंटीन का नवीकरण।

चित्र 6.16: (ऊपर) नई प्रयोगशाला भवन, कोरमंगला, आईआईए का वैचारिक दृश्य। (नीचा) हॉस्टल ब्लॉक, ऑस्टिन टाउन का वैचारिक दृश्य।

सुविधाओं के साथ नए वॉश बेसिन, नल, दर्पण तथा साबुन डिस्पेंसर दिए गए हैं। कैंटीन कर्मचारी हेतु एक वस्त्र कक्ष तथा भोजन कक्ष में एक धुलाई क्षेत्र छोटे-मोटे सिविल कार्यों के केवल दो उदाहरण हैं जो पूरे हो चुके हैं। कार्य पूर्ण रूप से निष्पादन किया गया है तथा लोक अर्पण किया गया है।

नई प्रयोगशाला भवन का प्रस्तावित निर्माण

संकाय, छात्रों और प्रयोगशालाओं हेतु आईआईए एक नई प्रयोगशाला सुविधा विकसित करने का प्रस्ताव किया है। प्रस्तावित भवन में एक बेसमेंट, एक भूतल, पांच मंजिल और एक मंजिल होगी जो 15,000 वर्ग मीटर की होगी। इसमें 200 सीटों वाला एक सम्मेलन कक्ष, बैठक कक्ष, कक्षाएं, प्रशिक्षक, छात्र, प्रशासनिक कर्मचारी और एक पार्किंग गैरेज होगा। पेंटी में 40-50 जनों हेतु एक कक्ष। इस परियोजना के अंतर्गत एक ट्रांसफार्मर यार्ड, एक अग्निशामन टैंक, एक वर्षा जल संग्रह टैंक और नवीकरणीय ऊर्जा प्रौद्योगिकी को भी शामिल किया जाएगा। निर्माण कार्य माह अगस्त, 2023 में शुरू होने तथा दिसंबर 2025 तक समाप्त होने का अनुमान है जिसकी आकलित लागत लगभग रु.50 करोड़।

प्रस्तावित हॉस्टल ब्लॉक

आईआईए का प्रस्ताव मुख्य परिसर के करीब एक छात्रावास भवन बनाने का है जिसमें छात्रों और आने वाले अतिथि शैक्षिक सदस्यों को ठहरने की व्यवस्था की जाएगी। प्रस्तावित भवन में एक बेसमेंट, एक भू-तल, दो मंजिल और मंजिल 3000 वर्ग मीटर तक होगी। पोस्ट डॉक्स, छात्रों अतिथि संकाय सदस्य और विवाहित छात्रों हेतु अलग-अलग आवासीय व्यवस्था की जाएगी। वर्षा जल संग्रहण का टैंक तथा सौर ऊर्जा उपकरण की स्थापना भी परियोजना का हिस्सा होगा। करीब 15 करोड़ रुपए अनुमानित लागत है। निर्माण कार्य दिसंबर 2023 में शुरू होने तथा दिसंबर 2025 में समाप्त होने का अनुमान है। इमारत का संकल्पनात्मक परिरूप निम्नवत हैं।

(ख) क्रेस्ट परिसर

सीमा दीवार का निर्माण कार्य

पश्चिम तथ उत्तर दिशा की ओर की सीमा दीवार का निर्माण वर्ष 2019 के दौरान पूरा हुआ। एसएसएम की सीमा दीवार ने परिसर को अच्छा माहौल दिया। आईआईए ने शेष दो दिशा की सीमा दीवार को पूरा करने का निर्णय लिया। माह अगस्त 2020 के दौरान निविदाएं आमंत्रित की गईं तथा निर्माण कार्य सौंपा गया। सीमा दीवार की कुल लंबाई 1020 मीटर है। कुल अनुमानित लागत रु.2.35 करोड़ है। कार्य निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रगति पर है तथा निर्धारित समय के भीतर पूरा होने की उम्मीद है।

सार्वजनिक–पहुंच दूरबीन संबंधित निर्माण कार्य

गुंबद लगाने हेतु षट्कोणीय सीमेंट बीम, इस्पात से बनी दीवार तथा एम 16 बोल्ट प्रदान करें, हगॉर भवन का विलेपन करना तथा छोटे निर्माण कार्यों को पूरा करना। कार्य हर तरह से पूरा हो चुका है।

कंसर्टिना कॉइल बाड़ लगाना

संपूर्ण परिसर की दीवार को रेजर ब्लेड कंसर्टिना बाड़ से सुसज्जिम किया जाना है। काम जारी है तथा पूरी 2050 मीटर की दीवार का काम पूरा हो जाएगा।

अतिथि कक्षों का नवीनीकरण

कैंटीन भवन में अतिथि कक्षों का नवीकरण किया जा रहा है तथा नई टाइलिंग, सीपीवीसी जल आपूर्ति लाइनें, यूपीवीसी खिडकियां आदि स्थापित की गई हैं।

बिजली घर का नवीनीकरण

मौजूदा पुराना बिजली घर वर्ष 1995 में बनाया गया था तथा अब इसका पूर्ण नवीकरण किया जा रहा है। छत तक अभिगम करने का प्रावधान, नए मौसम प्रतिरोधी तथा थर्मल नियंत्रित प्रतिरोधन का प्रतिस्थापन, मौजूदा कंक्रीट केबल ट्रेंच का नवीनीकरण तथा

चित्र 6.17: क्रेस्ट परिसर, होसकोटे में दो तथा चार पहिया वाहनों की पार्किंग।

चित्र 6.18: क्रेस्ट परिसर, होसकोटे में परिसर तथा सीमा दीवार।

चित्र 6.19: क्रेस्ट परिसर, होसकोटे में हगॉर भवन हेतु षट्कोणीय बीम।

विभिन्न हिस्सों के विलेपन का काम पूरा हो चुका है।

पार्किंग शेड का निर्माण

दो तथा चार पहिया वाहनों हेतु एक पार्किंग शेड का निर्माण पूरा हो चुका है, जिसमें एक कठोर कंक्रीट नींव तथा एक संरचनात्मक स्टील छत फ्रेम शामिल है।

(ग) वेणु बप्पू वेधशाला (वीबीओ), कावलूर

कैंटीन ब्लॉक का नवीनीकरण

वीबीओ में कैंटीन तथा भोजनालय भवन को नवीकरण की आवश्यकता था जिसमें इसकी पुरानी एस्बेसअस शीट की छत को हटाना भी था। इसे पूरा कर उपयोग हु सौंप दिया गया। कैंटीन के शैचालयों का नवीकरण किया गया तथा आधिकारिक माानदंडों का पालन करते हुए शारीरिक रूप से दिव्यांगजन के उपयोग हेतु विशेष सुविधाओं का निर्माण किया गया है।

पुराने कर्मचारी आवासों का नवीकरण

मौजूदा कर्मचारी आवासों के दो ब्लॉकों में प्रमुख निमार्ण-कार्यों की आवश्यकता है। रसोई तथा स्नानघरों का पूरी तरह से नवीकरण किया गया है तथा विलेपन, छत जलरोधी तथा सीवेज लाइन प्रतिस्थापन का काम पूरा हो चुका है तथा अब उपयोग हेतु तैयार है।

मौजूदा डामर सड़क का नवीकरण

वीबीओ परिसर के अंदर मौजूदा डामर सड़क लगभग 25 साल पुरानी है तथा अधिक क्षतिग्रस्त है। 3.5 मीटर की औसत चौड़ाई

चित्र 6.20: वीबीओ, कावलूर में कैंटीन ब्लॉक का नवीकरण।

चित्र 6.21: (ऊपर) बाएं: वीबीओ, कावलूर में सड़कों का नवीकरण। दाएं: केएसओ, कोडाइकनाल में सड़कों का नवीकरण। (नीचे)बाएं: पुराने कर्मचारी आवासों का नवीकरण। दाएं: वीबीओ में लैब-बी भवन का नवीकरण।

वाली कुल 1700 मीटर लंबी सड़क को फिर से बनाया गया।

प्रयोगशाला–बी का नवीकरण

प्रयोगशाला-बी के कमरों में शौचालयों तथा दिव्यांगजनों द्वारा अभिगम करने हेतु टाइलिंग, पेंटिंग तथा अनय छोटे सिविल कार्यों सहित नवीकरण की आवश्कता थी। काम लगभग पूर हो चुका है। वीबीटी, 40 इंच और 30 इंच की इमारतों, कार्यशाला, बिजलीघर, प्रशासन, सुरक्षा झोपड़ी निर्माण आदि में शौचालयों का नवीकरण भी किया गया।

(घ) कोडाइकनाल वेधशाला (केएसओ), कोडाइकनाल

मौजूदा डामर सड़क का पुनर्निर्माण

केएसओ परिसर के अंदर मौजूदा डामर सड़क खराब स्थिति में थी तथा इसे फिर से बिछाया गया था।

शौचालयों का नवीकरण

एवरशेड हॉल, मिचे स्मिथ अतिथि गृह और एवरशेड के उपभवन में शौचालयों क्षतिग्रस्त फर्श का नवीकरण किया गया।

छत का नवीकरण

प्रेक्षागृह, पुस्तकालय, भंडार, वीबी कक्ष, उपभवन तथा बिजली घर की छत की टाइलें बदल दी गईं तथा जीएस शीट, शहतीर/बैटन, बट्रेस, एक फंट पोर्टिको विस्तारण, बीएस स्टोन वॉक तथा अन्य छोटे सिविल कार्यों को नवीकरण किया गया तथा काम लगभग पूरा किया गया।

(च) भारतीय खगोलीय वेधशाला (आईएओ) लेह–लद्धाख

दिग्पा रत्सा–री पर्वतीय चोटी पर कर्मचारी आवास

हनले स्थित दिग्पा रत्सा-री पर्वतीय चोटी पर अतिरिक्त कर्मचारी आवास के निर्माण हेतु निविदा दी गई तथा कार्य प्रगति पर है।

हनले गृह का नवीकरण

लेह में हनले गृह के नवीकरण के संबंध में निविदाएं आमंत्रित की गईं तथा काम प्रगति पर है।

चित्र 6.22: केएसओ, कोडाइकनाल में मैंगलोर छत टाइलों का नवीकरण।

चित्र 6.23: आईएओ, हनले में कर्मचारी आवास का निर्माण।

अध्याय–7

विज्ञान संचार, आउटरीच गतिविधियां तथा शिक्षण

चित्र 7.1: हनले से प्राप्त अक्तूबर 25, 2022 को घटित आंशिक सूर्य ग्रहण का अनुक्रम। सौजन्य: त्सेवांग स्टैनज़िन, आईएओ, आईआईए।

चित्र 7.2: लेह से प्राप्त अक्तूबर 25, 2022 को घटित आंशिक सूर्य ग्रहण अनुक्रम। सौजन्य: एम.एन. आनंद, केएसओ, आईआईए।

आईआईए के विज्ञान संचार, आउटरीच गतिविधियां तथा शिक्षण (स्कोप) अनुभाग संस्थान की प्रासंगिक गतिविधियों के परिरूपण, समन्वय तथा कार्यान्वयन हेतु जिम्मेदार है। इस अध्याय में स्कोप की गतिविधियों के साथ-साथ अन्य प्रभागों और व्यक्तियों द्वारा प्रदत्त सहयोग सूचिबद्ध हैं।

7.1 व्यापक सार्वजनिक कार्यक्रम

स्कोप अनुभाग ने कई कार्यक्रम आयोजित किए जिसमें बड़ी संख्या में लागों (प्रत्येक में आमतौर पर एक हज़ार) ने भाग लिया। स्वभावत:, ये कार्यक्रम छोटी अवधि के होते हैं लकिन आम जनता के बीच खगोल विज्ञान तथा आईआईए के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य को पूरा करते हैं। इन कार्यक्रमों के आयोजन में संस्थान के कई सदस्यों, विशेष रूप से छात्र समुदाय, प्रशासन और सहायक कर्मचारियों के योगेदान थे।

7.1.1 राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2023

संस्थान में प्रतिवर्ष फरवरी 28 को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस (रा.वि.दि.) मनाया जाता है। तथापि, इस वर्ष संचालनीय बाधाओं के कारण इसे फरवरी 25 को बेंगलूरु के मुख्य परिसर में "आईआईए ओपन डे" के रूप में मनाया गया। क्षेत्रीय केन्द्रों ने फरवरी 28 को विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया।

आईआईए ओपन डे, कोरमंगला

इस साल स्कोप ने पहली बार मुख्य परिसर को आम जनता को आमंत्रण करने का निर्णय लिया तथा ओपन डे का व्यापक रूप से प्रचार एवं प्रसार भी किया। इसमें शहर तथा बाहर से लगभग 4000 आगंतुकों ने भाग लिया जो रिकॉर्ड संख्या थी। यह अत्यधिक सकारात्मक प्रतिक्रिया, बेंगलूरु में इसी तरह के आयोजनों की मांग और छात्रा के बीच आईआईए में बढ़ती रुचि का संकेत है। मुख्य परिसर में इस कार्यक्रम का नेतृत्व स्कोप ने अन्य कर्मचारियों की मदद से किया।

(क) स्टॉल, प्रदर्शनी एवं निरूपण

एक पंडाल बनया गया था जिसमें कई स्टॉल, एक मंच और स्थानीय छात्रों हेतु अपने वैज्ञानिक प्रयोगों को प्रदर्शित करने हेतु एक जगह थी। संस्थान की ओर से आईआई के छात्र सम्मिलित दूत ई-पत्रिका दल का एक बहुत लोकप्रिय स्टॉल था। उन्होंने आगंतुको के लिए कई खेल तथा पहेलियां प्रस्तुत कीं।

कुछ प्रयोगों को निरूपण करने हेतु आईआईए के छात्रों द्वारा एक स्टॉल भी लगाया गया था। हमने तीन संगठनों नामत: एसोसिएशन ऑफ बैंगलोर एमेच्योर एस्ट्रोनॉमर्स (एबीएए), बैंगलोर एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी (बीएएस) और ब्रेकथ्रू साइंस सोसाइटी (बीएसएस) को भी बिना किसी लागत के स्टॉल लगाने



चित्र 7.3: कतिपय वैज्ञानिक इश्तिहार।

हेतु आमंत्रित किया था। उनके स्टॉलों में इश्तिहार, उनकी गतिविधियों से संबंधित सूचना पुस्तिकाएं तथा प्रदर्शन हेतु दूरबीनें हैं। इसने कई आगंतुकों को आकर्षित किया जो शौकिया खगोल-विज्ञान में रुचि रखते थे।

आईआईए के छात्रों और अन्य कर्मचारियों ने आम जनता हेतु कई इश्तिहार परिरूपित किए जिन्हें आंतरिक रूप में प्रदर्शित किया गया तथा उन्होंने पूरे दिन आगंतुकों को इश्तिहार के बारे में समझाया। इसमें खगोल भौतिकी में विभिन्न विशेष विषयों जैसे (आईआईए में उन क्षेत्रों में प्रासंगिक शोध पर कुछ विवरणों के साथ) मौजूदा तथा आगामी दूरबीन परियोजनाओं, हमारे उद्योग संबंधित, खगोल विज्ञान में लिंग, आईआईए में अवसर आदि शामिल थे। इसके अलावा आईआईए ने विभिन्न प्रतिमानों तथा प्रदर्शनों की भी मेजबानी की। बेंगलूरु स्थित जवाहरलाल नेहरू तारामंडल ने भी हमें खगोल विज्ञान पर कुछ कार्यशील प्रतिमान उधार दिए। ये सभी प्रदर्शनों को संस्थान के छात्रों और अभियंताओं द्वारा समझाया गया।

इसके अलावा प्रकाशिकी प्रयोगशाला द्वारा लेसर का उपयोग करके प्रकाशिकी के सिद्धांतों के लोकप्रिय निरूपण व्यवस्थित किया गया था। अंतरिक्ष पेलोड़ समूह ने वेबकैम से सुसज्जित एक रस्सी बंधे हुए गुब्बारे का भी प्रदर्शन किया जो छात्रों के बीच एक लोकप्रिय आकर्षण है।

(ख) सार्वजनिक व्याख्यान तथा प्रतियोगिताएं

ओपन डे के दौरान अंग्रेजी और कन्नड़ भाषाओं में दो सार्वजनिक व्याख्यान तथा प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इसके अलावा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस को अनुष्ठित करने हेतु फरवरी 28 को अंग्रेजी भाषा में एक और व्याख्यान भी आयोजित की गई थी।

[1] महेस्वर गोपिनाथ (आईआईए) (अंग्रेजी भाषा में)
जेडब्ल्यूएसटी: अन्रैवलिंग सीक्रेट्स फ्रम दी प्लेनट्स टू दी एर्ली यूनिवर्स

चित्र 7.4: क्रम में: विद्यालय छात्र अपने प्रयोगों में लीन, दूत स्थॉल, दूरबीन के साथ एबीएए स्टॉल, गुब्बारा प्रयोग का प्रदर्शन, विज्ञान इश्तिहार, प्रकाशिकी प्रयोगशाला में लेज़र का प्रदर्शन।

25 फरवरी 2023, आईआईए ओपन डे

[2] रम्या सेथुराम (आईआईए)(कन्नड़ भाषा में)
अन्डर्स्टैन्डिंग दी फार्मेशन ऑफ एवलुशन ऑफ गेलेक्सीस इन दी ईरा ऑफ लार्ज टेलेस्कोप्स
25 फरवरी 2023, आईआईए ओपन डे

[3] रोहिनि गोड़बोले (आईआईएससी बेंगलूरु)(अंग्रेजी भाषा में)
वॉट इस डार्क मेटर ? हाउ कैन वी प्रोब इट यूसिंग दी एलएचसी ?
28 फरवरी 2023, आईआईए नेशनल साइंस डे

ओपन डे के दौरान उच्च विद्यालय के छात्रों हेतु अंग्रेजी भाषा में एक प्रश्नोत्तरी और सभी आयु समूहों हेतु कन्नड़ भाषा में एक प्रश्नोत्तरी प्रतियागिता आयोजित की गईं। दोनों में भागीदारी उत्साहपूर्ण भाग लिए।

(ग) खगोल विज्ञान प्रकरण पर आधारित प्रदर्शनी

आईआईए ने पहली बार ओपन डे हेतु प्रदर्शनी परिरूपित करने का निर्णय लिया। तीन प्रकार के पिन बैज बनाए गए तथा पांच पोस्टकार्ड मुद्रित किए गए और आगंतुकों को बिना किसी लाभ के आधार पर बेचे गए। इसके अलावा हमने हनले लद्दाख में हिमालयन चंद्र दूरबीन को श्री दोर्जे एंगचुक द्वारा छायाचित्रित एक प्रसिद्ध तस्वीर से एक इश्तिहार भी मुद्रित किया जिसे नि:शुल्क में दे दिया गया था। एक छोटी चिप्पी भी परिरूपित किया गया तथा सभी आगंतुकों को नि:शुल्क दी गई। ये काफी लोकप्रिय साबित हुए तथा भविष्य में इस तरह की प्रचार सामग्री बनाने की योजना बनाई गई है।

चित्र 7.5: खगोल विज्ञान संबंधी सामग्री।

चित्र 7.6: सूर्य-कलंक तथा रात्रि आसमान को प्रेक्षित करने हेतु कतार में उपस्थित आगंतुक।

(घ) दूरबीन सत्र

हमने ओपन डे के दौरान आसमान प्रेक्षण सत्र आयोजित करने हेतु बेंगलूरु एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी को आमंत्रित किया। वे आम जनता को सूर्य-कलंक दिखाने हेतु कुछ दूरबीनें लाएं। वे रात्रि आसमान के प्रेक्षण हेतु 5-6 शौकिया दूरबीनें भी लाएं तथा उन्हें संचालित करने की जिम्मेदारी ली। इस सत्र में लगभग 1000 आगंतुक भाग लिए। हम इस प्रकार के सहयोगी प्रतिमान भविष्य में भी पालन करने का प्रस्ताव करते हैं।

(च) आमंत्रित और उपस्थिति सदस्य

हमने पहली बार बाह्य संगठनों जैसे दो शौकिया खगोल विज्ञान संघ एबीएए एवं बीएएस तथा विज्ञान लोकप्रियकरण समूह बीएसएस को स्टॉल लगाने हेतु आमंत्रित किया। यह आगंतुकों को शहर में शौकिया खगोल विज्ञान के बारे में जानने तथा अपनी रुचियों को आगे बढ़ाने हेतु उनके साथ जुड़ने का अवसर मिलने के कारण सफल साबित हुआ। तीनों संगठनों को खगोल विज्ञान के प्रति उत्साही लोगों के बीच भी बहुत प्रचार मिला। इनके अलावा हमने राज्य सरकार द्वारा संचालित विद्यालयों को भी छात्रों की एक दल को विज्ञान प्रयोग के साथ भेजने हेतु आमंत्रित किया था। विद्यालयों में परीक्षा संचालित होने के कारण ओपन डे के कार्यक्रम में केवल दो विद्यालय के दल ने भाग लिया।

ओपन डे के दौरान पूरे शहर के साथ-साथ कर्नाटक के अन्य शहरों तथा अन्य राज्यों जैसे तमिलनाडु एवं केरल से भी हमारे पास लगभग 4000 आगंतुक भाग लिए जिनमें से लगभग 1000 रात्रि आसमान प्रेक्षण कार्यक्रम में भाग लिए थे। लगभग 15 विद्यालय अपने छात्रों को बसों में लेकर आए थे तथा बड़ी संख्या में परिवार भी भाग लिए थे।

(छ) प्रचार तथा संचार माध्यम कवरेज

ओपन डे से पहले व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। हमारे छात्रों ने कॉफीघर, विद्यालयों तथा महाविद्यालयों में इश्तिहार बांटे तथा आम जनता इकट्ठे होते सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता भी फैलाई। हमने प्रेस विज्ञप्तियां प्रकाशित कीं जिन्हें अंग्रेजी तथा कन्नड़ संचार माध्यम में व्यापक रूप से प्रसारित किया गया जिसके कारण ओपन डे हेतु बड़ी संख्या में आगंतुक भाग लिए। ओपन डे

के दौरान कई पत्रकारों ने हमारे परिसर का दौरा किया तथा इस कार्यक्रम को अच्छी तरह से प्रसारित किया।

ओपन डे के आयोजन के कारण संस्थान ने संचार माध्यम तथा शहर में छात्र आबादी के बीच एक उच्च प्रोफ़ाइल हासिल की तथा तब से हमारे परिसर का दौरा करने वाले खगोल-विज्ञान में रुचि रखने वाले विद्यालयों की संख्या के साथ-साथ मार्गदर्शन चाहने वाले उनके माता-पिता की संख्या भी बढ़ गई है।

क्रेस्ट परिसन में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

होसकोटे स्थित क्रेस्ट परिसर ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस हेतु ओपन डे का आयोजन किया जिसमें लगभग 200 छात्रों और शिक्षकों ने भाग लिया। गतिविधियों के अंतर्ग एक चलचित्र सत्र, चित्रकारी प्रतियोगिता, वैज्ञानिक व्याख्यान तथा प्रश्नोत्तरी सत्र शामिल थे। छात्रों द्वारा संचालित पत्रिका दूत की एक प्रति सभी आगंतुक विद्यालयों के पुस्तकालय को दान कर दी गई। नव स्थापित 11-इंच सेलेस्ट्रॉन दूरबीन का उपयोग करके क्रेस्ट परिसर में आयोजित रात्रि आसकान प्रेक्षण सत्र ने छात्रों, शिक्षकों तथा आम जनता सहित लगभग 500 जनों को आकर्षित किया। अगले वर्ष हेतु बहुत बड़े कार्यक्रम की योजना बनाई गई है।

गौरीबिदुनूर रेडियो वेधशाला में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

गौरीबिदुनूर रेडियो वेधशाला ने एनआईटीटीई मीनाक्षी महाविद्यालय, बेंगलूरु के छात्रों को आमंत्रिक करके राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया। वेधशाला के कर्मचारियों ने वहां उपलब्ध रेडियो सुविधाओं पर व्याख्यान प्रस्तुत किए।

कोडाइकनाल सौर वेधशाला में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

कोडाइकनाल सौर वेधशाला ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का अनुष्ठान किया जिसमें 100 से अधिक छात्रों और शिक्षकों ने भाग लिया। इसके अंतर्गत कई प्रतियोगिताएं (चित्रकारी, वाग्मिता, निबंध लेखन), वैज्ञानिक प्रदर्शनी तथा एक प्रश्नोत्तरी आयोजित की गईं। कार्यक्रम का समापन उपस्थित भागीदारों हेतु वेधशाला पर एक संक्षिप्त प्रस्तुति के साथ हुआ जिसके बाद पुरस्कार वितरण किया गया।

चित्र 7.7: कावलूर, हनले, क्रेस्ट होसकोटे तथा मेरक में आयोजित एनएसडी समारोह।

भारतीय खगोलीय वेधशाल में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

हनले, लद्दाख स्थित भारतीय खगोलीय वेधशाला में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का अनुष्ठान किया गया जिसमें हनले और आसपास के गांवों के 50 छात्रों ने भाग लिया। लद्दाखी भाषा में बुनियादी खगोल विज्ञान पर प्रस्तुत व्याख्यान के पश्चात प्रतिभागियों हेतु प्रश्नोत्तरी भी आयोजित किया गया। मेरक पर एनएलएसटी हेतु प्रस्तावित स्थल देखने हेतु 20 छात्रों को आमंत्रित किया गया तथा उन्हें वेधशाला के आसपास दिखाया गया, तत्पश्चात एक प्रश्नोत्तरी भी आयोजित किया गया।

वेणु बप्पू वेधशाला में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

कावलूर गांव के पास स्थित सोलह पंचायत यूनियन मिडिल स्कूल (पीयूएमएस) के छात्रों के साथ एक दिवसीय उत्सव आयोजित किया गया। उनके लिए चित्रकारी प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी तथा वाद-विवाद का आयोजन किया गया। एक व्याख्यान भी प्रस्तुत किया गया। समारोह में खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) श्रीमती सी.चित्रा को भी आमंत्रित किया गया था। छात्रों को परिसर में विभिन्न दूरबीनें दिखाई गईं, उसके बाद रात्रि आसमान प्रेक्षण सत्र आयोजित किया गया।

7.1.2 ग्रहण का सीधा प्रसारण

भारत में अक्तूबर 2022 को आंशिक सूर्य ग्रहण दृष्टिगत था। यह एक सूर्यास्त ग्रहण था तथा जैसे-जैसे आप उत्तर दिशा की ओर आगे बढ़े ग्रहण का अंश तथा अवधि अधिक होती गई। इसलिए सार्वजनिक सहभागिता कार्यक्रम को इन मापदंडों हेतु परिरूपित किया जाना था तथा इसे हमारे क्षेत्रीय केन्द्रों पर आईआईए कर्मचारियों के सभी वर्गों की मदद से लागू किया गया था। ग्रहण की घटना लद्दाख तथा जम्मू-कश्मीर में सबसे अच्छा दिखाई देने के कारण स्कोप अनुभाग ने आम जनता तथा संचार माध्यम हेतु आईएओ हनले के साथ-साथ लेह शहर से ग्रहण की घटना का सीधा प्रसारण करने का निर्णय लिया। यह आईएओ कर्मचारी के सहयोग से किया गया था। बेंगलूरु से भी प्रसारण करने की योजना बनाई गई थी जहां ग्रहण की घटना लद्दाख में पूरा होने के बाद शुरू होगा।

सीधा प्रसारण

सीधा प्रसारण तथा संकलित 2 घंटे लंबा सत्र आयोजित किया गया तथा यूट्यूब पर प्रसारित किया गया। जिसमें ग्रहण की घटना के सीधा प्रसारण दर्शाते हुए तत्संबंध में कई आईआईए खगोलविदों ने टिप्पणियां प्रदान कीं तथा सवालों के जवाब भी दिए। यह संकलित



चित्र 7.8: आंशिक सूर्य ग्रहण। बाएं: 18 बहुभाषी विडियो। दाएं: लाइव स्ट्रीम का स्क्रीनशॉट, हनले में छात्र, केएसओ में आगंतुक।

प्रसारण व्यापक रूप से लोकप्रिय थी तथा इसे 2.5 लाख से अधिक बार देख गया था। इसे प्रसारित करने वाले बीबीसी हिंदी चैनल को भी 25 लाख बार देखा गया।

राष्ट्रीय संचार माध्यम तथा ओटीटी को उनके स्वयं के प्रसारण हेतु एक सेवा के रूप में एक संकलन उपलब्ध कराई गई थी। अत: इसे कई दूरदर्शन तथा यूट्यूब समाचार चैनलों द्वारा दिखाया गया। बेंगलूरु के तारामंडल द्वारा उक्त संकलन का उपयोग करके कन्नड़ में एक सीधा प्रसारण कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

बहुभाषी जागरूकता वीडियो

एक छात्र-नेतृत्व वाली पहल जो वायरल हुई वह एक-मिनट के वीडियो का तीन सेट था। इनमें से एक सामान्य विषय पर, दूसरा ग्रहण की घटना पर तथा तीसरा अंधविश्वास पर आधारित था। आईआईए के छात्रों ने वीडियो में व्याख्यान किया तथा उन्हें 9 अलग-अलग भाषाओं में बनाया। इन्हें सामूहिक मीडिया पर पोस्ट किया गया तथा ये छात्रों तथा मीडिया के बीच बहुत लोकप्रिय साबित हुए।

अन्य व्यवस्था

हमने बेंगलूरु, क्रेस्ट तथा होसकोटे में कार्यरत कर्मचारियों हेतु, लेह स्थित विद्यालय के छात्रों तथा हमारे हनले अदीप्त आसमान रक्षित खगोलीय राजदूत हेतु ग्रहण दृष्टिगोचर चश्मा खरीदे। कोडाइकनाल सौर वेधशाला में एक ओपन डे का आयोजन किया गया था जहां उन्होंने जनता के आवागमन के साथ ग्रहण की घटना देखने हेतु आमंत्रित किया। वेणु बप्पू वेधशाला ने जनता को आमंत्रित किया तथा उन्हें ग्रहण दृष्टिगोचर चश्मा भी प्रदान किया। स्कोप अनुभाग ने सामान्य सूचना इश्तिहार, सामूहिक वीडिया आदि भी बनाए।

पूर्ण चंद्र ग्रहण का उत्तरार्ध भारत में नवंबर 8, 2022 को सूर्यास्त के बाद 1-2 घंटे तक दिखाई दिया था। कुछ इश्तिहार बनाए गए जिनमें भारत के विभिन्न हिस्सों हेतु ग्रहण की घटना के समय की जानकारी उपलब्ध थी।

7.1.3 सार्वजनिक प्रदर्शनियां

आईआईए को देश भर में आयोजित 6 विभिन्न प्रदर्शनियों में स्टॉल लगाने हेतु आमंत्रित किया गया था। इनका भारत सरकार द्वारा विभिन्न संगठनों के सहयोग से आयोजन किया गया था। स्कोप ने इन स्टॉलों का आयोजन किया तथा अनुभाग के सदस्य और अन्य आईआईए स्वयंसेवक आयोजित प्रदर्शनियों में संस्थान की गतिविधियों, परियोजनाओं, अनुसंधान तथा अवसरों को व्यक्त करने वाले इश्तिहारों के साथ उपस्थित थे। दूरबीनों के प्रायोगिक प्रतिमानों को बेंगलूरु और मुदबिद्री में आयोजित प्रदर्शनियों में प्रदर्शित किया गया। इनमें हजारों आगंतुक विशेष रूप से छात्र अधिक संख्या में आए। यह आईआईए में बुनियादी खगोल-विज्ञान के साथ-साथ अनुसंधान और अवसरों के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने का एक उत्कृष्ट अवसर था। आयोजित प्रदर्शनियां नीचे सूचीबद्ध हैं।

[1] **बेंगलूरु टेक समिट** *2022*

16-18 नवंबर 2022 को इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी, बीटी और एस एंड टी विभाग, कर्नाटक सरकार द्वारा बेंगलूरु पैलेस में आयोजित किया गया। थीम "टेक4नेक्सजेन" थी।

[2] **राष्ट्रीय अंतरिक्ष विज्ञान प्रदर्शनी**

यह 7-11 दिसंबर 2022 को राष्ट्रीय अंतरिक्ष विज्ञान संगोष्ठी के

चित्र 7.9: विभिन्न प्रदर्शनियों में आईआईए द्वारा स्थापित स्टॉल।

एक हिस्से के रूप में इसरो द्वारा शुरू की गई प्रदर्शनी थी तथा इसका नेतृत्व आईआईएसआर कोलकाता ने किया था।

[3] **आल्वा साइंस जंबोरी**
यह 21-27 दिसंबर 2023 को मुदबिद्री स्थित आल्वा महाविद्यालय द्वारा उनके परिसर में आयोजित प्रदर्शनी स्काउट्स एंड गाइड्स के अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक जंबोरी को एक हिस्सा था।

[4] **26वां राष्ट्रीय युवा महोत्सव**
यह 12-16 जनवरी 2023 को भारत सरकार के युवा मंत्रालय द्वारा कर्नाटक विश्वविद्यालय, धारवाड़ में आयोजित प्रदर्शनी थी।

[5] **भारत अंतर्राट्रीय विज्ञान महोत्सव**
यह 21-24 जनवरी 2023 को मैनिट, भोपाल में अन्य संगठनों के साथ-साथ भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय और पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की एक पहल के रूप में शीर्षक "विज्ञान प्रौद्योगिकी तथा नवाचार के साथ अमृत काल की ओर" पर आयोजित प्रदर्शनी थी।

[6] भारतीय विज्ञान कांग्रेस
यह 3-7 जनवरी 2023 को आरटीएमएनयू नागपुर विश्वविद्यालय में भारतीय विज्ञान कांग्रेस एसोसिएशन, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा शीर्षक "महिला सशक्तिकरण के साथ सतत विकास के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी" पर आयोजित प्रदर्शनी थी।

7.2 संसाधन सामग्री निर्माण

एक शोध संस्थान में आउटरीच कार्यक्रम की शक्तियों में से एक ऐसी संसाधन सामग्री का उत्पादन करने की क्षमता है जो प्रामाणिक और मान्य है जिसका उपयोग देश भर के विज्ञान संचारों द्वारा किया जा सकता है। स्कोप अनुभाग ने सामग्रियों की एक श्रृंखला तैयार की जो मुफ्त डाउनलोड के लिए ऑनलाइन उपलब्ध कराई गई थी। इनमें से कुछ निम्नवत सूचीब्द्ध हैं।

(क) सूचना पोस्टर

विशिष्ट खगोलीय घटनाओं के बारे में मूल जानकारी वाले पोस्टर बनाकर ऑनलाइन द्वारा वितरित किए गए। इनमें से आंशिक सूर्य ग्रहण (25 अक्तूर 2022), पूर्ण चंद्र ग्रहण (8 नवंबर 2022), जेमिनीड्स मेटियर शोवर (मध्य-दिसंबर) आदि शामिल थे।
स्कोप अनुभाग द्वारा आईआईए की सुविधाएं, चालू तथा आगामी दूरबीन की परियोजनाएं, जीवनवृत्ति के अवरों आदि पर व्याख्यात्मक पोस्टर बनाए गए थे। इन्हें सार्वजनिक प्रदर्शनियों, आईआईए के क्षेत्रीय केन्द्रों में आयोजित कार्यशालाओं आदि में



चित्र 7.10: सुविधाओं और परियोजनाओं से संबंधित इश्तिहार।

प्रदर्शित किया गया था। आईआईए के छात्रों द्वारा ओपन डे कार्यक्रम हेतु मूल खगोल विज्ञान विषयों पर 10 इश्तिहारों की एक श्रृंखला बनाई गई थी।

(ख) वीडियो

स्कोप ने आईआईए के छात्र समुदाय के साथ तीन अल्पावधि वीडियों की श्रृंखलाओं का निर्माण किया। उनमें से एक आंशिक सूर्य ग्रहण पर एक बहुभाषी श्रृंखला थी (धारा 7.1.2 देखें)। दूसरी विज्ञान में महिलाओं और लड़कियों के अंतर्राष्ट्रीय दिवस हेतु आईआईए की महिला खगोलविदों की एक और श्रृंखला थी (जेंडर एमिटी सेल के सहयोग में, खंड 11.4 देखें)। तीसरी "टीम एस्ट्रोसैट" हेतु एएसआई जुबिन केम्भावी पुरस्कार से सम्मानित होने के सम्मान समारोह के दौरान पराबैंगनी प्रतिबिंब दूरबीन से जड़े आईआईए के वैज्ञानिकों और अभियंताओं के साक्षात्कार की एक श्रृंखला थी। ये सभी आईआईए के यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध हैं।

(सी) फ्लायर्स और पुस्तिकाएं

आगंतुकों को वितरित किए जा सकने वाले फॉर्म में आईआईए के बारे में जानकारी की उपलब्धता में कमी को पूरा करने हेतु 6 फ्लायर्स और पुस्तिकाओं की एक श्रृंखला परिरूपित कर मुद्रित की

चित्र 7.11: सुविधाओं और परियोजनाओं पर थोक में मुद्रित फ्लायर्स।

गई है। इन्हें प्रदर्शनियों आदि जैसे बाह्य आयोजनों में आगंतुकों के बीच प्रसारित किया गया है और छात्रों के बीच इनकी मांग है। ये एस्ट्रोसैट पर पराबैंगनी प्रतिबिंब दूरबीन, तीस मीटर दूरबीन, आदित्य-एल1 पर आलंबित दृश्य उत्सर्जन रेखा किरीटलेखी, हनले अदीप्त आसमान रक्षित स्थल, स्नातक अध्ययन मंडल पर तैयार की गईं। इसके अलावा आईआईए तथा इसके क्षेत्रीय केन्द्रों पर एक सामान्य फ्लायर पर भी तैयार की गईं। भविष्य हेतु अन्य परियोजनाओं और प्रभागों पर फ्लायर की योजना बनाई गई है।

(ग) विविध

उक्त सामग्री के अलावा, घटनाक्रम कैलेंडर, स्टिकर, पोस्टकार्ड तथा अन्य व्यापारिक वस्तुएं भी बनाई गई हैं।

7.3 सार्वजनिक व्याख्यान

(क) भारतीय भाषाओं में खगोल विज्ञान पर व्याख्यान श्रृंखला (एटीएसआईएल)

इस वर्ष आईआईए-एटीएसआईएल कार्यक्रम के तहत दो व्याख्यान ऑनलाइन के माध्यम में आयोजित किए गए। ये उर्दू में एक व्याख्यान और मलयालम भाषा में एक पैनल चर्चा थी।

25 जून 2022
उर्दू में: वर्ल्ड ऑफ गेलेक्सीस
सैय्यद नजामुल हसन मौलाना आज़ाद
नेशनल उर्दू यूनिवर्सिटी, हैदराबाद

27 अक्तूबर 2022
मलयालम में: एचुकेशन एंड कैरियर पाथ्स इन एस्ट्रोनामी इन इंडिया
ए पैनल डिस्कशन विथ आईआईए स्टूडेंट्स विथ आनंद, आईआईएसटी तिरुवनंतपुरम

(ख) आईआईए स्कोप संगोष्ठी श्रृंखला (आईएसएसएस)

आईएसएसएस का उद्देश्य सार्वजनिक प्रचार पद्धतियों तथा अनूठी गतिविधियों पर व्याख्यान आयोजित करना है। इस श्रृंखला के तहत सीधा प्रसारण के साथ भौतिक रूप में तीन संगोष्ठियां आयोजित की गईं।

8 सितंबर 2022
आईएयू ऑफिस ऑफ एस्ट्रोनामी फॉर एचुकेशन (ओएई) इंडिया सेंटर
अनिकेत सुले
जेआरएफ, इंडियन नेशनल साइंस अकादमी

23 नवंबर 2022
ए स्टडी ऑफ स्टोन इंस्क्रिप्शन फ्यूर एस्ट्रोनामिकली सिग्निफिकंट हिस्टोरिकल डाटा
गीता कैदला गणेशा
होमी भाभा सेंटर फॉर साइंस एचुकेशन
टीआईएफआर, मुम्बई

18 जनवरी 2023
लो-कास्ट आउटरीच: ऐन एसेंशियल रिक्वायरमेंट
समिर धुर्दे
इंटर-यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर एस्ट्रोनामी एंड एस्ट्रोफिजिक्स, पुणे

परिसर	छात्र	सामान्य	कुल
केएसओ	12817	33335	46152
वीबीओ	3453	5409	8862
आईएओ	740	10041	10781
जीआरओ	300	10	310
क्रेस्ट	30	---	30
मुख्यालय	345	---	345

तालिका 7.1: क्षेत्रीय केन्द्रों पर आए आगंतुकों की संख्या।

7.4 संवावदाता सम्मेलन, मीडिया उपस्थिति तथा सामुहिक मीडिया

स्कोप अनुभाग ने संवावदाता सम्मेलन के साथ ही विशिष्ट विज्ञान कहानियों के लिए संकाय सदस्यों और पत्रकारों के बीच व्यक्तिगत बातचीत की भी आयोजित करने में मदद की। दो प्रमुख कार्यक्रम जिनके लिए आयोजित संवाददाता सम्मेलन निम्नवत सूचीबद्ध हैं। इनके आयोजनों हेतु पत्रकारों के आमंत्रण, विवरणिका की तैयारी, प्रेस विज्ञप्ति की व्यवस्था तथा अनुवर्ती कार्रवाई के रूप में मुद्रण एवं दृश्य मीडिया में प्रचार का समन्वय किया गया।

वीईएलसी हस्तांतरण समारोह, 26 जनवरी 2023
40 इंच दूरबीन का स्वर्ण जयंती समारोह, 15-16 दिसंबर 2022

इसके अलावा, जो पत्रकार डीएसटी द्वारा जारी एक समाचार हेतु आईआईए कर्मचारियों का साक्षात्कार लेने में रुचि रखते थे (धारा 9.10 देखें) उन्हें भी अनुभाग द्वारा समन्वित किया गया था।

आईआईए अपनी सामूहिक मीडिया जैसे ट्विटर, फेसबुक,

इंस्टाग्राम और यूट्यूब पर एक मजबूत उपस्थिति बनाए रखता है। यहां अधिकांश पोस्ट या तो आउटरीच गतिविधियों अथवा आईआईए में अनुसंधान के बारे में मीडिया कहानियों से संबंधित हैं। उक्त चार साइटों पर अनुयायियों में वृद्धि तथा व्यावसायिक एवं विचारों के मामले में गतिविधि में वृद्धि जारी है।

7.5 क्षेत्रीय केन्द्रों में गतिविधियां

आईआईए के क्षेत्रीय केन्द्र ज्यादातर सुदूर इलाकों में हैं लेकिन फिर भी साल भर में आयोजित विभिन्न गतिविधियों में अधिक संख्या में आगंतुकों को आकर्षित करते हैं। इन सार्वजनिक दौरों के अलावा, प्रत्येक क्षेत्रीय केन्द्र में अन्य सार्वजनिक विज्ञान प्रचार संबंधी गतिविधियां विशेष रूप से खगोलीय घटनाओं के दौरान भी आयोजित की जाती हैं। इन सभी का प्रबंधन संबंधित परिसरों के कर्मचारियों द्वारा ही किया जाता है।

(क) परिसर का दौरा

आईआईए के सभी क्षेत्रीय केन्द्रों में आयोजित परिसर का दौरा कार्यक्रम एक सार्वजनिक भागीदारी का एक बड़ा हिस्सा है। आगंतुकों के अंतर्गत विद्यालय, महाविद्यालय के छात्रों के साथ-साथ आम जनता भी शामिल है तथा यह भागीदारी की संख्या लगातार बढ़ रही है। उक्त दौरा कार्यक्रम के संबंध में प्रत्येक क्षेत्रीय केन्द्र अपने विकसित स्वयं के कार्यक्रम के अंतर्गत एक दौरा, एक व्याख्यान तथा कुछ प्रदर्शनी शामिल हैं। संख्याएं निम्नवत तालिका में दी गई हैं।

चित्र 7.12: क्षेत्रीय केन्द्रों में आयोजित अन्य आउटरीच तथा शिक्षा गतिविधियां।

(ख) भारतीय खगोलीय वेधशाला, लद्दाख

अक्तूबर 25, 2022 को आंशिक सूर्य ग्रहण हेतु हनले और लेह से दो लाइव स्ट्रीम आयोजित की गईं जैसा कि बड़ी संख्या में आईएओ कर्मचारियों के प्रयासों के कारण धारा 7.1.2 में वर्णित है। एचडीएसआर खगोल विज्ञान राजदूतों के साथ-साथ एचडीएसआर के कुछ विद्यालयों के छात्रों को ग्रहण चश्मे का उपयोग करके ग्रहण देखने हेतु वेधशाला में आमंत्रित किया गया था।

आईआईए के कर्मचारी के सहयोग से आउटरीच उद्देश्यों हेतु आईएओ की दूरबीनों का उपयोग कुछ दीप्ति धूमकेतुओं (जैसे C2/2022 E3 ZTF) की तस्वीरें लेने हेतु किया गया था।

(ग) वेणु बप्पू वेधशाला, कावलूर

सामान्य आगंतुक दौरों के अलावा विद्यालय दौरों हेतु विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं जिनमें वेनु बप्पू दूरबीन के मंच पर व्याख्यान तथा चर्चा शामिल होती है।

(घ) कोडाइकनाल सौर वेधशाला

मार्च 21 को केएसओ में विषुवत दिवस मनाया गया। आस-पास के 5 महाविद्यालयों के लगभग 385 छात्रों के साथ-साथ आम जनता के लगभग 60 सदस्यों को एक भाषण दिया गया जिन्हें परिसर में आमंत्रित किया गया था।

जुलाई 20, 2022 को प्रो. जयंत मूर्ति ने "इंटरनेशनल मून डे" के सुअवसर पर एक संकरित व्याख्यान प्रस्तुत किया जिसमें लगभग 1000 छात्रों ने भाग लिया।

(च) गौरीबिदुनूर रेडियो वेधशाला

कुछ विद्यालयों और महाविद्यालयों के छात्रों ने वेधशाला का दौरा किया तथा आस-पास के विद्यालयों के छात्रों को एनएसडी में भाग लेने हेतु आमंत्रित किया गया।

(छ) क्रेस्ट परिसर, होसकोटे

क्रेस्ट में मूल विज्ञान गतिविधियों के अंतर्गत हनले में हिमालयन चन्द्रा दूरबीन का सुदूर संचालन, एमजीके मेनन प्रयोगशाला जहां अंतरिक्ष पेलोड का एकीकरण तथा परीक्षण किया जाता है और भारत-टीमएटी प्रकाशिकी संविरचन सुविधा, आईटीओएफएफ शामिल हैं। इनमें से उत्तरवर्ती दो जनता हेतु अभिगम नहीं हैं। क्रेस्ट के अधिकांश आगंतुक आसपास के महाविद्यालय के छात्र समूह हैं। उन्हें वीडियो सम्मेलन के माध्यम से 2-एम एचसीटी का दृश्य तथा दूरबीन के दूरस्थ संचालन का प्रदर्शन दिखाया गया है।

आउटरीच उद्देश्यों की पूर्ति हेतु प्रत्येक रूप से 12 इंच का सेलेस्ट्रॉन दूरबीन खरीद कर स्थापित की गई है। क्लैम-शेल गुंबद तथा घाट का परिरूपण तथा निर्माण अभियांत्रिकी प्रभाग द्वारा

आंतरिक रूप से संपादित किया गया था। इसे राष्ट्रीय विज्ञान दिवस, फरवरी 28, 2023 को जनता हेतु समर्पित किया गई थी। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस हेतु क्रेस्ट परिसर में आयोजित गतिविधियों का खंड 7.1.1 में विस्तार से वर्णन किया गया है।

7.6 हनले अदीप्त आसमान रक्षित स्थल

हनले अदीप्त आसमान रक्षित स्थल, पूर्वी लद्दाख में एक विज्ञान-संचालित सतत विकास परियोजना है। हनले, लद्दाख में आईआईए की भारतीय खगोलीय वेधशाला के आसपास का क्षेत्र भारत के सबसे अदीप्त आसमान क्षेत्रों में से एक है। तथापि, हाल ही में आस-पास के गांवों, सेना शिविरों और पर्यटकों की बढ़ती आबादी के कारण प्रकाश प्रदूषण बढ़ रहा है। अतः, आईआईए ने स्थानीय आबादी हेतु अतिरिक्त लाभ के साथ अनुसंधान हेतु आकाश के अंधेरे को संरक्षित करने हेतु दो वर्ष पहले हनले अदीप्त आसमान रक्षित स्थल के गठन का प्रस्ताव रखा था। यह अब एक प्रमुख खगोल-पर्यटन परियोजना के रूप में विकसित हो गया है। केन्द्र शासित प्रदेश लद्दाख के प्रशासन ने इस परियोजना को स्वीकार कर लिया तथा तब से आईआईए के सहयोग से इसमें गहराई से लगा हुआ है।

चूँकि खगोल पर्यटन, आउटरीच और शिक्षा हेतु जनता से जुड़ना हमारी गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य रहा है, इस अध्ययन में चर्चा की गई है। वर्णित कार्य स्कोप अनुभाग के सदस्यों के साथ हनले और लेह में आईएओ के कर्मचारियों द्वारा निष्पादित किया गया है।

आईएओ में आगंतुकों और पर्यटकों का आवागमन होता रहता है जिन्हें दूरबीनों के चारों ओर देखा गया है। इसके अलावा विद्यालयों और शौकिया खगोल विज्ञान समूहों हेतु विशेष पर्यटन की भी सुविधा प्रदान की गई है।

(क) एचडीएसआरः आधिकारिक स्थिति

केन्द्र शासित प्रदेश लद्दाख द्वारा हमारे प्रस्ताव को स्वीकार करने के बाद उन्होंने एचडीएसआर की स्थापना हेतु पर्याप्त धनराशि के साथ-साथ कानूनी और प्रशासनिक सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया। जून 16, 2022 को आईआईए, केन्द्र शासित प्रदेश लद्दाख और लद्दाख पहाड़ी विकास परिषद लेह के बीच एक समौझता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

दिसंबर 1, 2022 को आईएओ हनले के आसपास केन्द्रित लगभग 22 किमी के दायरे के क्षेत्र को यूटी लद्दाख विज्ञापन मंत्रालय द्वारा आधिकारिक राजपत्र में "हनले डार्क आसमान रक्षित स्थल" के रूप में अधिसूचित किया गया था। यह अधिसूचना रक्षित स्थल के अंदर प्रकाश प्रदूषण पर नियमों के साथ-साथ खगोल-पर्यटन को सक्षम करने के लिए कानूनी मंजूरी प्रदान करती है।

'डिक्लरेशन इन डिफेन्स ऑफ दी नाइट स्कै एंड दी राइट टू स्टॉरलॉइट', जिसे लॉ पाल्मा घोषणा के रूप में भी जाना जाता है, पर एचडीएसआर के अंदर स्थानीय समुदाय की ओर से न्योमा, एलएएचडीसी लेह के पक्ष में हस्ताक्षर किए गए थे।

(ख) एचडीएसआर की परिचालन अवधारणा

एचडीएसआर का प्रमुख अंग खगोल पर्यटन है जो विश्व स्तर पर एक उभरता हुआ क्षेत्र है। 24 दूरबीनें खरीदी गई हैं, जिन्हें स्थानीय स्वयंसेवकों को सौंप दिया गया है जिन्हें इन्हें चलाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। एचडीएसआर को अदीप्त आसमान का आनंद लेने हेतु एक पर्यटन स्थल के रूप में विज्ञापित किया जाएगा तथा खगोल-पर्यटन गाइड के रूप में नियुक्ति के साथ-साथ पर्यटन की वृद्धि से सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। प्रकाश प्रदूषण को कम करने हेतु प्रकाश प्रबंधन योजना पर भी सहमति बनी है।

यह भारत और पूरे दक्षिण एशिया में पहला अदीप्त आसमान रक्षित स्थल होगा। एचडीएसआर के अंदर हनले आकाश की अदीप्ति को संरक्षित करने हेतु गांवों में बाहरी रोशनी और गुजरने वाले वाहनों की हेडलाइट्स पर प्रतिबंध होगा।

एस्ट्रो-टूरिज्म विश्व स्तर पर लोकप्रिय हो रहा है तथा एचडीएसआर अपनी सीमाओं के भीतर इस नए उद्यम को बढ़ावा देगा। पर्यटक रात के आसमान का आनंद लेने हेतु हनले का दौरा करेंगे तथा वहां रुकेंगे। उन्हें खगोल विज्ञान और दूरबीन संचालन में प्रशिक्षित स्थानीय ग्रामीणों द्वारा दूरबीन के माध्यम से खगोलीय पिंडें दिखाई जाएंगी। खगोल-पर्यटन की परिणामी वृद्धि क्षेत्र हेतु स्थाई सामाजिक-आर्थिक विकास प्रदान करेगी। इसके अलावा, कम बाह्य रोशनी खगोल विज्ञान अनुसंधान हेतु आसमान को संरक्षित करने में भी मदद करेगी।

(ग) प्रकाश प्रबंधन योजना

खगोल विज्ञान अनुसंधान में निरंतर प्रगति हेतु इन अदीप्त आसमान को संरक्षित करने हेतु प्रकाश प्रबंधन उपकरण जैसे मोटे पर्दे, गर्म प्रकाश बल्ब, लैंप शेड्स आदि आईआईए द्वारा खरीदे गए हैं तथा प्रकाश फैलाव को कम करने हेतु ग्रमीणों को वितरित किए गए हैं। इन उपकरणों को यूटी लद्दाख द्वारा वित्त पोषित किया गया है। स्थापना हेतु रोड डिलाइनेटर भी खरीदे गए हैं तथा एचडीएसआर के भीतर वाहनों पर हाई बीम हेडलाइट्स निषिद्ध होंगी।

(घ) एचडीएसआरः क्षमता निर्माण

हमारी गतिविधियों का एक बड़ा हिस्सा हमारे खगोल विज्ञान राजदूतों को प्रशिक्षित करना और उनका समर्थन करना है। उनमें से पांच गांवों और मठ से 24 सदस्यों को एक चयन प्रक्रिया के



चित्र 7.13: एचडीएसआर की विभिन्न गतिविधियों की तस्वीरें।

माध्यम से चुना गया था तथा अब उन्हें 'एचडीएसआर खगोल विज्ञाना राजदूत' कहा जाता है। उन्हें दूरबीनें दी गई हैं उनका उपयोग करने हेतु प्रशिक्षित किया गया है तथा वे एचडीएसआर हेतु आधिकारिक खगोल-पर्यटन गाइड होंगे।

खगोल विज्ञान राजदूत प्रशिक्षण कार्यशाला

24 राजदूतों हेतु अक्तूबर 3-7, 2022 के दौरान एक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई तथा उन्हें 8 इंच की दूरबीनें दी गईं। उन्होंने व्याख्यानों में भाग लिया जहां स्थितीय खगोल विज्ञान की मूल बातें तथा साथ ही एचडीएसआर के परिचालन सिद्धांत सिखाए गए। उन्हें दूरबीनों का उपयोग करने तथा रात के आसमान में पिंडों की पहचान करने का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला के समापन में वे हमें स्वयं खगोलीय पिंडें प्रेक्षण करने हेतु दूरबीनों का उपयोग करने में सक्षम हुए। प्रमाणपत्र वितरण समारोह में यूटी लद्दाख के अधिकारियों को आमंत्रित किया गया जिन्होंने तब निरंतर समर्थन करने का वादा किया। आईआईए कर्मचारी के अलावा, शौकिया खगोल विज्ञान तथा दूरबीन के विशेषज्ञ श्री अजय तलवार को प्रशिक्षक के रूप में आमंत्रित किया गया था।

प्रशिक्षण कार्यशालाओं के अलावा राजदूतों को विभिन्न खगोलीय घटनाओं (उदाहरण हेतु अक्तूबर 25, 2022 को घटित आंशिक सूर्य ग्रहण) के दौरान वेधशाला में भी आमंत्रित किया गया था तथा विज्ञान के साथ-साथ इन घटनाओं के आउटरीच भागों को भी उन्हें समझाया गया था।

शौकिया खगोल विज्ञान का दौरा

कई शौकिया खगोलविदों ने अपनी दूरबीनों से आसमान को प्रेक्षण करने हेतु हनले का दौरा किया और एचडीएसआर के माध्यम से यह सुविधा प्रदान की गई। बेंगलूरु खगोलीय समूह (बीएएस) ने भी अपने सदस्यों हेतु हनले में एक स्टार पार्टी का आयोजन किया। शौकिया खगोल विज्ञान समूहों को उनकी दूरबीनों के साथ हनले में समय बिताने में सहायता करना एचडीएसआर का एक अभिन्न अंग होगा।

प्रचार गतिविधियां

एचडीएसआर पर एक प्रचार चलचित्र एनसिटेक प्रोडक्शन के साथ शुरू की गई थी और इसे ऑनलाइन रिलीज़ किया गया था। इसने भारत के अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान फिल्म महोत्सव, 2023 में 'सतत विकास के लिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार' की श्रेणी के तहत पहला पुरस्कार जीता। एचडीएसआर पर फ्लायर्स भी बनाए गए और सरकारी अधिकारियों, आगंतुकों और राजदूतों को वितरित किए गए।

7.7 कॉसमॉस मैसूरु आउटरीच

आईआईए कॉसमॉस की परियोजना के तहत मैसूर में दुनिया का पहला वाणिज्यिक एलईडी गुंबद तारामंडल बना रहा है इसे आंकडें विश्लेषण तथा खगोल विज्ञान में छात्रों को प्रशिक्षण देने हेतु एक केन्द्र के रूप में भी काम करने की परिकल्पना की गई है। हालांकि निर्माण-कार्य सितंबर 2023 में शुरू होने वाला है, आउटरीच और शिक्षा कार्यक्रम की शुरूआत माह अप्रैल 2022 में गठित कॉसमॉस शिक्षा और सार्वजनिक आउटरीच समिति द्वारा की गई थी। इन गतिविधियों का समन्वय एक पूर्णकालिक व्यक्ति की नियुक्ति के पश्चात गंभीरता से लिया गया था। तारामंडल चालू होने पर एक संरचित शिक्षा कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। पिछले वर्ष से ऐसे कार्यक्रम की शुरूआत की गई थी जिसमें विद्यालयों और महाविद्यालयों के साथ समन्वय स्थापित करना तथा क्षेत्र में हितधारकों के साथ सहयोग स्थापित करना शामिल है।

(क) सहयोगी और आउटरीच गतिविधियां

हमने मैसूर तथा आस-पास के क्षेत्रों में कई विज्ञान संचार समूहों के साथ सहयोग स्थापित किया है जिनमें निम्नवत शामिल हैं।

भौतिकी विभाग, मैसूर विश्वविद्यालय

हम विभाग में मुख्य रूप से स्नातकोत्तर कार्यक्रम के संकाय और छात्रों के साथ समन्वय करते हैं तथा विभाग में खगोलविदों द्वारा शैक्षिक संबंधी व्याख्यान को सुचारू रूप से आयोजन करने की व्यवस्था हेतु चर्चा करते हैं। छात्रों हेतु खगोल विज्ञान के विभिन्न विषयों पर चार व्याख्यान आयोजित किए गए। इसके अलावा, अन्य महाविद्यालयों के स्नातकोत्तर के छात्रों भी उक्त कार्यक्रमों में भाग लेते हैं।

सीडीएसएस, मैसूर विश्वविद्यालय

विद्यालयों में विज्ञान विकास केन्द्र (सीडीएसएस), यह विश्वविद्यालय के तहत एक परियोजना है जहां एक विज्ञान बस को नियमित रूप से सुदूर क्षेत्रों के ग्रामीण विद्यालयों में ले जाया जाता है तथा इसमें कन्नड़ भाषा में व्याख्यान तथा भौतिकी, जीव विज्ञान एवं रसायन विज्ञान पर प्रदर्शन होते हैं। हमारे कर्मी उनकी सभी यात्राओं में उनके साथ रहे हैं तथा सरल पदर्शनों के साथ-साथ खगोल विज्ञान पर व्याख्यान प्रस्तुत किया है। अब तक इन सुदूर विद्यालयों में लगभग 1000 छात्रों तक इस तरह से संपर्क किया जा चुका है।

मैसूर में विद्यालय और महाविद्यालय

हमारे आउटरीच समन्वयक द्वारा शहर के विद्यालयों और महाविद्यालयों में कई व्याख्यान दिए गए हैं। पिछले वर्ष के दौरान लगभग 5 विद्यालयों और 10 महाविद्यालयों के साथ समन्वय किए गए हैं। इस तरह के व्याख्यान की मांग काफी बढ़ने के कारण उक्त कार्यक्रम तब से जारी है। आईआईए के अंतरिक्ष पेलोड समूह के

चित्र 7.14: कॉसमॉस मैसूरु की विभिन्न आउटरीच गतिविधियों की तस्वीरें।

सदस्यों द्वारा एक्सेल पब्लिक स्मूल में एक बंधे हुए गुब्बारे के प्रक्षेपण का प्रदर्शन आयोजित किया गया था जिसमें विद्यालय द्वारा बनाया गया एक छोटा उपकरण भी था।

कुतुहली परियोजना

कुतुहली, कन्नड़ में विज्ञान संचार को बढ़ावा देने हेतु विज्ञान प्रसार, डीएसटी द्वारा वित्तपोषित एक परियोजना है और इसका नेतृत्व मैसूर में श्री कोल्लेगला शर्मा कर रहे हैं। हम ग्रामीण विद्यालयों का दौरा करने, प्रदर्शन आयोजित करने आदि हेतु कुतुहली के साथ समन्वय कर रहे हैं।

नागरिक विज्ञान कार्यक्रम

हमने दो नागरिक विज्ञान परियोजनओं में भागीदारी की सुविधा प्रदान की है। मैसूर स्थित अंतर्राष्ट्रीय खगोलीय खोज अभियान (आईएएससी) और जीएचओयू-इंडिया के प्रतिनिधि के सहयोग से क्षुद्रग्रह की खोजों हेतु छात्रों को प्रशिक्षण दिलाने हेतु दो कार्यशालाएं आयोजित की गईं। इसमें मैसूरु के अलावा अन्य शहरों के छात्र भी शामिल थे। एक भारतीय-आधारित नागरिक खगोल विज्ञान परियोजना'मिलियन गैलेक्सीज़ प्रोजेक्ट' के पीआई ने विश्विद्यालय के स्नातकोत्तर छात्रों हेतु एक सत्र आयोजित किया।

शौकिया खगोलज्ञ

हम शहर के कुछ बेहद सक्रिय शौकिया खगोलज्ञों के साथ मिलकर शोध कर रहे हैं। छात्रों और आम जनता हेतु दूरबीनों से रात्रि आसमान तथा दिन के समय सूर्य को प्रेक्षित करने के कतिपय सत्र आयोजित किए गए हैं। इसके अलावा उन्होंने मैसूर के कुछ इच्छुक छात्रों को दूरबीन के प्रचालन का प्रशिक्षण दिया।

प्रचार सामग्री, मीडिया कवरेज का निर्माण

अंग्रेजी और कन्नड़ भाषाओं में कई प्रचार सामग्री बनाई गई हैं। इसमें निम्नवत शामिल हैं

- आगंतुक शौकिया खगोलज्ञों द्वारा प्रस्तुत रेडियो साक्षात्कार को विभिन्न सामूहिक मीडिया ऐप्स पर अपलोड किए गए।
- खगोलीय घटनाओं पर अंग्रेजी और कन्नड़ भाषाओं में सूचना इश्तिहार।
- जवाहरलाल नेहरू तारामंडल, बेंगलूरु के साथ कन्नड़ भाषा में अक्तूबर 25, 2022 को घटित आंशिक सूर्य ग्रहण के सीधा प्रसारण की प्रक्रिया में मदद की तथा एक सार्वजनिक दृश्य सत्र का आयोजन किया।
- राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के दौरान अंग्रेजी और कन्नड़ भाषाओं में प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई।
- एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया, आईआईटी रूड़की की 41वीं वार्षिक बैठक में कॉसमॉस आउटरीच पर इश्तिहार प्ररूतुत किया गया।
- मैसूरु में स्थानीय मीडिया में हमारे आउटरीच कार्यक्रमों की व्यापक कवरेज की सुविधा प्रदान की गई जिससे अधिक सार्वजनिक भागीदारी हासिल करने में मदद मिली है। यह परियोजना, सामूहिक मीडिया पर भी सक्रिय है।

(ख) कन्नड़ में ऐतिहासिक खगोल विज्ञान सामग्री

पिछली कुछ शताब्दियों में खगोल विज्ञान तथा संबंधित विज्ञान पर कन्नड़ सामग्री के चयन, मिलान, अंकीकरण और सूचीबद्ध करने हेतु कॉसमॉस के तहत एक अनूठी परियोजना शुरू की गई है। यह संस्कृत के अलावा किसी अन्य भाषा में ऐसा करने के कुछ प्रयासों में से एक होगा। इस उद्देश्य के लिए एक परियोजना सहायक की नियुक्ति की गई तथा मैसूरु में तैनात किया गया जो बेंगलूरु स्थित जवाहरलाल नेहरू तारामंडल के प्रसिद्ध विशेषज्ञ श्रीमती बी.एस. शैलजा के सहयोग में कार्य कर रहा है।

पिछले वर्ष के दौरान, मैसूर में ओरिएंटल रिसर्च इंस्टीट्यूट द्वारा होस्ट किए गए कागज़ और ताड़ के पत्ते की पांडुलिपियों का अध्ययन किया गया था। 'ज्योतिषम' पर पांडुलिपियों को सूचीबद्ध करने वाले खंड में 4000 से अधिक प्रविष्टियों का अवलोकन किया गया तथा 40 पांडुलिपियों को विस्तृत अध्ययन हेतु चुना गया। ये ग्रंथ विभिन्न भाषाओं (पुरानी कन्नड़, संस्कृत, प्राकृत) तथा विभिन्न लिपियों (पुरानी कन्नड़, कुछ प्रकार की नागरी पाली आदि) में लिखे गए हैं। इनमें खगोल विज्ञान सामग्री के प्रामाणिक संस्करण तक पहुंचने हेतु इनका सावधानीपूर्वक विश्लेषण, प्रतिलेखन और अनुवाद करने की आवश्यकता है। इस संबंध में कुछ विशेषज्ञों से मदद पाने हेतु संपर्क किया गया।

इन 40 में से कुछ का अब पूरी तरह से अनुवाद किया जा चुका हे तथा वे आगे के विश्लेषण तथा अन्य के लिए भी काम करने हेतु तैयार हैं। यह माना जाता है कि ओआरआई के अलावा, मैसूरु और आसपास के शहरों में कुछ अन्य अभिलेखगारों में खगोल विज्ञान से

चित्र 7.15: कागज़ और ताड़ के पत्ते की पांडुलिपियां जिन पर कार्य किया जा रहा है।

संबंधित पांडुलिपियां हैं तथा इनकी पहचान भी जारी है।

आईआईए के कई स्टाफ सदस्यों ने आमंत्रण पर विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों में सार्वजनिक भाषा प्रदान किए। इन्हें खंड 9.4 में सूचीबद्ध किया गया है।

7.8 दूत ई–पत्रिका

